www.navpradesh.com
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 27 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 47 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाकर आईएनडीआईए ने सोचा था कि उसकी इस गुगली पर एनडीए क्लीन बोल्ड हो जाएगी। किन्तु मंझे हुए खिलाड़ी की तरह पीएम मोदी ने इस पर सिक्सर जड़ दिया। वे लगातार करारे शॉट लगा रहे हैं और अपनी टीम का स्कोर बढ़ाते जा रहे हैं। अपनी हर चुनावी सभाओं में वे कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालकर वोट जिहाद करने वालों को इसका लाभ देने का आरोप लगा रहे हैं। धर्म के नाम पर आरक्षण की वकालत कर विपक्ष ने आ बैल मुझे मार वाली स्थिति पैदा कर ली है।

पहली बार भारतीय फिल्म को कांस में ग्रैंड प्रिक्स अवार्ड

■ **पायल कपाड़िया की सम्मानित फिल्म है 'ऑल वी इमैजिन इज लाइट'**

मुंबई (ए.)। पायल कपाड़िया के निर्देशन में बनी फिल्म 'ऑल वी इमैजिन इज लाइट' को कांस में ग्रैंड प्रिक्स अवार्ड से नवाजा गया। पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' ने कान्स का दूसरा सबसे बड़ा ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है। फिल्म को कांस की सबसे प्रतिष्ठित कैटेगरी 'पाम डी'ओर' के अंतर्गत प्रीमियर किया गया था, इस कैटेगरी में यह 30 साल बाद सिलेक्ट होने वाली भारतीय फिल्म थी।

इससे पहले 1994 में फिल्म 'स्वाहम' को इस कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। पाम डी ओर कैटेगरी में पायल फिल्म भले ही अवार्ड नहीं हासिल कर सकी लेकिन फिल्म ने कान्स का दूसरा सबसे बड़ा ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है।

कांस में पहली बार भारतीय फिल्म को ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड सम्मान पाने वाली पहली भारतीय निर्देशक पायल कपाड़िया बन गयी हैं। पायल कपाड़िया ने कहा, 'शुक्रिया कांस फिल्म फेस्टिवल हमारी फिल्म को यहां प्रीमियर करने के लिए। प्लीज एक और भारतीय फिल्म के लिए हमें अगले 30 वर्षों तक इंतजार न कराएं।' सिर्फ कान्स ही नहीं, पायल को इस अचीवमेंट के लिए देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। कई सेलिब्रिटिज भी उन्हें बधाई दे रहे हैं।

दो नर्सों के आसपास घूमती है फिल्म

इस फिल्म की मुंबई में रहने वाली केरल की दो नर्स प्रभा और अनु के इर्द-गिर्द बुनी गई है। दोनों एक ही फ्लैट में रहती हैं। जहां प्रभा अपने पति के लौटने का इंतजार कर रही है, वहीं अनु केरल से मुंबई आए एक मुस्लिम लड़के शियाज से प्रेम में पड़ जाती है। दोनों के साथ धोखा खाई एक अधेड़ उम्र की औरत भी है। तीनों इतने बड़े शहर के अंधेरे में अपने-अपने तरीके से रोशनी खोजने की कोशिश कर रही हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाएं कनी कस्तूरी, दिव्य प्रभा, छाया कदम, ह्रधुर हारून आदि ने निभाई है।

पत्रकार रवि प्रकाश को अमेरिका में मिलेगा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

रांची, (वार्ता)। लंग कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर (आईएएसएलसी) ने वरिष्ठ पत्रकार व लंग कैंसर के अंतिम स्टेज के मरीज रवि प्रकाश को इस साल के पेशेंट एडवोकेट एड्युकेशनल अवार्ड के लिए चुना है। उन्हें यह पुरस्कार सितंबर में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन लंग कैंसर (डब्लूसीएलसी) के दौरान 7 सितंबर को दिया जाएगा।

10 हजार फर्जी सिम आपूर्ति करने वाली महिला गिरफ्तार

भरतपुर, (वार्ता)। राजस्थान में भरतपुर एवं डीग जिलों में बढ़ते साइवर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मेवात क्षेत्र में शुरू किए गए ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय हाथ लगी जब उसने साइबर ठगों को करीब 10 हजार फर्जी मोबाइल सिम सप्लाई करने की आरोपी महिला को धरदबोचा।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर घरों की छत पर चढ़कर फरार हो जाने बाली मेवात में सिम सरगना के नाम से मशहूर मीना मेव पर दो दिन पहले ही डीग पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

कोलकाता हवाई अड्डे की 21 घंटे सेवाएं रहेंगी बंद

कोलकाता, (वार्ता)। चक्रवाती तूफान 'रेमल' (रे-मल के रूप में उच्चारित) के मद्देनजर तटीय पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों, भारतीय रेलवे और नौका अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से या तो परिवहन सेवाएं रद्द कर दीं या निलंबित कर दीं। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कोलकाता हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक्स पर कहा, कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र पर चक्रवात रेमल के प्रभाव को देखते हुए तेज हवा चलने और भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए 26 मई को अपराह्न 12 बजे से 27 मई को सुबह नौ बजे तक उड़ान संचालन को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।

आयुष उपचारों को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की मुख्यधारा में जोड़ेंगे

नई दिल्ली, (वार्ता)। केंद्रीय आयुष मंत्रालय सोमवार को सामान्य बीमा कंपनियों और आयुष अस्पतालों का एक सेमिनार आयोजित करेगा, जिसमें रोगियों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया जायेगा। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि आयुष चिकित्सा में स्वास्थ्य बीमा के लिए समझ और सहयोग को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों, आयुष अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को सस्ती आयुष स्वास्थ्य देखरेख प्रदान करने के लिए इस विचार विमर्श का आयोजन किया है।

बारूद फैक्ट्री हादसा : प्रशासन की उम्मीदें टूटी 8 लापता मजदूरों के अवशेष तक नहीं मिले

■ **गैस रिसाव की वजह से नहीं हुआ ब्लास्ट, कलेक्टर ने ऐसी अटकलों को बताया निराधार**

रायपुर/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के पिरदा में विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट के बाद मजदूरों की मौत का आंकड़ा कुल 17 हो गया है। लापता श्रमिकों की खोज में जुटी टीम और प्रशासन ने खासी मशक्कत के बाद हार मान लिया है। शवों की तलाश में क्रांकीट का मलबा हटाने की कोशिश खत्म हो गई है और मलबे में भी लापता मजदूरों के शरीर का हिस्सा मिलना मुश्किल है। इसलिए एक तरह से लापता लोगों को भी मृत माना जा रहा है।

मृतकों में इनका नाम

आमरन यादव, पूनाराम, नारद, पोषु गंधर्व, सेवकराम, छोटू गंधर्व, राजू ध्रुव, लोकनाथ यादव, पुष्पराज देवदास, भीषम साहू, शंकर यादव, नरहर यादव, विजय गंधर्व, रामकिशन ध्रुव शामिल।

कोयला और पत्थर खदानों में होता है इसका उपयोग

फॉरेंसिक विभाग के जॉइंट डायरेक्टर टीएल चंद्रा के मुताबिक फैक्ट्री हादसे में जो हादसा हुआ वो खतरनाक विस्फोटकों की श्रेणी में आता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कलेक्टर रणबीर बोले...

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि मलबा हटाने का काम जारी है। शाम तक स्थिति क्लीयर होने की उम्मीद है। उन्होंने गैस रिसाव की चर्चाओं को खारिज किया और कहा ऐसा कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हादसा स्थल के हालात

- ट्रैक्टर में राशन लेकर पहुंचे ग्रामीण, फैक्ट्री के सामने ही रसोई बनाई।
- प्रतिनिधिमंडल ने की 50 लाख मुआवजे की मांग।
- फैक्ट्री के बाहर रोते-बिलखते परिजन 30 घंटे बाद भी बैठे हुए हैं।
- जहां मलबा हटाने का काम जारी, वहां टैंकर में विस्फोटक बनाने का केमिकल भरा है।
- छत्तीसगढ़ की एसडीआरएफ की टीम भी लगातार काम जुटी हुई है।
- ओडिशा से भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है।
- मलबा हटाने के दौरान दिख रहे शरीर के अवशेष।
- फैक्ट्री मालिक संजय चौधरी के मुर्दाबाद नारे के पोस्टर लगाए।
- धरने पर बैठी है मृतकों के परिजनों संग गांव की महिलाएं।
- ग्रामीण बोले- विधायक दीपेश साहू ने अब तक कुछ नहीं किया।
- पुलिस प्रशासन ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिशु देखभाल अस्पताल में आधी रात भीषण आग, छह नवजातों की मौत

■ **रात करीब 11.32 बजे बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक अस्पताल में आग लगने से कम से कम छह नवजात शिशुओं की मौत हो गयी। दमकल विभाग को शनिवार रात करीब 11.32 में बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने यूनीवार्ता को बताया, 'कल रात अस्पताल में आग लगने की घटना के बारे में जानकारी दी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने सहायता राशि की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली अग्निकांड में छह शिशुओं की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए रविवार को पीड़ितों के परिजनों को सहायता राशि देने की घोषणा की। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव को जांच करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लापरवाही के लिए जिम्मेदारों को बख्शेंगे नहीं : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बच्चों के अस्पताल में आग की घटना को हृदयविदारक करार देते हुए कहा कि इस लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा। केजरीवाल ने आज कहा बच्चों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरक्षण छीनने वालों के सामने मोदी खड़ा है

मिर्जापुर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विंध्य भूमि में इंडी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह लोग आरक्षण समाप्त कर मुस्लमानों को देना चाहते हैं लेकिन एससी,एसटी और पिछडों का आरक्षण छीनने वालों के सामने मोदी खड़ा है।

यहां एनडीए की अपनादल प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल एवं सोनभद्र से इसी दल की रिंकी कोल के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरक्षण के मुद्दे पर इंडी गठबंधन के प्रमुख दलों समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर मुस्लमानों को देना चाहते हैं।

गारंटी है धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं

यह मोदी की गारंटी है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। इन लोगों के निशाने पर संविधान भी है लेकिन इनके सामने मोदी खड़ा है। सपा ने 2012और2014 में अपने घोषणा पत्र में बाकायदा घोषणा की थी कि दलितों, पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण की तरह मुसलमान को दिया जाएगा। पुलिस और पीएसी में 15प्रतिशत रिजर्वेशन दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री के शर्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आधी आबादी को देंगे पूरा हक : खड़गे

■ **कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट में कहा कि नारी न्याय लिखेगा महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय**

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला सशक्तीकरण को पार्टी की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को पूरा सम्मान देने के साथ ही आधी आबादी को उनका पूरा हक दिया जाएगा। अध्यक्ष खड़गे ने ट्वीट कर कहा नारी न्याय लिखेगा महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय। कांग्रेस ने महिलाओं के खिलाफभेदभाव को दूर करने, उनके अधिकारों को बनाए रखने और उन्हें मज़बूत बनाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ का कर्ज किया माफ : राहुल

शिमला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मात्र 22 लोगों को करोड़पति बनाने के लिए काम कर रहे हैं और पिछले दस वर्षों में उनका 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के 'बस्तर बंद' का आंशिक असर, टावर फूंके

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के एक दिन के बंद का रविवार को आंशिक असर रहा। इस दौरान नक्सलियों ने दो मोबाइल टॉवरों को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने बीजापुर के मोदकपाल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांदुलनार के आदेड में लगे दो टॉवर में आग लगाकर जमकर उत्पात मचाया। टावर में आग लगाने के बाद वहां रखे जेनरेटर को भी जला दिया गया। इसकी पुष्टि मोदकपाल थाना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनमानस के हौसले से खुशीः कलेक्टर- कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के जनमानस के सहयोग और हौसले के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। कहा किसी भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में तेंदू पत्ते की तस्करी

■ **आंध्रप्रदेश और तेलंगाना भेजने की तैयारी कर रहे 3 आरोपियों पर 40 हजार का जुर्माना**

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में फारेस्ट प्रोडक्ट वन्यजीवों की आंध्रप्रदेश और तेलंगाना तस्करी का मामला सामने आया है। सुकमा जिले के दोरनापाल थाना अंतर्गत ग्राम पेदाकुर्ती में तेंदुपत्ता का अवैध फड़ संचालित होने की जानकारी मिलने पर सीसीएफ आरसी दुग्गा ने स्थल में पहुंच कर जांच की गई और तेंदू पत्ता जप्त किया गया है।

जांच में पता चला है कि, ग्रामीण ने पेदाकुर्ती गांव में अवैध फड़ शुरू किया था। जहां से लगभग 24500 मानक बोरा तेंदुपत्ता मिला है। विभाग ने वन अधिनियम के तहत तेंदूपत्ता को जप्त किया और आरोपी कोंटा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चक्रवात 'रेमल' बंगाल तट से टकराएगा तेज हवाओं के साथ होगी भारी बारिश

नई दिल्ली, (वार्ता)। उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान 'रेमल' के और तीव्र होने की आशंका है और यह रविवार की आधी रात तक 110-120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के तटों को पार कर जाएगा।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज उक्त अनुमान जाहिर किया। विभाग ने कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल पिछले छह घंटों के दौरान 13 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग उत्तर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नौसेना की तैयारी, टीम तैयार

नौसेना ने रेमल चक्रवात के मद्देनजर विश्वसनीय मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) प्रतिक्रिया शुरू करने के लिए मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गरमा-गरम

अनदेखी.. योजना में जनपद पंचायत मैनपुर ने पंचायतों में दो साल पहले किए करोड़ों रुपए खर्च, फिर भी अधूरा

स्वच्छ भारत मिशन को चिढ़ाता ताले में बंद सामुदायिक शौचालय

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन का गांवों में स्थिति बेहद खराब है। करोड़ों की राशि खर्च करने के बाद भी लोगों को खुले में शौच जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। यहां केन्द्र की योजना धरातल पर कहीं दिखाई नहीं देती। ऐसे में मामले पर जिम्मेदारों से सवाल करो तो जवाब गोलमोल मिलता है।

केन्द्र की स्वच्छ भारत मिशन योजना में राज्य सरकार ने ग्रामों को स्वच्छ बनाने के साथ सफाई बनाए रखने के लिए जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में भारी भरकम राशि खर्च की है। सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है, पर 2 से 3 साल बाद भी इस अति आवश्यक सुविधा का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन योजना को आधे-अधूरे सामुदायिक शौचालय चिढ़ा रहे हैं। इससे गांवों में गंदगी फैलने लगी है। स्थिति एक दशक पुरानी जैसी हो गई है। गांवों के मार्गों से गुजरने से पहले नाक-मुंह बंद करना पड़ रहा है।

बाहर से चकाचक, अंदर सीट है न दीवारों पर प्लास्टर

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश शौचालयों को बाहर से रंग-रोगन कर चकाचक कर दिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मार्च 2021 में 3 करोड़ 30 लाख जारी

जानकारी अनुसार विकासखंड मैनपुर क्षेत्र को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए मार्च 2021 में लगभग 3 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि जारी की गई थी। 58 पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जाना है, प्रति शौचालय की लागत 3 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। निर्माण 3 महीने में पूर्ण करना था लेकिन 3 वर्ष बाद भी अधर में है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के आधे से ज्यादा पंचायतों में शौचालय अधूरा है, पर बाहर से चकाचक दिख रहा है। उसके बाद दूसरी और तीसरी बार भी शौचालय निर्माण के लिए बड़ी राशि जारी की गई, लेकिन कुछ पंचायतो को छोड़ सभी जगह शौचालयों में कोई न कोई खामियां है।

निर्माण कार्य पूरा करने कई बार दिए निर्देशः समन्वयक

स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत मैनपुर के विकासखंड समन्वयक कमलेश ध्रुव ने मामले में बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 58 ग्राम पंचायतों को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रति ग्राम पंचायत 3 लाख 50 हजार रुपए मार्च 2021 में जारी किया गया था। कार्य 3 माह के भीतर पूरा करना था। उन्होंने ने बताया अभी कई शौचालय का निर्माण अधूरे पड़े हुए हैं। दूसरी और तीसरी बार भी कई पंचायतो को निर्माण के लिए राशि जारी की गई है। कई बार जनपद स्तर की बैठक में संबंधित ग्राम पंचायतों को शौचालय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया जा चुका है।

1 जून को चुनावी रण का अंतिम पड़ाव, 7वें चरण में पीएम मोदी सहित कई बड़े दिग्गज मैदान में

नई दिल्ली। शनिवार को छठे चरण के मतदान के साथ लोकसभा चुनाव 2024 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ गया है. लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण में एक जून, शनिवार को वोट डाले जाएंगे. इस चरण में 8 राज्यों की शेष 57 सीटों के लिए मतदान होगा।

अंतिम चरण में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं. इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गोरखपुर से भोजपुरी स्टार रवि किशन, हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत, कांग्रेस से विक्रामादित्य सिंह, हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और बिहार की पटना साहिब से बीजेपी के रविशंकर प्रसाद सहित तमाम दलों को कई दिग्गज मैदान में हैं।

लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण में बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की शेष सीटों पर चुनाव होगा. 8 राज्यों की 57 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग को कुल 2105 नामांकन पत्र प्राप्त हुए. जांच और नाम वापस लेने के बाद अब 904 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं.

पंजाब की जिन 13 सीटों पर आखिरी चरण में वोट डाले जाएंगे उनमें गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर और पटियाला शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को उत्तर प्रदेश में भी 13 सीटों पर मतदान होगा. इनमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रोबर्ट्सगंज लोकसभा सीट शामिल हैं।

इन सीटों पर होगा मतदान

लोकसभा चुनाव के 7वें चरण में बिहार में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीट के लिए वोट डाले जाएंगे. झारखंड की राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे. 1 जून, शनिवार को 7वें चरण में हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीट कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला लोकसभा सीट पर 1 जून को वोट डाले जाएंगे। ओडिशा की मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर पर भी एक जून को ही मतदान होगा।

सबसे अधिक प्रत्याशी पंजाब में

8 राज्यों में अगर यह देखा जाए कि सबसे अधिक उम्मीदवार कहां है तो पता चलेगा कि पंजाब की 13 सीटों के लिए 328 उम्मीदवार अपना दावा ठोंक रहे हैं. उत्तर प्रदेश की शेष 13 सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में हैं. बिहार की 8 सीटों पर 134 उम्मीदवार, ओडिशा की 6 सीटों पर 66, झारखंड की तीन सीटों के लिए 52, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों के लिए 37, पश्चिम बंगाल की 9 सीटों के लिए 124 और चंडीगढ़ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

ललटेनिया...रोशनी और अंधेरा ही अंधेरा...

- **बिहार के लोगों को क्या मैसेज दे गए पीएम मोदी, राम कृपाल का नाम लेकर किस पर तंज!**

पटना। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9वीं बार बिहार दौरे पर पहुंचे. इसके पहले वे अपने आठ दौरों में 13 सभाओं को संबोधित करने के साथ ही पटना में एक रोड शो भी कर चुके हैं. शनिवार के दौरे में सबसे पहले पीएम मोदी पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद रामकृपाल यादव के लिए एक विशाल जनसभा को संबोधित किया. यहां उन्होंने सबसे पहले भाजपा के दिवंगत नेता कैलाशपति मिश्र को याद करते हुए उन्हें नम किया और कहा कि यह भूमि दिवंगत कैलाशपति मिश्र की विरासत है. उनकी तपस्या हर बीजेपी कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है. बीजेपी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम आज पूरा देश देख रहा है. पीएम मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की. इसके बाद तो जैसे वह फॉर्म में आ गए और इंडी अलायंस पर लगातार हमला बोलते रहे. लेकिन, अपने संबोधन में जिस तरह से उन्होंने लालू परिवार पर हमला किया शायद हाल के दिनों में उन्होंने इतना करारा प्रहार नहीं किया था।

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को कोई काम नहीं है. वे जेल में भी रहते हैं और बाहर भी रहते हैं. दिन-रात मोदी को गालियां देते हैं. बिहार में लालू यादव-राबड़ी देवी के शासन काल और वर्तमान में लालू यादव की पार्टी राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन के बहाने करारा कटाक्ष किया. उन्होंने कहा, एलईडी बल्ब का जमाना चल रहा है और ये बिहार में ललटेनिया लेकर घूम रहे हैं. यह ऐसा लालटेन है जो सिर्फएक ही घर में रोशनी करता है. 30 साल में इसने एक ही घर में रोशनी की और चारों तरफ अंधेरा किया. लालटेनियों ने बिहार में अंधेरा ही फैलाया है. दूसरे के बेटे-बेटियों को पूछते तक नहीं है. इंडी गठबंधन वालों का सूत्र है- अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता।

रामकृपाल यादव का नाम लेकर इन पर तंज

पीएम मोदी ने कहा कि ये इंडी गठबंधन के लोग घोर सांप्रदायिक हैं. घोर जातिवादी हैं. घोर परिवारवादी हैं. ये सबसे पहले अपने परिवार का ही सोचते हैं, बाकी सबको पीछे रखते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को पटरी पर ले आई. आने वाले पांच साल में हमें और भी विकास कार्य करने हैं. आने वाले पांच साल भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के स्वर्णिम साल होने वाले हैं. उन्होंने तभी रामकृपाल यादव की ओर संकेत करते हुए कहा कि कुछ लोगों (इंडिया अलायंस के नेता) को राम से घोर विरोध है।

मनेर के लड्डू के स्वाद और ताकत का जिक्र

मंच पर पहुंचते ही पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता को प्रणाम किया. उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की. पीएम मोदी ने कहा कि आपका उत्साह देखकर लग रहा है कि आप सब लोग मनेर के लड्डू खाकर आए हैं. मनेर का लड्डू मशहूर तो है लेकिन लग रहा है कि मनेर के लड्डू की ताकत बड़ी है. आप लोग चार जून के लिए मनेर के लड्डू तैयार रखिए. चुनाव के नतीजों का एग्जिट पोल चालू हो गया है. इंडी गठबंधन वाले सोते-जागते एनडीए को गाली दे रहे हैं. इसका मतलब है एनडीए की सफलता का एग्जिट पोल आ चुका है. चार जून को पाटलिपुत्र नया रिकॉर्ड बनेगा. देश में भी रिकॉर्ड बनेगा।

वोट देने के लिए शख्स ने तय की लगभग 4 हजार किलोमीटर की दूरी

- **बोला- हम दुनिया में कहीं भी रहें...**

संबलपुर। दुबई से एक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) शनिवार को ओडिशा में एक साथ हुए लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए करीब 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर राज्य में आया. पूर्व सांसद और ओडिशा के मंत्री श्रीबल्लव पाणिग्रही के बेटे प्रियदर्शी पाणिग्रही]2008 से ही संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में रह रहे हैं. उन्होंने अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के वास्ते अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दुबई से उड़ान से कोलकाता, वहां से ट्रेन से झारसुगुड़ा और फिर वहां से सड़कमार्ग से संबलपुर तक 20 घंटे की यात्रा की।

उन्होंने कहा कि 'मेरा संबलपुर से विशेष संबंध है. मैं यहां बड़ा हुआ, मेरे दिवंगत पिता ने ओडिशा विधानसभा में दो बार 1971 एवं 1974 में संबलपुर का प्रतिनिधित्व किया. इसलिए यहां आना और मतदान करना मेरी मातृभूमि एवं मेरे पिता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का मेरा तरीका भी है.' प्रियदर्शी पाणिग्रही ने कहा कि 'मैं मतदान को अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में भी देखता हूं. मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर मत का महत्व है. चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना हमारा दायित्व है, भले ही हम दुनिया में कहीं भी रहते हों.' उनकी ओडिशा में बस एक दिन बिताकर रविवार को दुबई लौट जाने की योजना है. अनिवासी भारतीय ने कहा कि 'मेरे सफर ने व्यापक रूप से उस ओर ध्यान आकृष्ट किया है, जो भारतीय लोकतंत्र की वैश्विक पहुंच एवं उसकी नागरिकों की साहसिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, भले ही वे कहीं भी रहते हों. यदि मेरी यात्रा से एक भी और व्यक्ति मतदान करने के लिए प्रोत्साहित हुआ हो तो यह अर्थपूर्ण होगा।

उनके पिता श्रीबल्लव पाणिग्रही 32 साल की उम्र में 1973 में नंदनी सत्पति सरकार में भारत के सबसे कम उम्र के कैबिनेट मंत्री थे।

लोकसभा चुनावी वॉच

कहीं रोड, कहीं पुल की मांग को लेकर नाराजगी, मतदान का बहिष्कार

जौनपुर/सिद्धार्थ नगर/आजमगढ़। लोक सभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर मतदाताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया है. वे मतदान में शामिल नहीं हो रहे हैं. कुछ बूथों पर सन्नाटा बना हुआ है जबकि वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है. प्रशासनिक अफसरों ने वोटर्स को मत के अधिकार का महत्व समझाया है और उनसे वोट करने की अपील की है. दरअसल ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और नेता उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. जौनपुर के मछली शहर लोकसभा क्षेत्र के नायकपुर में मतदान के बहिष्?कार की खबर है. यहां बूथ संख्या 178 पर मतदाताओं के नहीं पहुंचने से खलबली मच गई है. दरअसल ग्रामीण सड़क की मांग लंबे समय से कर रहे हैं, लेकिन उस पर अब तक काम शुरू नहीं हुआ है. लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए यह फैसला किया है कि वे मतदान में हिस्?सा नहीं लेंगे. इधर, चुनाव में लगे अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की है, लेकिन इसके बावजूद वे मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे हैं।

ग्राम जाल्हेखोर में वोट बहिष्कार का असर

वहीं, सिद्धार्थ नगर लोकसभा डुमरियागंज में बांसी विधानसभा के ग्राम जाल्हेखोर में वोट बहिष्कार का असर देखा गया. यहां दोपहर तक बूथ पर एक भी मत नहीं पड़ा. इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम और पुलिस प्रशासन के अफसर पहुंचे. उन्?होंने स्?थानीय लोगों से बातचीत की और मतदान करने की अपील की है. बांसी विधानसभा के जाल्हेखोर गांव के लोगों का कहना है कि हम अपने फैसले पर बने हुए हैं.

न सड़क सुधरी और ना ही फसलों का मुआवजा मिला

सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज के पोखरा काजी और बांसी विधानसभा क्षेत्र के जल्हे खोर और कपिलवस्तु शोहरतगढ़ के धकेहरी गांव के लोग मतदान का बहिष्कार कर प्रशासन के खिलाफनारे लगा रहे हैं. दोनों ही जगह के ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव की सड़क खस्ता हाल है और उनको कोई पूछने वाला नही है. साथ ही साथ बीते दिनों आग लगने से उनकी फसलें बर्बाद हो गई थीं. उसका अब तक मुआवजा नहीं मिला है. इन्हीं मांगों को लेकर वह मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं. हालांकि प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी दोनों ही जगह पर मानमनौव्वल में लगे हैं लेकिन अब तक उन्हें कोई भी कामयाबी नहीं मिल सकी है।

बलिया से बीजेपी लगा पाएगी जीत की हैट्रिक या सपा-बसपा का ब्राह्मण-यादव फैक्टर बनेगा रोड़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की बलिया लोकसभा सीट पर 7वें और अंतिम चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे. बलिया लोकसभा सीट समाजवादी नेता और भारत पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन रही है. पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर इस सीट से 8 बार चुनाव जीते थे. लगातार 6 बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह सीट समाजवादी पार्टी के टिकट पर चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर के पास आ गई।

लंबे समय से बलिया में जीत का बाट जोह रही बीजेपी को आखिरकार 2014 में यहां से विजयश्री का आशीर्वाद मिला. मौजूदा समय में बीजेपी के वीरेंद्र सिंह मस्त यहां से सांसद हैं. बीजेपी यहां से जीत की हैट्रिक लगाने की भरपूर कोशिश कर रही है तो समाजवादी पार्टी अपनी खोई हुई सीट को पाने के लिए ऐड़ी-चोटी के जोर लगा रही है। बीजेपी ने इस बार बलिया से नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है. समाजवादी पार्टी से सनातन पांडेय मैदान में हैं. बीएसपी से लल्लन सिंह यादव सहित यहां कुल 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं. सनातन पांडेय साइकिल पर सवार होकर लगातार दूसरी बार अपने राजनीतिक भाग्य का फैसला करने के लिए चुनावी रण में आए हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के वीरेंद्र सिंह मस्त ने सपा के सनातन पांडेय को 15,519 वोटों से हराया था।

सपा छोड़कर बीजेपी में आए नीरज शेखर

बलिया पर लंबे समय तक समाजवादी नेता चंद्रशेखर का कब्जा था. उनके निधन के बाद 2007 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे नीरज शेखर यहां से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत हासिल की. 2009 के चुनाव में भी नीरज शेखर सांसद चुने गए. लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर टिक नहीं पाए और भरत सिंह मस्त के आगे पस्त हो गए. लोकसभा चुनाव हारने के बाद समाजवादी पार्टी ने नीरज शेखर को राज्यसभा भेज दिया।

ब्राह्मण और यादव वोटरों में सेंध

समाजवादी पार्टी ने बलिया से सनातन पांडेय को टिकट देकर ब्राह्मण वोटरों में सेंध लगाने का प्रयास किया है. उधर, बीएसपी ने लल्लन यादव को टिकट देकर सपा के परंपरागत यादव वोटरों को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है. बलिया सीट पर सबसे अधिक करीब 3 लाख ब्राह्मण वोटर हैं. इसके बाद 2.5-2.5 लाख यादव, राजपूत और दलित आते हैं. मुस्लिम वोटर भी लगभग एक लाख हैं।

बदल गया है कश्मीर, घाटी के पाकिस्तान समर्थकों ने भी बढ़चढ़ कर किया मतदान: शाह

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद कश्मीर घाटी की स्थिति में काफी सुधार हुआ है. इसका सबूत लोकसभा चुनाव 2024 है. इस बार कश्मीर घाटी की कई सीटों पर मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया. इस चुनाव में कई सीटों पर बीते तीन दशक का रिकॉर्ड टूट गया है. श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 फीसदी वोट पड़े, जबकि 2019 में यहां केवल 14.43 फीसदी वोट पड़े थे. बारामुला में भी 58.17 फीसदी वोट पड़े, जबकि 2019 में केवल 34.57 फीसदी वोट पड़े थे. ये आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि घाटी की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है.

इन्हीं सुधारों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू एवं कश्मीर में सफल मतदान से मोदी सरकार की कश्मीर नीति सही साबित हुई है. इस चुनाव में अलगाववादियों ने भी 'भारी मतदान' किया है. इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वहां 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होंगे।

शाह ने शनिवार को'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एक बार चुनाव समाप्त हो जाने के बाद सरकार इस केंद्र शासित प्रदेश का राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया शुरू करेगी. उन्होंने कहा, ''मैंने संसद में कहा है कि हम विधानसभा चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करेंगे.'' उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के सर्वेक्षण की बात हो या विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन का काम, सब कुछ योजना के अनुसार हो रहा है।

बठिंडा सीट पर कांटे की टक्कर, चौथी बार चुनाव लड़ रहीं हरसिमरत कौर

बठिंडा। तीन बार की सांसद और अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल बठिंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार चुनाव मैदान में हैं और वह अपनी उपलब्धियों के तौर पर क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना और अन्य परियोजनाओं का जिक्र कर रही हैं. हरसिमरत अपने दिवंगत ससुर और पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल का जिक्र करते हुए मतदाताओं को याद दिला रही हैं कि वह उनकी परेशानियों का समाधान करने के लिए उनके बीच रहते थे। बठिंडा संसदीय क्षेत्र में अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है. इस निर्वाचन क्षेत्र को शिरोमणि अकाली दल का गढ़ माना जाता है और पार्टी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत 2009 से इस सीट पर जीत हासिल कर रही हैं. इस बार भी वे बठिंडा सीट को बरकरार रखना चाहती हैं. अकाली दल की सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी इस बार बठिंडा संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार उतारा है। हरसिमरत का मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार और राज्य के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, भाजपा उम्मीदवार और पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू, कांग्रेस उम्मीदवार जीत मोहिंदर सिद्धू और शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के उम्मीदवार लाखा सिधाना से है.

अपने निर्वाचन क्षेत्र के संगत मंडी में अपने हालिया चुनाव अभियान के दौरान हरसिमरत ने पूर्ववर्ती शिरोमणि अकाली दल (शिअद) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बात की. उन्होंने कांग्रेस और आप पर विकास कार्य नहीं कराने को लेकर निशाना साधा. उन्होंने लोगों से कहा कि वे काम के आधार पर वोट दें और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के 'झूठे वादों' से प्रभावित न हों.

अपने निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाएं लाने पर हरसिमरत ने कहा, 'जब आपने (लोगों ने) मुझे पहली बार सांसद बनाया तो एक बड़ा 'कारखाना' (बठिंडा रिफाइनरी) आया. आपने मुझे दूसरी बार मौका दिया तो बठिंडा में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय बना. जब आपने मुझे तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया तो पंजाब का सबसे बड़ा अस्पताल एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) यहां लाया गया।

2009 में लड़ा था पहला चुनाव

हरसिमरत (57) ने 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था. तब उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के बेटे रनिंदर सिंह को 1.20 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था. लोकसभा चुनाव 2014 में उन्होंने अपने पति के चचेरे भाई मनप्रीत सिंह बादल को 19,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया था. लोकसभा चुनाव 2019 में हरसिमरत ने कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग को 21,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया।

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

बारूद फैक्ट्री का अपराधी कौन...

घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। फैक्ट्री मालिक संजय चौधरी और प्रबंधक की गिरफ़्तारी तो दूर उनको आरोपी

बनाने तक के लिए कलेक्टर-एसपी शायद मुहूर्त की इंतज़ार में है। अपनों की तलाश में रोते-बिलखते और आक्रोशित परिजन फैक्ट्री गेट में रोक दिए गए। जबकि बंद की गई फैक्ट्री के दुबारा शुरू किये जाने के पीछे जिनका हाथ था वो भी नदारद हैं। क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू घटना के घंटों बाद पहुंचे और अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर चलते बने। नाराज ग्रामीणों ने जब रोककर पूछा कि हमारे साथ क्यों नहीं बैठते?...तो माहौल समझते ही वो भी पुलिस सुरक्षा में दिखाई देने लगे और फैक्ट्री के अंदर घुस गए। फैक्ट्री के जिम्मेदार कहाँ और किसकी हिफाज़त में दुबककर बैठे कोई नहीं जानता। सत्तापक्ष ने केडिया डिस्टलरी बस हादसे की तर्ज पर ही मुआवजे की घोषणा की है और विपक्ष फ़िलहाल खामोश है।

लापता मजदूरों से भी बेखबर...

फैक्ट्री में चूक, खतरा अब भी बरक़रार होने के बाद ऐसे कई सवाल हैं जिनसे कलेक्टर, पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफतक बेखबर है। हादसों की कोई पुख्ता वजह

तो दूर लापता मजदूरों को लेकर प्रशासन के पास कोई जानकारी नहीं है। नाम और बॉडी नहीं मिली है बस 7 मजदूरों के लापता होने की पुष्टि की गई है। हादसे को 30 घंटे से ज्यादा बीत गए और मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बताते हैं शनिवार सुबह साढ़े 7 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट की जगह 15-20 फीट का गड्ढा हो गया। मलबा हटाने के दौरान दिख रहे शरीर के अवशेष। टीएनटी, पीएटीएन जैसे खतरनाक विस्फोटक सामग्रियों का जखीरा अमोनियम नाइट्रेट के साथ अब भी लापरवाही से घटना स्थल पर बिखरा हुआ है। फिर भी ग्रामीणों को घटना स्थल में आने-जाने से कोई रोक नहीं पाया। मलबों में दबी और चीथड़े में तब्दील मजदूरों के अवशेष भी नहीं खोजे गए हैं।

मौत की कीमत सिर्फ 5 लाख

उत्तर प्रदेश के किसानों को 50-60 लाख रूपये देने वाला छत्तीसगढ़ राज्य अपने लोगों की मौत की कीमत सिर्फ 5 लाख के लायक मानता है। कवर्धा सड़क हादसा के शिकार आदिवासी हों या फिर केडिया डिस्टलरी बस हादसे में मरे गए फैक्ट्री कर्मियों की असामयिक मौत की मुआवजा राशि। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, फैक्ट्री मालिक, परिवहन और उद्योग विभाग की लापरवाही का

खामियाजा छत्तीसगढ़ के गरीब मजदूर अपने खून से चूका रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह कि हादसे के घंटों बाद तक समुचित राहत, बचाव दाल के नहीं पहुंचने और जिम्मेदारों के नासमझ जवाबों का सिलसिला बारूद फैक्ट्री हादसे में भी देखने को मिला। ग्रामीणों की गुजारिश है साहब... अपनों की कीमत तो ज़रा बढ़ाइए।

बिना ग्लोब्स-मास्क के SDRF...

SDRF जब इतना फंड और जिम्मेदारियों वाला महकमा है और वो आपातकाल में बिना सुरक्षा इंतजाम के दिखाई दे तो हालात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। अफसरों

की उदासीनता और एसडीआरफके पास संसाधनों का अभाव साफ दिखाई दिया। बारूद फैक्ट्री में राहत और बचाव के लिए भेजी गई SDRF की पूरी टीम बिना ग्लोब्स और मास्क के पहुंची थी। उन्हें देखकर यही लगा कि वो ग्लोब्स और मास्क होता तो पहनकर फैक्ट्री के अंदर जाते। क्योंकि पूरा दस्ता गमछानुमा कपड़ों से मुंह ढंककर बिना दस्ताना पहने अंदर घुसा। जहां अमोनियम नाइट्रेट, टीएनटी, पीइएनटी जैसे विस्फोटक पड़े हैं ब्लास्ट का खतरा बना हुआ है वहां यूं SDRF को भेजने वाले अफसर शायद टाइम पास या खानापूर्ति के मूड में हैं।

कहां गया मिडिया का चुनावी पैसा...

राहुल गांधी के मीडिया को ब्लैकमेलर और बिकाऊ कहे जाने वाले कथित पुराने वीडियो क्लिप पर आखिरकार आज ही क्यों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत भाजपा

प्रदेश संगठन के नेताओं ने बयान जारी किया यह समझ से परे है। पार्टी नेताओं और प्रदेश संगठन समेत बीजेपी मीडिया सेल भी संभवतयः हड़बड़ी में गड़बड़ी कर गया। राहुल के 2022 और 2023 के पुराने वीडियो क्लिप में राष्ट्रीय नेतृत्व, संगठन के बदले प्रदेश भाजपा संगठन के नेता बड़बड़ करने लगे। बातों ही बातों में एक घर के भेदी ने बताया निजी होटल की छत और मिडिया सेल इंचार्ज की सिफारिश पर चेहरा देखकर कुछ लोगों को ही तिलक किया गया। नाराज़ पत्रकार फोन का इंतज़ार करते रह गए। ज्यादातर ऐसे चिल्हारों को रेजगारी दी गई जो पार्टी के बड़े नेताओं के बजाये तीन तिलंगों को प्रमुखता से छापते हैं। ये भी मुगालता है कि छत्तीसगढ़ की 11 की 11 ये आसानी से जीत रहे हैं इसलिए भी कइयों का हिस्सा गड़रगप कर गए तीन तिलंगे। अब बात ऊपर तक पहुँचने लगी है।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

नहर-नालियों की मरम्मत नहीं होने से 4000 एकड़ खेतों की सिंचाई प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। सिंचाई विभाग के उदासीनता के चलते टेकारी सिंचाई पंचायत के अधीन आने वाले 9 ग्रामों के लगभग 4000 एकड़ खेतों को सिंचाई पानी पहुंचाने वाले नहर - नालियों के मरम्मत व साफ- सफाई न होने से आसन्न खरीफ फसल की सिंचाई मुश्किल है । ग्रामीणों से रूबरू हो चर्चा करने व नहर - नालियों के हालत की जायजा लेने अभी तक किसी विभागीय अधिकारी के इन ग्रामों में नहीं पहुंचने से किसानों में आक्रोश है । सिंचाई पंचायत क्षेत्र के? ग्रामों के किसानों से मिलने निकले संस्था के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा को यह जानकारी देते हुये किसानो ने इन नहर नालियों का अवलोकन भी कराया । श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर आसन्न खरीफफसल सिंचाई के पूर्व नहर नालियों के मरम्मत व

साफसफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है अन्यथा संभावित किसान आक्रोश के प्रति आगाह किया है ।

महानदी जलाशय परियोजना के जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के उपसंभाग क्रमांक 4 के अधीन आता है टेकारी सिंचाई पंचायत । इसके वितरक शाखा नंबर 24 से 5 ग्राम टेकारी , कुंडा , कठिया , अमेरी व सकरी सहित सोनभट्ठा ग्राम के कुछ खेतों को मिला लगभग 2700 एकड़ खेतों को , सोनभट्ठा माइनर से खौली , सोनभट्ठा व बुडेनी के लगभग 800 एकड़ को व कठिया आऊटलेट से कठिया के करीबन 400 एकड़ खेतों को गंगरेल से सिंचाई पानी मिलता है । किसानों से मुलाकात व जमीनी हालत का जायजा लेने के बाद श्री शर्मा ने जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के कार्यपालन अभियंता ललित रावते व उपसंभाग क्रमांक 4 के अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप पाल को व्हाट्स ऐप के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर नहर नालियों का प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मरम्मत व साफ - सफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है और इसके अभाव में सिंचाई पानी पहुंचना मुश्किल ठहराते हुये संभावित किसान आक्रोश का जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के होने के प्रति आगाह किया है । ज्ञापन की प्रति मुख्य अभियंता कुबेर सिंह गुरुवर व अधीक्षण अभियंता एस के सहारे को भी सुनिश्चित व्यवस्था कराने के आग्रह के साथ व्हाट्स ऐप के माध्यम से भेजा गया है ।

हिन्दी में सर्वाधिक अंक वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संचालित विभिन्न स्कूलों के दसवीं कक्षा के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

जिन्होंने इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती टी. कृष्णवेणी की स्मृति में 'हिन्दी श्रेष्ठ सम्मान ' से नवाज़ा जाएगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने आज यहाँ बताया कि रायपुर स्थित समस्त उच्चतर माध्यमिक शालाओं के दसवीं के ऐसे छात्र को 'हिन्दी श्रेष्ठ सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा जिसे अपनी शाला में हिन्दी में सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए हो। उन्होंने शाला के प्राचार्यों से अनुरोध किया है कि वे शाला के लेटर हेड में लिखे प्रमाणपत्र के साथ अंक सूची एवं फोटो कुशालपुर स्थित निवास पर पहुंचवाएं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9575467733 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

भाजपा जिन राज्यों में विपक्ष में है वहां क्या वो मुजरा करती है?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष को मुजरा करने वाले कहने वाले बयान की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव में करारी हार के संकेत मिलने के बाद बौखला गए हैं। उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई है। इसीलिए वो आम जनता के मूल मुद्दों पर और अपनी सरकार की नाकामी पर चर्चा करने से बचने के लिए ऊलजुलूल बयान देकर जनता का ध्यान भटाका रहे हैं।

कांग्रेस इस देश के किसान युवा महिलाएं व्यापारी किसानों के लिए योजना बनाकर घोषणा पत्र में स्थान दिया है उसके बाद से भाजपा नेताओं की मानसिक स्थिति बिगड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विपक्ष को मुजरा करने वाला बताना देश की समस्त विपक्षी दल और आम जनता का अपमान है यह अस्वीकार है कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा जिन राज्यों में विपक्ष की भूमिका है क्या वहां मुजरा करती है? छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के केंद्रीय नेता छत्तीसगढ़ में आकर क्या मुजरा करते थे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल से देश की सत्ता में है और जनता के वादों को पूरा करने में असफल साबित हुए हैं। लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार अपनी कामयाबी नहीं बता पाए हैं इसीलिए वह चुनावी मंचों के माध्यम से कभी मटन मछली मुसलमान हिंदू मुस्लिम तो कभी मुजरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं जनता का उपहास उड़ा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मुजरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना मातृशक्ति का भी अपमान है मातृशक्ति को वो जलील कर रहे हैं अपमानित कर रहे हैं।

बारूद फैक्ट्री हादसे के दोषियों पर कार्यवाही हो

रायपुर/नवप्रदेश। बारूद फैक्ट्री हादसे में मृत और घायलो के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा दुखद है। इस घटना के लिये जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये।

मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। सरकार युद्ध स्तर पर वहां पर राहत बचाव कर्य तथा गायब लोगो का पता लगाये। बारूद फैक्ट्री के लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों की कब-कब सरकार ने जांच किया था उसको भी सार्वजनिक किया जाये तथा इस प्रकार के विस्फोटक एवं संवेदनशील सभी इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू तत्काल किया जाये। ताकि ऐसे घटना की कहीं और पुर्नावृत्ति नहीं हो पाये। घटना में मृत लोगों को 50 लाख और घायलों को 10 लाख मुआवजा पर्याप्त चिकित्सा दी जाये।

फेकल्टी में सुविधाओं की कमी,मेडिकल कॉलेज पर लगा 5 लाख का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फैकल्टी और विभिन्न सुविधाओं की कमी के कारण राजधानी के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने इन्हीं मामलों में प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज जैसे बिलासपुर, कोरबा पर भी जुर्माना लगाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज रायपुर में कई विभागों में फैकल्टी, रेसीडेंट व ट्यूटर की कमी है। इसके अलावा भी कई बिंदुओं पर कमियां पाई। इसे लेकर एनएमसी ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर सख्त कार्रवाई की। इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को एनएमसी की रिपोर्ट के आधार पर जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं। संचालनालय द्वारा एनएससी को पत्र लिखकर कहा है कि, जल्द कमियां दूर कर ली जाएंगी।

धोखाधड़ी का आरोपी कांग्रेसी नेता आसिफ मेमन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नूर बेगम ने आसिफ मेमन से अपनी जमीन के पूरे पैसे मांगे, तो उसने रकम देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद आसिफ मेमन के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज कराया गया। रायपुर कोर्ट में मामला चल रहा था।

रजिस्ट्री शून्य घोषित

पुलिस ने अपनी जांच प्रकरण न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने नूर बेगम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आसिफके नाम पर हुई रजिस्ट्री को शून्य घोषित कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए, लेकिन आसिफसुनवाई के दौरान एक भी बार कोर्ट में पेश नहीं हुआ। मेमन युवा कांग्रेस में पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष रह चुका है।

छापा मारकर की गई गिरफ्तारी

रायपुर एएसपी लखन पटले ने बताया कि, लंबे समय से पुलिस फरार चल रहे आसिफ मेमन की तलाश कर रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिविल लाइन और एंटी क्रामि एंड साइबर यूनिट पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार छापेमार कार्रवाई की है।

इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आसिफ मेमन मध्यप्रदेश के बालाघाट छिपा है। एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश में एक विशेष टीम का गठन कर उसे बालाघाट रवाना किया गया। जहां लगातार कैंप लगाकर आरोपी मेमन को पकड़ा गया है।

विशेष संरक्षित जनजातियों के ग्राम विकास के लिए बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष संरक्षित जनजातियों के गाँवों के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक आज रविवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम -सासाहोली (विकास खण्ड -तिल्दा) में आयोजित की गयी। समाजसेवी संस्था प्रयोग आश्रम में आयोजित बैठक में राजधानी रायपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सत्यजीत साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपनी बात रखते हुए बैठक मे कहा कि समाज की मुख्य धारा के लोगों की संवेदनशीलता इन उपेक्षित लोगों के प्रति होनी चाहिए , तभी विकसित भारत का निर्माण होगा। इस काम में समाज की हर विधा के लोगों को जोड़ कर उनकी विशेषज्ञता और विशेषताओं का समाज के व्यापक हित में उपयोग करना होगा । छत्तीसगढ़ के चुने हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैठक में हिस्सा लिया । प्रयोग आश्रम के छत्तीसगढ़ प्रमुख सीताराम सोनवानी ने अध्यक्षता करते हुये विशेष संरक्षित जनजातियों के सामाजिक प्रमुखों को एक मंच पर लाने की ज़रूरत पर बल दिया। कवर्धा के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश यदु ने बैगा चक के ग्राम चयन का दायित्व लिया। वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रशांत जी ने ग्राम विकास को समग्रता के रूप में देख कर काम करने की प्रेरणा दी।

कवर्धा, सड़क हादसे में हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री, गृह मंत्री इस्तीफा दें : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा सड़क हादसे में 19 मौतों को बिलासपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका माना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हाई कोर्ट ने राज्य में बेलगाम परिवहन व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। यह राज्य सरकार की अक्षमता है कि मा. उच्च न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेकर कड़ी टिप्पणी करना पड़ रहा है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा है ''रोज दुर्घटनायें हो रही है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। नेशनल हाईवे में हैवी ट्रेफिक है, सड़के उखड़ी हुई है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बिलासपुर में क्राइम बढ़ा है, ट्रेफिक बदहाल है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। कन्ट्रोल करने वाला कोई नहीं है।'' हाई कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी के बाद नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री जिनके पास परिवहन विभाग है तथा गृहमंत्री विजय शर्मा जो राज्य की कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य की पुलिस और

परिवहन अमला चेकिंग का उपक्रम करके सिर्फ वसूली करने में व्यस्त है।

प्रदेश के सभी मार्गो पर हर एक किलोमीटर में ट्रेफिक, आरटीओ और पुलिस की चेकिंग वैन सड़क के किनारे वाहनों को रोकते दिख जायेगी। इनका काम केवल अवैध उगाही करना और अवैध इन्ट्री शुल्क वसूलना रह गया। मालवाहक वाहन में दर्जनों की संख्या में लोक ठूस-ठूस कर ले जाये जाते है पुलिस और आरटीओ, ट्रैफिक विभाग के लोग चंद रुपयों के बदले मौन रहते है। पंडरिया हादसा सरकार के भ्रष्टाचार का परिणाम है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मा. हाई कोर्ट ने बिलासपुर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है लेकिन पूरे प्रदेश में यही हालात है।

अमलेश्वर में पं. प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा आयोजन

यातायात पुलिस रायपुर द्वारा ट्रेफिक एडवाइजरी जारी



रायपुर/ नवप्रदेश। दिनांक 26.05.2024 से 02.06.2024 तक अमलेश्वर जिला दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. श्री प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) का शिव महापुराण कथा आयोजन होना प्रस्तावित है। कथा स्थल थाना अमलेश्वर के सामने मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। सामान्य दिनों में भी रायपुरा चौंक से महादेव घाट रोड में यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है अतः इस श्रद्धालुओं के सुगमता व व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रायपुर शहर की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए निम्नानुसार मार्ग निर्धारित किया गया हैः-

1. **भाठागांव चौक** -रायपुर काठाडीह मार्ग- खुड़मुड़ा नदी पुल - ग्राम उफरा -अमलेश्वर कथा स्थल
2. **टाटीबंध, रायपुर** - कुम्हारी चौक- ग्राम परसदा - ग्राम मगरघटा - ग्राम भोथली -अमलेश्वर कथा स्थल

उल्लेखनीय है कि रायपुरा से अमलेश्वर की ओर का नियमित यातायात निर्बाध रहेगा, परंतु भीड़ को देखते हुए वे भी वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकते है।

अपील

श्रद्धालुओं से अपील है कि असुविधा से बचने हेतु कथा स्थल अमलेश्वर आने-जाने के लिए उपरोक्त मार्गो का उपयोग करें।

दूध बेचने वाले युवक राजा ने बचाई हवलदार शंभूनाथ की जान

- घायल हवलदार को पहुंचाया अस्पताल
- जिला पुलिस के गुड सेमरिटन से प्रेरित

रायपुर/नवप्रदेश। बीती रात 12 बजे खमतराई थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक 1423 शंभूनाथ सिंह जो की 42 साल से पुलिस में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है, अपनी ड्यूटी के बाद अपने घर सेजबहार जाते समय डुंडा पेट्रोल पंप के पास अचानक मवेशी के सामने आ जाने से उनका एक्सीडेंट हो गया।

लगभग सड़क किनारे 20 मिनट पड़े रहने के बाद एक राजा नाम के दूधवाले की नजर अचानक पड़ी उसने बड़ी तत्परता के साथ उन्हें वि वाय हॉस्पिटल ले गया। राजा रायपुर पुलिस के गुड समरिटन (नेक इंसान) अभियान से प्रेरित हुए थे रायपुर पुलिस उस दूधवाले राजा जी जो 'नेक इंसान बने उनका धन्यवाद करती है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनको ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रति माह दिए जाने वाले गुड समरिटन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

आम नागरिक से अपील है कि अपने मानवीय कर्तव्यों का पालन कर लोगों की जान बचाए, गुड सेमरिटन बने।

सुविचार

जिंदगी को जीने के कई तरीके हैं लेकिन सबसे सही तरीका वही है जो आपको संतुष्टि देता है और जिससे किसी को कोई तकलीफ नहीं पहुंचती है। - अज्ञात

विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग

लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के मतदान के साथ ही आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक दलों के नेता अपनी संभावित हार को देखकर चुनाव आयोग पर निशाना साधने लगे हैं। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दूसरे चरण का मतदान होने के बाद वोटिंग परसेंटेज देर से जारी करने पर आपत्ति उठाते हुए चुनाव आयोग पर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। उन्होंने अन्य विपक्षी दलों से भी अपील की थी की वे इस मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग के सामने आपत्ति दर्ज कराएं। इस बीच तीसरे और चौथे चरण का मतदान होने के बाद कांग्रेस के सुर में सुर मिलाते हुए अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाना शुरू कर दिया है। वोटिंग परसेंटेज को अपलोड करने के मामले को लेकर एक एनजीओ की ओर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी लगाई गई। जिसपर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया की वेबसाइट पर आंकड़े अपडेट करने के लिए कर्मचारियों को लगाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल है। गौरतलब है कि उस याचिका में यह मांग की गई थी कि चुनाव आयोग प्रत्येक चरण के मतदान के बाद 48 घंटों के भीतर मतदान का डाटा वेबसाइट पर अपलोड करें। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई निर्देश जारी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी विपक्ष मतदान के आंकड़ों को लेकर लगातार चुनाव आयोग पर हमला कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग पर सरकार का दबाव है। विपक्ष के इन आरोपों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक खबरिया चैनल को दिए गए इंटरव्यू में जवाब दिया है। पीएम मोदी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाने वाले विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और स्वर्गीय राजीव गांधी के कार्यकाल में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की याद दिलाई है। जब सिर्फ एक ही चुनाव आयुक्त हुआ करते थे और वे सरकार के इशारे पर ही काम करते थे। पीएम मोदी ने पूर्व चुनाव आयुक्त टी एन शेषन और एम एस गिल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि उस समय इन चुनाव आयुक्तों ने सरकार के निर्देश पर ही चुनाव को आगे बढ़ाने का काम किया था। जिसके चलते टी एन शेषन को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह पूर्व चुनाव आयुक्त एम एस गिल को उनके रिटायरमेंट के बाद राज्यसभा सदस्य बनाकर केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया था। अब तो उनकी सरकार ने तीन चुनाव आयुक्त बना रखे हैं और इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया भी बनाई गई है जो आजादी के बाद पहली बार बनी है। यही नहीं बल्कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली तीन सदस्यीय चयन समिति में विपक्ष के नेता को भी शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में विपक्ष के नेताओं का चुनाव आयोग के प्रति अविश्वास जताना समझ से परे है। पीएम मोदी का कहना है कि चुनाव आयोग को विपक्ष इसलिए चुनौती दे रहा है क्योंकि उसे इस लोकसभा चुनाव में अपनी हार का खतरा साफ नजर आ रहा है। यही वजह है कि वह चुनाव आयोग के सिर पर अपनी पराजय का ठीकरा फोड़ने की अभी कवायद कर रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। दुनिया के तमाम देश भारत की चुनाव प्रक्रिया की प्रशंसा करते हैं लेकिन विपक्ष चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगाकर दुनिया में भारतीय लोकतंत्र को बदनाम कर रहा है। वास्तव में विपक्ष को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बेवजह आपत्ति नहीं उठानी चाहिए।

छत्तीसगढ़ में बढ़ते सड़क हादसे चिंता का विषय

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों की बढ़ती घटनाएं वाकई गंभीर चिंता का विषय बन गई है। दो माह पूर्व ही दुर्ग जिले के अंतर्गत कुम्हारी में एक कंडम बस पर सवार 17 मजदूरों की खदान में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई थी। अब कवर्धा जिले में भी तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे 19 आदिवासियों की पिकअप पलटने से मौत हो गई। इस घटना को हाई कोर्ट ने खुद ही संज्ञान में लिया है और छत्तीसगढ़ सरकार तथा नेशनल हाईवे अथॉरिटी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है कि सड़क हादसे को रोकने लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कितना अमल हुआ है। इसके लिए 26 जून को सुनवाई तिथि घोषित की गई है। हाईकोर्ट के दखल के बाद छत्तीसगढ़ सरकार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या कदम उठाती है। यह देखना होगा वर्तमान में तो स्थिति यह है कि यातायात नियमों की बस और ट्रक अन्य वाहन चालकों द्वारा सरेआम धज्जियां उड़ाई जाती है। अनफिट वाहनें सड़कों पर बेधड़क दौड़ती रहती है। जिसकी वजह से ऐसी सड़क दुर्घटना होती ही रहती हैं। यातायात के नियमों का पालन कराना जिस यातायात विभाग और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है वे अपने कर्तव्य निर्वहन में कोताही बरतते हैं। खासतौर पर यातायात पुलिस के कर्मचारियों का ध्यान तो अवैध वसूली पर ही होता है। यही हाल परिवहन विभाग का है जहां ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जिसके चलते अनफिट वाहनों को सड़कों पर खूनी रफ्तार से दौड़ने की छूट मिली हुई है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का ईमानदारी पूर्वक पालन कराएं जाएं तो बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। किन्तु इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि हाईकोर्ट के सख्त रूप को देखकर छत्तीसगढ़ सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी अब बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कारगर कदम उठाएंगे।

प्रेम शर्मा

चुनावी पारे पर भारी प्राकृतिक पारा

अभी तक हमें केवल रेगिस्तान में उबलती बालू और रेत का ही अन्दाजा था लेकिन हमने प्राकृति का इस कदर तक दोहन कर दिया कि अब शीत जलवायू के लिए प्रसिद्ध हिमाचल और उत्तराखण्ड भी भीषण गर्मी की चपेट में आ गए है। उत्तर भारत मे तो आग बरसती नजर आती है। एक तरफदेश में चुनावी पारे ने राजनेताओं के साथ जनता की नींद हराम कर रखी है तो इस पर प्राकृति के पारे ने उसके भाविष्य के लिए ऐसी चिन्ता की लकीर खींच दी है जिसे लेकर वैज्ञानिक तक चिंतित नजर आ रहे है। भारत के मैदानी इलाकों में तापमान बर्दाश्त से बाहर हो रहा है तो वहीं पहाड़ी इलाकों में भी स्थिति कोई बेहतर नहीं है। एक तरफप्रचंड गर्मी से शहरों में तथा राजमार्गों पर दौड़ते वाहन अचानक ही धू-धूकर जलने लग रहे हैं जेनरेटर फट रहे हैं तो वहीं पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। यह चौंकने से ज्यादा जागने की बात है। वर्तमान दौर की गर्मी ने हिमाचल के कई हिल स्टेशन तक को पसीना-पसीना कर दिया है, तो यह स्थिति हमारी योजनाओं-परियोजनाओं की चुगली कर रही है। कंक्रीट के घनत्व में होता विकास और जीवन शैली की नव अदाओं में फंसा उपभोक्तावाद, हमारे जुर्म की स्वीकारोक्ति है।

हिमाचल को अगर मौसम विभाग के नक्शे पर पढ़ा जाए, तो पर्यटन का यह सीजन एक अलग तरह की चेतावनी है। बेशक चढ़ती गर्मी ने पर्यटन की खुमारी बढ़ा दी है, लेकिन इसके भीतर की बीमारी नहीं समझी तो मुफ्त में बदनाम हो जाएंगे। हम अटल टनल के दोनों छोरों पर नाच कर किसे डरा रहे। एक हफ्ते में करीब तीन लाख पर्यटकों का जमावड़ा हमारी संगत का नशा है या इसकी धमक उन ग्लेशियरों से मुखातिब होगी जो पहले ही ऊना के चढ़ते पारे से खुद को बचाने के लिए हाय तौबा मचा रहे हैं। एक सप्ताह में 55 हजार के करीब वाहनों का द्वार बनी अटल टनल की हैरानी समझी जानी चाहिए।ट्रैफिक जाम की गर्मी में पर्यटक सीजन की नकारात्मक तस्वीर का एक पहलू यह कि शिमला, मनाली, मकलोडगंज, मंडी सहित अनेक डेस्टिनेशन परिवहन की त्रासदी बन चुके हैं। ऐसे में पांच करोड़ पर्यटकों के लक्ष्य में अस्सी फीसदी हिस्सा कल अगर गर्मियों में पहुंच गया, तो सारी व्यवस्था ठप हो जाएगी। भले ही जलवायु परिवर्तन के कारणों से दबा अलनीनो कमजोर होकर उत्तर भारत के तापमान को बढ़ा रहा है, लेकिन इसकी बदलती भूमिका में पहाड़ का दर्द बढ़ रहा है। हिमाचल जैसे राज्य के लिए हर ऋतु का नियमित व्यवहार अपेक्षित है, लेकिन आगे सरक रहे मौसम के व्यवहार ने अतिवादी रुख अपनाना शुरू किया है। मई के आरंभ तक सर्दी में दिन गिन रहे हिमाचल को अगर अब भयंकर गर्मी में उबलना पड़ रहा है, तो इसके साथ जुड़ी हिदायतों में स्थानीय निकायों की योजनाएं-परियोजनाएं नत्थी हैं। कृषि-बागबानी विभाग को नए सिरे से घुंघरू पहनने पड़े हैं, तो बरसाती इंतजामों की जद में एक नया चेतावनी सिस्टम खड़ा करना पड़ेगा।

लगभग यही हाल उत्तराखण्ड जैसे ठण्डे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। पिछली दिनों उत्तराखण्ड के जंगलों में उत्तराखंड में अप्रैल के पहले हफ्ते से लगी आग से अब तक 11 जिले प्रभावित हुए हैं। जंगलों की आग में झुलसने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। आग से 1316 हेक्टेयर जंगल जल चुका है। सरकार के वकील सेठीरू आग के मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें 62 लोगों के नाम हैं।उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तराखंड सरकार से कहा कि बारिश या कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) के भरोसे नहीं बैठा जा सकता। इसकी जल्द रोकथाम के उपाय करें। गर्मी, क्या पावर और क्या टावर, सबको जमीन दिखा देती है। अत्यधिक गर्मी से पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वर्षाजनित नदियों का सूखना, धारों का खत्म होना, वनों की नवजात वनस्पति प्रजातियों का नुकसान भी इससे जुड़ा होता है। आज पारिस्थितिकी तंत्र या बिगड़ते पर्यावरण के लिए हमारे पास आर्थिकी की तर्ज में कोई पारिस्थितिकी पैकेज नहीं है। हर संकट के बाद दुश्वारियां भुला दी जाती हैं। बावजूद इसके कि गर्मी सबको रुला देती है। अब इसी बीते सप्ताह दिल्ली-एनसीआर की घटनाएं देखिए। खड़ी गाड़ियों में अगर आग लग जाती हो, डीजल के जेनरेटर फटकर बम बन जाते हों, तो भी कुछ समझ न सकना हमारी मूढ़ता की तरफही इशारा करता है। मौसम हमारे नियंत्रण से पूरी तरह दूर जा चुका है, मगर हम अभी भी वही समाधान तलाश रहे हैं, जो हमेशा से करते चले गए स यथा हम गर्मी में एसी चला देते हैं और जाड़ों में हीटर। दरअसल, हमारा तंत्र प्रकृति के तंत्र से अलग हो चुका है। आइपीसीसी की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि हर दशक में 0.26 डिग्री सेंटिग्रेड तापमान बढ़ा है।दुनिया की तमाम संस्थाएं इस तरह के अध्ययनों में लगी हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि ये अध्ययन हमारी समझ से बाहर रहे और सबसे बड़ी बात है कि ये सरकारों की विकास की योजनाओं में भी कहीं नहीं झलकते हैं। परिस्थितियां यह हैं कि वर्ष 2030 तक 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तापक्रम को कैप लगाने का जो निर्णय लिया गया था, वह अब बहुत दूर दिखाई देता है क्योंकि देश के कई इलाकों में तो 1.49 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान वृद्धि अभी से ही हमारे सामने है।बढ़ती कार्बन सांद्रता के कारण ग्लोबल वार्मिंग किसी भी हालत में रुकनी संभव ही नहीं होगी। अभी हम प्रचंड गर्मी झेल रहे हैं। इसके तत्काल बाद हम वर्षा या बाढ़ की आपदाओं को झेलेंगे। इसके बाद जब शीतकाल आएगा तो तापक्रम वह नहीं होगा जो कि जाड़ों का अहसास दिलाता हो। वर्ष का कोई भी ऐसा समय नहीं बचा जिसमें हम स्वयं को पर्यावरण के रूप में सुरक्षित समझ सकें, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अभी बहुत कुछ हमारे हाथ में होते हुए भी हम उस ओर कुछ नहीं कर रहे हैं। जिस यूरोप को हम शीतोष्ण स्थितियों के लिए जानते थे, वहां भी परिस्थितियां हमारी तरह उष्ण हो चुकी हैं। पंखे व एसी अब लंदन में भी चलते हैं। सूखा और फसलों का नुकसान तो है ही, साथ में पानी की बढ़ती कमी बड़े संकट के रूप में हमारे बीच में है। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक सब पानी के संकट से गुजर रहे हैं। पहाड़ जो पानी के लिए जाने जाते हैं, वहां भी गांव पानी के लिए तरसने शुरू हो चुके हैं। अब ऐसे में यह समझ बन जाए कि यह सब क्यों हो रहा है तो शायद हम में सुधार आए। आदतें और आराम हमें मार रहे हैं। हमने अपने लिए ऐसा जाल बना दिया है जो जान लेने में नहीं चूकेगा। यह जाल लगातार घना हो रहा है। इस मकड़जाल में फंसे हम मानव पृथ्वी के नहीं, केवल अपने अंत की तरफ चल चुके हैं!करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 47 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। कुल मिलाकर जिस तरह से दिन प्रतिदिन धरती का तापमान बढ़ रहा है वह मानव जीवन के विनाश के संकेत दे रहा है। चुनावी पारे से तो हमें धीमी मौत मिलेगी लेकिन जिस तरह से प्राकृति का पारा बढ़ रहा वह मानव जीवन के लिए भयानक मौत से कम नही होगा।

आज का इतिहास

2008 में सेंट्रल गवर्मेंट ने सीमेंट निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लिया था। 2006 में आज ही के दिन इंडोनेशिया में भीषण भूकंप आने से 6,600 की मृत्यु हो गई थी। 2005 में 27 मई को ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया का नाम बदलकर श्वाने करने का निर्णय लिया गया था। 2002 में आज ही के दिन नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा को 3 साल के लिए पार्टी से निकाला गया था। 1997 में आज ही के दिन केवल महिलाओं का पहला दल उत्तरी ध्रुव पर पहुंचा था और इसमें 20 ब्रिटिश महिलाएं शामिल थीं। 1991 में आज ही के दिन ऑस्ट्रिया के बोइंग विमान में धमाका हुआ था और 223 लोगों की मौत हो गई थी। 1977 में आज ही के दिन पैन एम और केएलएम के 2 विमान टकराने से 582 की मौत हो गई थी। 1957 में कॉपीराइट विधेयक को मंजूरी दी गई थी और इसे 21 जनवरी 1958 को लागू किया गया था। 1948 में 27 मई को ही महात्मा गांधी की हत्या का मुकदमा शुरू हुआ था। 1941 में आज ही के दिन जर्मन जंगी जहाज बिस्मार्क को ब्रिटिश नौसेना ने डुबोया था। 1927 में आज ही के दिन चीन के गृह युद्ध में जापानी सेना का दखल हुआ था। 1921 में आज ही के दिन ब्रिटेन के नियंत्रण के 84 साल बाद अफगानिस्तान को संप्रभुता मिली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

90% महिलाएं झाड़ू पोछा

90% महिलाएं झाड़ू, पोछा, बर्तन, खाना, सिलाई - कढ़ाई बच्चों को स्कूल छोड़ना लाना पैरेंट्स टीचर मीटिंग दुकान से सौदा सामान भी खरीद दो भारी झोले उठा कर घर लाना कहने का मतलब हम महिलाएं होती थी आल राउंडर। हमसे पहले की पीढ़ी घर में कैद थी और हमारे बाद की पीढ़ी सुख सुविधाओं की आदी।

- सुनीता पुष्प राज पांडेय

पीपल के तरु बैठ कर

पीपल के तरु बैठ कर, हुए बुद्ध सिद्धार्थ ! अर्जित सच्चे ज्ञान से,किया खूब परमार्थ !! नफरत से होती नही, नफरत कभी समाप्त ! मानवता का पाठ यह,..हुआ बुद्ध से प्राप्त !! बातें करते बुद्ध की,रखें नही सदभाव । कैसे होगा दूर फिर,दुनिया से अलगाव ।।

- रमेश शर्मा वशिष्ट

ख़ास पाती | इंसान जब इंसानियत भूल जाता है

इंसान जब इंसानियत भूल जाता है, लालच से अपना सुध खो देता है । वह क्रूर बन जाता है । इंसान ही इंसान का दुश्मन बन जाता है । दुष्टता जब मन में घर कर जाए तो रिश्ते -नाते का कोई मोल नहीं होता ।लोग तो सुबह पूजा अर्चना करते हैं पर सभ्यता उस जल रहे दीपक से नहीं सिख पाते और जानवर की तरह हो जाते हैं । **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

मौत को यूं टक से छूकर लौट आना

मौत को यूं टक से छूकर लौट आना सांसों को यूं सांस का मिल जाना ये तो बता रहा हैं साथ को साथ मिलना तय ही होगा दिन ब दिन तौहमत हैं बदहाली से बतर मेरे यारा मन के दफ़न को बाहर छोड़ कर बढ़ आगे यारा दर्द का सफ़र बस अंत होने को ही हैं सफ़र ए हमसफ़र मौत को यूं टक से छूकर लौट आना सांसों को यूं सांस का मिल जाना ......

- सोनू कुमार आकाश

कैसे उतरूं भीतर अपने सुनो तथागत!

कैसे उतरूं भीतर अपने सुनो तथागत! ज़रा बताओ।। भटकाया है जग ने इतना जितने सागर में हैं मोती कैसे धर लूं मौन हृदय में रहती आँखें हार पिरोती कैसे देखूं तप के सपने सुनो तथागत! युक्ति बताओ।। एक नहीं दुःख सौ-सौ मन को कैसे मार्ग दिखाऊं इसको सुख में गूलर जैसा फूले कैसे समझाऊं दुःख उसको कैसे लगूं स्वांस को जपने सुनो तथागत! जतन बताओ।। सत्य कथ्य सब ठीक लगे हैं फिर भी माया रखे भुलाए खटकाए दिन रोज़ किबाड़े आलस तन को रहे सुलाए अंतर्द्वंद लगें हैं खलने सुनो बुद्ध! अब टेर लगाओ।। **- कल्पना मनोरमा**

ज्यादातर पुरुषों को लगता है

ज्यादातर पुरुषों को लगता है ,,, उनके मरने के बाद भी उनके परिवार की दुनिया वैसी ही चलेगी ,,, उनकी पत्नी,बच्चों के लिए भाई ,पड़ोसी ,रिश्तेदार वही रहेंगे, वैसे रहेंगे ,कहीं कुछ नहीं बदलेगा ,,, सिर्फ वो चले जायेंगे,,, लेकिन,स्त्रियों से पूछिए 95त्न महिलाएं जो असमय विधवा होती है या जो बच्चे अनाथ होते हैं ,,, घर के मालिक के चले जाने के बाद दुनिया वैसी नहीं रहती,,, अफसोस हर पुरुष को यही लगता है कि वो 5त्न में हैं ,,, उनके पत्नी,बच्चों के साथ ऐसा कुछ नहीं होगा ,,, काश! पुरुषों के पास एक विज़न होता ताकि उनके असमय जाने के बाद उनका परिवार आर्थिक/सामाजिक तौर पर इज्ज़त से जी पाता,,, **- तनु देहलवी**

विचार अच्छे नहीं है, यहां तक कि

विचार अच्छे नहीं है, यहां तक कि विचार बुरे भी नहीं हैं। विचार सिर्फ विचार हैं। यह विचारों पर विचारों की संस्कारबद्धता बढ़ाना है जब उन्हें अच्छा या बुरा कहा जाता है। जैसे पेड़ का होना, चींटी का होना या मेरा होना अच्छा बुरा नहीं है। यह बस होना है जब होना घटता है तब अच्छा बुरा, पाप पुण्य,धर्म अधर्म आदि बुद्धि के भेदाभेद अपना महत्व खो देते हैं

- अंकित उपाध्याय

मेरे अहसास कोई क्या जाने दिल हो

मेरे अहसास कोई क्या जाने दिल हो सीने में तो वफ़ा जाने// चाहूँ मैं एक अजनबी को बहुत मुझको ये क्या हुआ खुदा जाने// जब मैं लिखती हूँ खूब लिखती हूँ किस ने दी है मुझे दुआ जाने // कोई रिश्ता है तेरे दर से मेरा सर मेरा क्यूँ यहाँ झुका जाने// तुम ही काफ़ी हो मेरे हिस्से में आए कैसा हो दूसरा जाने// जितना चाहो ये बढ़ता रहता है इश्क़ की कौन इंतहा जाने/ **- निलोफर नीरू**

प्रेरक प्रसंग

ईमानदारी सबसे बड़ा धन

मुरारी एक दिन बेटे को अपने साथ लेकर गया। रात का समय था दोनों चुपके चुपके एक इमारत में पहुंचे। इमारत में कई कमरे थे सभी कमरों में रौशनी थी देखकर लग रहा था कि किसी अमीर इंसान की हवेली है। मुरारी अपने बेटे से बोला -आज हम इस हवेली में चोरी करेंगे, मैंने यहाँ पहले भी कई बार चोरी की है और खूब माल भी मिलता है यहाँ। लेकिन बेटा लगातार हवेली के आगे लगी लाइट को ही देखे जा रहा था। मुरारी बोला ङ्क अब देर ना करो जल्दी अंदर चलो नहीं तो कोई देख लेगा। लेकिन बेटा अभी भी हवेली की रौशनी को निहार रहा था और वो करुण स्वर में बोला-पिताजी मैं चोरी नहीं कर सकता। बेटा- पिताजी, जिसके यहाँ से हमने कई बार चोरी की है देखिये आज भी उसकी हवेली में रौशनी है और हमारे घर में आज भी अंधकार है। मेहनत और ईमानदारी की कमाई से उनका घर आज भी रौशन है और हमारे घर में पहले भी अंधकार था और आज भी।

QUIZ TIME

1) वर्ष 1931 में स्त्री सेवादल की स्थापना मध्यप्रदेश के किस नगर में हुई थी?

2) राजस्थान का प्रथम पूर्ण साक्षर गांव कौन सा है?

3) बंगाल में मुस्लिम पुनर्जागरण के जनक के नाम से कौन जाने जाते हैं?

4) संगम काल में संगम शब्द किससे संबंधित है?

5) हाल ही में खबरों में नजर आई मनिका बत्रा किस खेल से जुड़ी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) रतलाम (2) मसूदा (3) अब्दुल लतीफ (4) तमिल साहित्य (5) टेबल टेनिस

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -069

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 068 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	रा
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		बा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:43 , सूर्यास्तः 19:05
चन्द्रोदयः 22:03 , चन्द्रास्तः 06:44
अयन उत्तरायण
ऋतुः ग्रीष्म
शक सम्वतः 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त)
पिंगल , संवत्सर क्रोधी
संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त
युगाब्द (कलि संवत) 5126
मास ज्येष्ठ , पक्ष कृष्ण
तिथि चतुर्थी
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा

योग शुभ
प्रथम करण वणिज (06:35 तक)
द्वितीय करण विष्टि (18:06 तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य वृष , चंद्र धनु
मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध मेष (उदित, पूर्व, वक्री)
गुरु वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु मीन
केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:57 से 12:51
राहुकाल 07:30 से 09:05
यमगण्ड 12:24 से 14:04
दुर्मुहूर्त 17:18 से 18:12
सर्वार्थसिद्धि योग 05:18 से 10:36

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप कार्यो की भरमार का सामना करना पड़ेगा लेकिन निर्णय लेने की क्षमता में कमी रहने के कारण भ्रमित हो सकते है।

वृषः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा दोपहर तक जिस भी कार्य को करेंगे उसमे असमंजस की स्थिति रहेगी।

मिथुनः रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा।

कर्कः आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी फिर भी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है।

सिंहः आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। कार्य क्षेत्र पर भाग्य का साथ कम मिलेगा।

कन्याः आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी।

तुलाः आज का दिन आंशिक शुभ फलदायक रहेगा। पुरानी गलतियों या किसी से किये गलत व्यवहार की के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अपना पूर्ण अनुभव और निष्ठा लगाएंगे लेकिन भाग्य का साथ अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहने के कारण दिन से उचित लाभ नहि मिल पायेगा।

धनुः आज के दिन से आपको काफी आशाये रहेंगा लेकिन दिनचर्या आज प्रातः काल से ही बिगड़नी आरम्भ होगी।

मकरः आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही मन मे यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी।

कुंभः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है।

मीनः आज के दिन आपकी रुकी हुई कामना पूर्ति होने की संभावना है इसके लिये स्वाभाव में नम्रता रखनी भी जरूरी है।

न्यूज गैलरी

एसपी ने की चेतना अभियान की शुरुआत

बढ़ते अपराध और सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए चेतना अभियान शुरू करने जा रही है। अधिक से अधिक जनता के बीच पहुंचकर अपराध खत्म करने और सड़क दुर्घटनाओं से लोगों को सावधान करने के लिए बिलासपुर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है आज इस अभियान की शुरुआत बिलासा गुड़ी में हुई। जहां बड़ी संख्या में शहर की जनता, समाज सेवी समेत पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह ने कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर देते हुए जनता के बीच पुलिस के फ्रेंडली चेहरे को प्रस्तुत करने की बात की, वही अपराधों पर लगाम लगाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आने वाले दिनों में चलाई जाने वाले अभियानों की जानकारी भी दी।

शहीद नंदकुमार पटेल फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। झीरम घाटी नक्सली हमले की 11 वीं बरसी पर शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को याद कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से शहीद नंदकुमार पटेल फ़ाउंडेशन एवं बालाजी ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सूर्यवंशी समाज सामुदायिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन संस्थापक पूर्व एल्डरमेन अखिलेश गुप्ता ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार एवं जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने के लिए एवं उनके परिजनों की परेशानी को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आरंभ पूर्व नगर विधायक शैलेश पांडेय, पूर्व तखतपुर की विधायक रश्मि सिंह, कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष (ग्रामीण) विजय केशरवानी, विवेक वाजपेई ने शहीद नेताओं की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कि जिसमें नगर के 40 से अधिक गणमान्य रक्त दाताओं ने शामिल होकर अपना रक्त दान किया। शहीद नंदकुमार पटेल फ़ाउंडेशन विगत 10 वर्षों से समाज हित में इस तरह के आयोजन करता रहता है।

मारपीट व हुडदंग के 4 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजा रघुराज स्टेडियम के पास रात्रि में मारपीट कर उपद्रव करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रात्रि में शहर की शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार 24 मई की रात्रि 12 बजे कन्ट्रोल रूम बिलासपुर से सूचना मिला कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने मेन रोड पर कुछ लोग आपस में हाथापाई कर रहे हैं जिसकी सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन स्टाफ मौके पर पहुचे। मौके पर दो पक्ष आपस में लेनदेन की बात को लेकर लड़ाई झगड़े कर उपद्रव कर रहे थे। आरोपियों में मोहम्मद सज्जाद पिता मोहम्मद हमीर उम्र 23 वर्ष निवासी ताज मस्जिद के पास तालापारा, एम.बी. शहनवाज पिता मोहम्मद हामिद उम्र 32 वर्ष निवासी ताज मस्जिद के पास तालापारा, जितेन्द्र साहू पिता दूधनाथ साहू उम्र 20 वर्ष निवासी तालापारा बजरंग चौक और राकेश कुमार प्रजापति पिता भागरज प्रजापति उम्र 41 वर्ष निवासी पुराना सरकंडा कृष्णा चौक शामिल हैं। थाना प्रभारी द्वारा दोनो पक्षों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधात्मक धारा 151, 107, 116(3) जा.फौ. के तहत इस्तागासा तैयार कर सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। असमाजिक तत्वों ,गुंडे बदमाशों पर बिलासपुर पुलिस का प्रहार लगातार जारी रहेगा।

मारपीट की और गले में रस्सी बांधकर लटकाया, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के सीपत थाना इलाके में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है जिसमे आशंका जताई जा रही है की आरोपियों ने पहले मृतक के साथ मारपीट की फिर उसे घसीटते हुए गले में रस्सी बांधकर उसे पेड़ पर लटका दिया, जानकारी के अनुसार सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम डगनिया (खैरा) में रविवार सुबह ग्रामीणों ने खारुन नदी जाने के पैडगरी रास्ते में एक अधेड़ की लाश पेड़ पर गले में रस्सी बंधी हुई देखी,जिसके शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। इस पूरे मामले में आशंका जताई जा रही है पहले रास्ते में मृतक के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद अधेड़ को मारने के उदेस्य से गले में रस्सी बांध गला घोटने का प्रयास किया गया होगा, और उसे पेड़ से लटका दिया। वही लाश के पास एक स्कूटी भी मिली है जिसको मृतक का बताया जा रहा है।

संघर्ष जीवन में आगे बढ़ने व आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक: डॉ. सिंह

समर कैंप 'पंख' का आयोजन 200 छात्र-छात्राओं ने कई हुनर सीखे

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए बहतराई स्टेडियम में समर कैंप 'पंख' का आयोजन किया। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए 200 छात्र-छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़, नृत्य, पेंटिंग, रंगोली, इंग्लिश स्पीकिंग, हिंदी लेखन सहित कई हुनर सीखे। इस कैंप में पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. वंश गोपाल सिंह ने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन के संघर्ष आपको आगे बढ़ने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करते हैं। कुलपति ने बच्चों से कहा कि, वे अपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें। दूसरों को सम्मान देकर हम अपने लिए भी सम्मान अर्जित कर सकते हैं। समर कैंप में इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का प्रशिक्षण मनोज सनाढ्य, कबाड़ से जुगाड़ मनोज वैद्य, ओरेगामी का प्रशिक्षण उषा चंद्रा, श्वेता तिवारी, निशा अवस्थी मिड ब्रेन एक्टिविटी विधि तिवारी हिंदी लेखन डॉ. रश्मि द्विवेदी ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। डॉ. रश्मि द्विवेदी काउंसलर डीपीएस स्कूल ने बच्चों को हिन्दी लेखन के विषय, रंगोली, पेंटिंग, स्केचिंग का प्रशिक्षण दिव्या कश्यप और बॉलीवुड डांस प्रशिक्षण अंशुमान और कत्थक नृत्य प्रशिक्षण जया हरगांवकर ने दिया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में नृत्य और संगीत में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस कैंप में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आर पी आदित्य, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू, सहायक संचालक पी दासरथी, अनिल तिवारी, रामेश्वर जायसवाल, डीएमसी अनुपमा राजवाड़े सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षकाएं मौजूद रहे।

नौतपा के दूसरे दिन भी चढ़ा पारा, सड़कों पर सन्नाटा

बढ़ी उमस, रात में भी राहत नहीं तापमान 40 डिग्री के पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनि को सूर्य का तेवर तेज हो गया। नौतपा के दूसरे दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 40.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दोपहर में सड़कें सूनी तथा बाजारों में सन्नाटा पसरा था। गर्मी के कारण लोग घरों में कैद रहे। एसी, कूलर की हवा ने काफी हद तक राहत पहुंचायी। न्यायधानी में नौतपा के पहले दिन ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए तरह-तरह के जतन करते रहे। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती गई वैसे ही तापमान भी बढ़ गया। लोग दिन भर गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे स्थान और पेड़ों की छांव के नीचे आराम करते नजर आए। जबकि कई लोग तो घरों से ही नहीं निकले, दिन के समय सड़कें सूनी रहीं और बाजार से भी रौनक गायब थी। लोग गर्मी से निजात अपने घरों में एसी, कूलर पंखे एक का सहारा लेते रहे। जबकि जो लोग घरों से बाहर निकले थे। वह भी अपने आप को गर्मी से राहत पाने गन्ने का जूस और ठंडा पानी पीते दिखे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को इस तेज गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मौसम विभाग की मानें तो अभी आने वाले दिनों में गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिलने वाली है।

मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के बचे हिस्से, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तक शनिवार को पहुंच चुका है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। जिससे ऐसा माना जा रहा है कि प्री मानसून की दस्तक भी जल्द होगी। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक एक दोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से तेलंगाना तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विदर्भ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 26 मई को एक दो स्थानों पर (मुख्यतः दक्षिण छ्ग में) हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि हो सकती है। 27 व 28 मई को पड़ेगी बंपर गर्मी मौसम विभाग के विज्ञानियों की मानें तो 27 और 28 मई को इस सीजन का चरम अधिकतम तापमान रहने की संभावना है, जिसके कारण प्रदेश में ग्रीष्म लहर (मध्य छ्ग में) चलने की संभावना बन रही है। लू और हीट वेव के कारण लोगों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। संभव हो तो घर से निकलने से बचना होगा।

लू से बचने करें ये उपाय

खूब पानी पीएं इस दौरान सबसे जरूरी है आपका हाइड्रेटेड रहना। पानी, नींबू पानी, नारियल पानी, आम का पन्ना, जलजीरा पानी या लस्सी और छाछ जैसे तरल पदार्थ का सेवन करते रहें। पूरे कपड़े पहनें तेज गर्मी और धूप से बचने के लिए काटन और ढीले कपड़े पहनें। बच्चों को इन 9 दिनों में पूरे कवर वाले सूती कपड़े पहनाएं, साथ ही टाइट कपड़े पहनने से बचें। छाता और चश्मा का इस्तेमाल करें अगर आप इन 9 दिनों के दौरान कहीं बाहर जा रहे हैं तो अपने साथ छाता लेकर चलें। सनस्क्रीन क्रीम का इस्तेमाल भरपूर करें, साथ ही अच्छी क्वालिटी के सनग्लास से आंखों को ढककर रखें। इस समय बाहर न जाएं कोशिश करें कि घर से बाहर केवल जरूरी काम के लिए ही निकले। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर न जाने दें। संभव हो तो छांव में ही रहें। सीधी धूप बिल्कुल न लें।

डॉक्टरों की गवाही से दुष्कर्म पीड़िता मासूम को मिला न्याय

हाईकोर्ट ने आरोपी की अपील खारिज की

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने घर से नाराज हो कर मौसी के घर जाने निकली 12 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी की अपील को खारिज कर ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा की पुष्टि की है। कोर्ट ने मामले में मेडिकल रिपोर्ट एवं एफ एस एल जांच रिपोर्ट को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना है। सरगुजा क्षेत्र में रहने वाली 12 वर्षीय मासूम किसी बात से नाराज हो कर 15 सितंबर 2017 को घर से अपने मौसी के घर जाने निकली थी। रास्ते में विजय नगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज निवासी आरोपी मोहम्मद कोसर अंसारी ने पलटन घाट के पास उसे बलपूर्वक उठाकर जंगल के अंदर ले गया व जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद मासूम डरी सहमी बस स्टैंड के पास खड़ी हुई मिली। पूछताछ करने पर उसने मौसी के घर जाने की बात कही। लोगों ने उसे मौसी के घर छोड़ दिया। पीड़िता ने परिवार वालो को घटना की जानकारी दी। 16 सितंबर को पिता ने रामानुजगंज थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया व मौके में लेकर गए । पीड़िता ने आरोपी की पहचान की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कपड़े जप्त कर एफ एस एल जांच के लिए लैब भेजा। एफ एसएल जांच में कपड़े में आरोपी के स्पर्म होने की पुष्टि की गई। मेडिकल करने वाले चिकित्सक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने व उसकी उम्र 11-12 वर्ष होने रिपोर्ट दी। गवाहों व अन्य जांच रिपोर्ट पर बलरामपुर पुर सत्र न्यायालय ने आरोपी को धारा 363, 366 में 7 वर्ष, 506 में एक वर्ष एवं पास्को एक्ट की धारा 5(एम), 6 में दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ उसने हाई कोर्ट में अपील पेश की। अपील में जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपी ने अपील में कहा कि पीड़िता स्वंय अपने मर्जी से आरोपी के साथ गई थी, उनकी सहमति रहा व वह वयस्क है। कोर्ट ने एफएसएल जांच व मेडिकल रिपोर्ट को महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए आरोपी की अपील को खारिज किया है।

लॉज से विदेशी घड़ी व 46 हजार नकद चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। झारखंड से कारोबार के सिलसिले में शहर आए कारोबारी की विदेशी घड़ी, शर्ट और 46 हजार रुपए शहर के लॉज के ऑफिस से चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है। मोहराबादी निवासी किशोर कुमार सिन्हा कारोबार के सिलसिले में शहर आए हैं। 20 मई से जूनी लाइन स्थित एक अन्य लॉज में किराए पर ठहरे थे। 20 मई को लॉज के ऑफिस रूम में अपना बैग जिसमें 46 हजार रुपए, विदेशी घड़ी, विदेशी शर्ट, मोबाइल, बैंक पासबुक व चेकबुक आदि थे।

आरएसएस व सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

आधुनिक मशीनों से हुआ परीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और सेवा भारती के द्वारा मारवाड़ी लाइन स्थित लाला लाजपत राय स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर के नामी और अपने अपने क्षेत्र में अलग पहचान बनाने वाले डाक्टरों की विशेष टीम और उनके आधुनिक उपकरणों के साथ यह आयोजन सुबह से प्रारंभ हुआ जो दोपहर दो से तीन बजे तक चला। इस स्वास्थ्य शिविर में अलग अलग डाक्टरों की टीम मौजूद रही। साथ ही मुख्य रूप से आधुनिक उपकरणों के साथ अलग अलग तीन मौजूद रही है, जो स्वास्थ शिविर में आए मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार उनका स्वास्थ परिक्षण कर उनको इलाज के लिए निः शुल्क दवा भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में शहर के एलोपैथिक होम्यो पेथिक और आयुर्वेदिक डाक्टर उपस्थित रहे जो मरीजों का स्वास्थ परिक्षण किए। इस शिविर में आंख के लिए विनायक नेत्रालय के डॉक्टर ललित मखीजा के साथ उनकी पूरी टीम अपने आधुनिक मशीनों के साथ पहुंचकर स्वस्थ शिविर में आए लोगों की आंख जांच किए। वही फिजियोथेरेपी की 12 लोगों टीम ने अपना सहयोग दिया। इसके साथ न्यूरो थैरेपी की टीम ने अपना सहयोग देकर लोगो का स्वास्थ लाभ प्रदान करवाया। इस शिविर में दांत और हड्डी के डॉक्टर की टीम के साथ रक्त परीक्षण और लिक्विड प्रोफाइल जांच की टीम के पास बड़ी संख्या में लोगो ने इसका लाभ लिया। आज के इस शिविर में आस पास से हर वर्ग से बड़ी संख्या में लोग आए और अपना स्वास्थ परिक्षण कराए। उक्त मौके आरएसएस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिसमे मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह,प्रदीप शर्मा, रवि वर्मा, विकास बाजपाई, प्रदीप वर्मा, संदीप सोनी प्रवीण वर्मा, राहुल सिंह, निकुंज वेलानी, गौतम वेलनी, बाबा राव, किशोर राय, जितेंद्र सोनी, मनीष दीक्षित, सौमित्र गुप्ता आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

महिलाओं की उन्नति से ही देश का विकास:अमर

स्वावलंबन, सुरक्षा और सम्मान से हुआ महिलाओं का सशक्तीकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम संवाद के अंतर्गत चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक अमर अग्रवाल ने महिला शक्ति की विकास में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवमं स्वावलंबन को देश की प्रगति एवम विकास महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के आरंभ में उन्होंने सर्वप्रथम बेमेतरा जिला के मूर्ति ग्राम में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट में दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णायक प्रयासों से उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा महिलाओं की उन्नति से ही देश की उन्नति संभव है, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आदरणीया द्रौपदी मुर्मू की सर्वोच्च पद पर देश को नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। बेटी बचाओ आंदोलन से एक दशक में लिंगानुपात में सुधार आया है। बेटियों की शिक्षा के स्तर में वृद्धि के लिए देश व्यापी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। महिला आरक्षण बिल से महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण होगा, बहनो को सांसद और विधायक बनने के अधिक अवसर मिल पाएंगे। अमर अग्रवाल ने कहा स्व सहायता समूहो और मुद्रा योजना से महिलाओं की आर्थिक तरक्की के रास्ते खुले हैं। उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली। लाडली बहन योजना भविष्य की तैयारी एवं समाज की मानसिकता में बदलाव का परिचायक है, उद्यम शक्ति पोर्टल ने महिला उद्यमिता का विस्तार हो रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से मातृ मृत्यु दर की स्थिति में सुधार हुआ है, गृहस्थी के साथ-साथ देश की सुरक्षा की बागडोर संभालने में भी महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। विगत दस वर्षों में महिलाओं मोदी सरकार की बहुआयामी नीतियों एवं सुनियोजित क्रियान्वन से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर स्वालंबन और सुरक्षा प्रदान की,जिससे प्रत्येक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी है और देश की तरक्की और विकास में महिलाओं का रचनात्मक योगदान बढ़ते जा रहा है।चर्चा के दौरान अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का वादा पूरा करने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए पिछले दिनों 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में जशपुर की सिमरन एवं महासमुंद की महक अग्रवाल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपनी शुभकामनाएं दी। मालूम हो श्री अमर अग्रवाल डिजिटल माध्यम से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करते रहे है। उन्होंने आज फेसबुक लाइव कार्यक्रम में शहर के विकास और तरक्की लिए नागरिक बंधुओं से मिल रहे सुझावों को स्वयं के लिए प्रेरणास्पद बताया एवम राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की।

उत्पादन | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज की समीक्षा

प्रदेश में 10 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की तैयारी करें: दयानंद

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पॉवर कपनीज के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज, प्रचलित और भावी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लगभग 10 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं की चर्चा की तथा विभिन्न परियोजनाओं के कार्य आगे बढ़ाने हेतु निर्देश दिये ।

श्री दयानंद ने डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में यह बैठक ली जिसमें एम.डी. जनरेशन श्री एस.के. कटियार द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारियां दी गई। वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों को श्री दयानंद ने सराहनीय बताया तथा इसकी निरंतरता बनाये रखने के लिये समुचित मार्गदर्शन दिया। हमारे ताप बिजली घरों का देश के स्टेट सेक्टर यूटिलिटीज में अव्वल आना गौरव का विषय है । वर्ष 2023-2024 में अनाकेंक्षित आंकड़े के अनुसार 800 करोड़ रूपए से अधिक आय की संभावना पर श्री दयानंद ने प्रसन्नता जताई । उन्होंने 2गुणा660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना कोरबा पश्चिम, 1गुणा660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना मड़वा की प्रगति की समीक्षा की। कोरबा पूर्व में 440 मेगावाट की बंद परियोजनाओं की भूमि पर नये बिजली घर लगाने की संभावनाओं पर विचार विमर्श कर निर्देश दिए। श्री दयानंद ने पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 6000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिये आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सोलर पीबी आधारित लगभग 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर भी कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश श्री दयानंद ने दिये। ताप बिजली घरों से निकलने वाली राखड़ के शत प्रतिशत निस्तारण की दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देते हुये श्री दयानंद ने कहा कि पर्यावरण व जनस्वास्थ्य की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये । उल्लेखनीय है कि विगत वित्तीय वर्ष में कुल उत्पादित राखड़ के 81 प्रतिशत का निस्तारण किया गया था। श्री दयानंद ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार होनी चाहिए। भर्ती की कार्य भी मिशन मोड पर हो, जिसका लाभ बेहतर कार्य निष्पादन के रूप में मिलेगा। पॉवर कंपनीज की संपत्तियों पर किसी का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, नियमानुसार कार्यवाही कर उन्हें सख्ती से हटाया जायेगा । वहीं रिक्त पड़ी भूमि के सकारात्मक और उत्पादक उपयोग के संबंध में भी योजना बना कर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी के विभिन्न विभागों के कार्यपालक निदेशक एम.एस. कंवर, सी.एल. नेताम, एम.आर. बागड़े तथा मुख्य अभियंता एच. एन. कोसरिया, हेमंत सिंह, गिरीश गुप्ता, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मोटरयान अधिनियम के तहत 10 वाहन से 13 हजार का समन शुल्क वसूले

कांकेर/नवप्रदेश। परिवहन विभाग कांकेर के द्वारा आज जिले के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन, ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की जांच एवं माल वाहनों में यात्रियों की सवारी पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत परमिट एवं रजिस्ट्रेशन शर्तों के उल्लंघन के आधार पर चालानी कार्यवाही कर समझौता शुल्क के भुगतान के बाद समझाइश देकर छोड़ा गया। इसके तहत आज 39 वाहनों की जांच की गई, जिसमें से फिटनेस व लाईसेंस नहीं होने और सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 10 वाहनों पर कार्यवाही कर 13 हजार रुपए समझौता शुल्क वसूला गया।

जगरगुंडा में आईईडी की चपेट में आने से दो महिलाएं घायल

सुकमा/नवप्रदेश। जगरगुंडा थाना इलाके के भीमापुरम गांव की दो महिलाएं नक्सलियों के रखे आईईडी की चपेट में आने से बुरी तरह से जख्मी हो गई हैं। घायल महिलाओं को तत्काल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की पुष्टि खुद जिले के एसपी किरण चव्हाण ने की है। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने बम को ग्रामीण के घर में रखा था। माओवादियों के रखे बम की चपेट में आने दोनों महिलाएं जख्मी हो गई। बम की चपेट में आने से एक महिला का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। जबकी दूसरी महिला भी बुरी तरह से जख्मी है। नक्सली अक्सर जवानों को निशाना बनाने के लिए जंगल में आईईडी को लगा देते हैं। जवान जब जंगल में सर्चिंग के लिए निकलते हैं तो उसके एंबुश में फंसकर जख्मी हो जाते हैं। नक्सलियों ने बम को प्लांट करने से पहले ग्रामीण के घर में छिपाकर रखा था जिससे धमाका हो गया और उसकी चपेट में दो महिलाएं आ गईं। हादसे के बाद इलाके में जवानों ने सर्चिंग तेज कर दी है। पूरे बस्तर में इन दिनों नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

झारखंड में विधायक राजेश अग्रवाल ने ली चुनावी सभा

सरगुजा/लखनपुर/नवप्रदेश। लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए काठीकुंड मंडल दुमका झारखंड क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी श्रीमती सीता सोरेन के पक्ष में रविवार 26 मई को आयोजित एक जनसभा में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल शामिल होकर केन्द्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के साथ मंच शेयर किया। सभा में शामिल आपार जनसमुह को केन्द्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने स्थानीय प्रचलित भाषा में संबोधित कर श्रीमती सीता सोरेन को भारी बहुमत से जीताने का आव्हान किया। हमें तीसरी बार फिर से देश में मोदी जी का सरकार बनाना है। सशक्त एवं विकसित भारत निर्माण के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेना है। इस सभा को अंबिकापुर विधायक अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

मतगणना में लगे कर्मी सावधानीपूर्वक करें दायित्वों का निर्वहन

गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ई.व्ही.एम. तथा पोस्टल बैलेट के माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारी मतगणना स्थल पर निष्पक्ष रहें और अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सावधानीपूर्वक करें।

सुबह 11 बजे से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ईव्हीएम मशीन के निर्धारित टेबल में पहुंचने पर सीरियल नंबरों का अच्छी तरह से मिलान करने के बाद मतगणना शुरू करें। ईव्हीएम से परिणाम प्राप्त करने के बाद निर्धारित फॉर्म में प्रविष्टि करते समय काफी सतर्कता बरतें। प्रशिक्षण में बताए गए बिन्दुओं एवं निर्देशों पर विशेष ध्यान दें और गणना कार्य को गंभीरता से लें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा ईव्हीएम में डाले गए मतों की गणना एवं व्हीव्हीपैट से मतों की गणना, ईव्हीएम से मतों की गणना से पहले ईव्हीएम सीरियल नंबर का मिलान करने, कंट्रोल यूनिट से परिणाम प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। साथ ही व्हीव्हीपैट के मत पत्रों की गणना के बारे में उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी दी।

गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों को बताई गई पोस्टल बैलट व ईटीपीबी की गिनती संबंधी बारीकियां। प्रशिक्षण सत्र की द्वितीय पाली में आज दोपहर तीन बजे से डाक मतपत्र और ईटीपीबी के गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गणना की प्रक्रिया और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व आवश्यक निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि पोस्टल बैलट और ईटीपीबी की गणना अधिक महत्वपूर्ण होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी पूरी प्रक्रिया की मॉनीटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 टेबल निर्धारित होंगे, जहां पर एआरओ, माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक तथा गणन अभिकर्ता की उपस्थिति में मतों की गणना की जाएगी।

भालू के हमले से महिला घायल, आधार राशन कार्ड के अभाव में इलाज नहीं

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खालेबेदी निवासी बिरोबाई पति सोमारू मंडावी पर भालू ने हमला कर दिया। घायल बिरोबाई को जिला अस्पताल कांकेर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घायल महिला का आधार कार्ड राशन कार्ड स्मार्ट कार्ड के अभाव में आपरेशन नहीं होने से परिजन परेशान हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने घर से खेत की ओर जाने के दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया और एक हाथ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुई बिरोबाई मंडावी का उपचार कांकेर के जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल बिरोबाई मंडावी का कहना है कि डाक्टर ने आपरेशन जरूरी बता रहे हैं, वहीं घायल महिला का आधार कार्ड राशन कार्ड स्मार्ट कार्ड की मांग कर रहे हैं, पर बिरोबाई का राशनकार्ड स्मार्ट कार्ड नहीं बना है, राशनकार्ड में भी नाम नहीं जुड पाया है। आवश्यक दस्तावेजों के नहीं मिलने पर आपरेशन नहीं हो पा रहा है। परिवार वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने आपरेशन भी नहीं करवा पा रहे हैं।

स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की वजह जानने टीम बनाकर करें सर्वे : कलेक्टर

कलेक्टर ने आरटीई को लेकर निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शनिवार अशासकीय स्कूलों के संचालक प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों की बैठक लेकर निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश प्रक्रिया एवं ड्रॉपआउट (शाला त्यागी) विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने बच्चों के ड्रॉपआउट के कारणों को जानने के लिए टीम बनाकर सर्वे कराने और उनका यथासंभव समाधान कर पुनः स्कूलों में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अध्ययनरत् बच्चों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए सत्यापन कराने को भी कहा। उन्होंने अशासकीय स्कूल संचालकों से कहा कि देश में गुरू-शिष्य की परंपरा का पालन करते हुए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के तहत प्रवेशित बच्चों को दूसरे बच्चों की तरह बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करें। उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में ड्राप आउट बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। ऐसे में ड्रापआउट के कारणों को जानने एवं उसके समाधान के लिए कारगर योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे का कक्षावार सर्वे कराएं और उनके शैक्षणिक माहौल, पारिवारिक स्थिति सहित सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए ड्रापआउट के वास्तविक कारणों का पता लगाएं। उन्होंने स्कूल संचालकों से कहा कि आर.टी.ई. के तहत अध्ययनरत बच्चों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाएं। एडमिशन के बाद उन्हें पुस्तक समय पर मिल जाए। कक्षा में पढ़ाई के दौरान में अध्यापकों द्वारा उनके साथ अन्य विद्यार्थियों के भांति समान व्यवहार करें। स्कूल प्रबंधन के किसी भी प्रकार के व्यवहार से ड्रॉप आउट की स्थिति नहीं आनी चाहिए। इस पर कलेक्टर ने आर.टी.ई. के तहत स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति की हर तीन महीने में सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरटीई के तहत चयनित बच्चों की सूची विकास खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यलयों में भी चस्पा करने के निर्देश दिए, ताकि इसकी जानकारी पालकों को भी आसानी से मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि आर.टी.ई. के तहत प्रथम चरण में कुल 941 सीट के लिए 1494 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 767 बच्चों का चयन हुआ है। द्वितीय चरण में शेष 174 सीट हेतु 15 जून से प्रवेश प्रारंभ हो रहा है। सभी स्कूल शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूरी कर लें, प्रवेश प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पुस्तक जिला मुख्यालय से वितरित की जाएगी।

कांकेर के मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान

- **गंदगी देख समाजसेवी संस्था ने कहा जब तक पूरी सफाई नहीं तब तक मुक्तिधाम में चलेगा अभियान**

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग के सदस्य अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में जब स्वच्छता अभियान के तहत अन्नपूर्णा पारा स्थित मुक्तिधाम पहुंचे तो वहां गंदगी तथा कचरे के बड़े-बड़े ढेर देखकर हैरान रह गए। प्रथम दृष्टि में ही ऐसा लगा कि यह कार्य एक दिन में होने वाला नहीं है। इसमें 4 सप्ताह भी लग सकते हैं लेकिन संस्था के सदस्यों ने संकल्प कर लिया कि जब हमने स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर ही दिया है, तो इस मुक्तिधाम को पूर्णतः स्वच्छ करके ही रहेंगे। अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में साफ़ सफ़ाई तुरंत प्रारंभ कर दी गई जिसमें संस्था के सदस्य जितेंद्र प्रताप देव बल्लू राम यादव करण नेताम प्रवीण गुप्ता, दोमेश वलेचा शुभम् सिंह राजपूत आदि के अलावा बुजुर्ग नागरिक रमाकांत शर्मा भी शामिल हो गए और उन्होंने इसे अपना सौभाग्य माना ज्ञातव्य है कि मुक्ति धाम एक लंबे अरसे से सफ़ाई के मामले में उपेक्षित रहा है लेकिन अब अब जन सहयोग संस्था के सामने आ जाने से आम जनता में विश्वास हो गया है कि हमारे काँकेर का मुक्तिधाम जैसा कि कुछ वर्षों पूर्व अत्यंत सुंदर और स्वच्छ था, जिसकी सुव्यवस्था से देखने वाले प्रभावित हो जाते थे ,वैसा ही पुनः हो जाएगा। आज ही यहां स्थित कचरे की बहुत बड़ी मात्रा का निपटान कर दिया गया और आगे ज़रूरत पड़ी तो ट्रैक्टर ,जेसीबी आदि का सहारा भी लिया जाएगा। मुक्तिधाम को पहले की तरह एक बगीचे का रूप दिया जाएगा। सड़कें पगडंडियां सुधारकर शेड जल आदि की पर्याप्त व्यवस्था भी की जाएगी ये विचार जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी द्वारा व्यक्त किए गए। आज के इस स्वच्छता कार्यक्रम को देखकर अनेक नागरिकों ने जन सहयोग संस्था की सराहना की है और अजय पप्पू मोटवानी सहित उनके सभी साथियों के संकल्प का स्वागत किया है।

तूफान ने घरों के छप्पर उड़ाए, तेज बारिश से राशन बर्बाद

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के एक गांव में आंधी-तूफान गरीबों का आशियाना उड़ा ले गया। रात भर लोग दहशत में प्रकृति का प्रकोप सहते रहे। जब लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए थे तो तूफान के कारण उनके छत पर लगे टीन उड़ गई। इसके बाद हुई तेज बारिश ने और तबाही मचाई।

गांव के 27 परिवार ने रात भर प्रकृति का प्रकोप सहा है। तेज आंधी-तूफान ने उनके घरों की छत पर लगे टीन को उड़ाकर काफी दूर फेंक दिया। इसके बाद हुई बारिश ने जमकर तबाही मचाई। घरों पर रखा राशन और सारा सामान बर्बाद हो गया। तेज हवाओं ने आसपास के पेड़ों तक को उखाड़ फेंका।

इससे गरीब ग्रामीणों की समस्या और बढ़ गई है। उन्हें खेती-किसानी के लिए खाद-बीज की व्यवस्था करना है। ऐसे में घर का उजड़ना उनके लिए बड़ी मुसीबत है। अब वे रहने के लिए घर की मरम्मत करेंगे या फिर खेती-किसानी के काम पर ध्यान देंगे। परेशान ग्रामीण सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

राजस्व विभाग के कर्मचारी पहुंचे गांव

घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग के कर्मचारी गांव पहुंचे और घर-घर जाकर हुए नुकसान का जायजा लिया। जिससे कि, ग्रामीणों को मुआवजा दिया जा सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बारूद फैक्ट्री हादसा : प्रशासन...

जिला प्रशासन द्वारा लापता श्रमिकों को भी हादसे का शिकार मानते हुए उचित मुआवजे का एलान करेगी। अधिकारीयों की मानें तो कल शनिवार को 9 मौतों की पुष्टि की गई थी। ऐसे में 8 लापता लोगों को मिलाकर यह संख्या 17 के आंकड़े तक पहुंच गई है। अधिकृत सूत्रों के मुताबिक देर शाम तक वस्तुस्थिति स्पष्ट होगी। यह भी कहा जा रहा है कि घटना स्थल से मलबे में मिल रहे अवशेषों का डीएनए टेस्ट कर पहचान की जाएगी।

मलबा हटाने के दौरान चीथड़ों में मिल रहे अवशेष

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए धमाके में प्रशासन ने 7 मजदूरों के लापता होने की पुष्टि की है। इनकी तलाश के लिए रविवार सुबह फिर मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। रात को अंधेरा होने के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था। इसके बाद रविवार सुबह फिर रेस्क्यू शुरू किया गया। शनिवार देर शाम तक 9 मौतों का, तो लापता 8 मजदूरों की संख्या अगर मिलाएं तो कुल 17 श्रमिकों के हलक होने की बात अधिकारी कर रहे हैं। फिलहाल समय बीतने के साथ ही किसी के जिंदा होने या मृत शरीर मिलने की उम्मीद धूमिल हो चुकी है।

कोयला और पत्थर ...

है। ऐसे विस्फोटकों से शरीर के चीथड़े उड़ने में 0.10 सेकेंड से भी कम का समय लगता है। यह कोयला और पत्थर खदानों में विस्फोट के लिए यूज होता है ऐसे में मानव शरीर अगर इसकी जद में आता है तो अंजाम का अंदाजा क्या होगा यह लगाना मुश्किल है।

कलेक्टर रणबीर बोले......

नहीं है। जिला प्रशासन ने उन चर्चाओं को खारिज किया जिसमें मलबे से गैस के रिसाव होने की बात कही जा रही थी।

हादसा स्थल के...

फैक्ट्री प्रबंधन को तलब किया है।

0 फैक्ट्री में एडवांस्ड विस्फोटक बनाया जा रहा था।

शिशु देखभाल अस्पताल में आधी रात ...

गई और तुरंत नौ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।'

उन्होंने बताया कि कुल 12 नवजात शिशुओं को बचाया गया, जिनमें से छह की मौत हो गई, एक बच्चा गंभीर है। वहीं पांच अन्य का इलाज चल रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि करीब तीन से चार घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कई ऑक्सीजन सिलेंडरों में विस्फोट होने की वजह से आग लगी थी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने हालांकि अभी तक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं किया है। राहत एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है।

पीएम मोदी ने सहायता ...

कहा, दिल्ली के एक अस्पताल में हुए अग्निकांड के मद्देनजर, प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

लापरवाही के लिए जिम्मेदारों को ...

अस्पताल में आग की यह घटना हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं। घटनास्थल पर सरकार और प्रशासन के अधिकारी घायलों को इलाज मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। घटना के कारणों की जाँच की जा रही है और जो भी इस लापरवाही का जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा।

आधी आबादी को देंगे ...

का संकल्प लिया है।

खड़गे ने महालक्ष्मी गारंटी योजना लागू कर इसी साल एक जुलाई से हर महीनें, कांग्रेस ने प्रत्येक गरीब परिवार को बिना शर्त 8,500 रुपए नकद हस्तांतरण करने का संकल्प लिया है। इस तरह हर ग़रीब महिला के बैंक खाते में एक साल में एक लाख़ रुपये आएंगे जिससे उन्हें पढ़ाई, दवाई, कमाई की सहूलियत मिले।

मोदी ने 22 लोगों के 16 लाख ...

किया गया है, लेकिन किसान का कर्ज माफ़ नहीं किया गया। गांधी ने आज हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के नाहन में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करते हुए श्री मोदी पर निशाना साधा।

नक्सलियों के 'बस्तर बंद' का ...

प्रभारी ने भी की है।

नक्सलियों ने बंद को लेकर बीजापुर इलाके में जमकर उत्पात मचाया है। पिछले दिनों भी नक्सलियों ने आवापल्ली-उसूर मार्ग को खोदकर बैनर व पोस्टर रास्ते लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया था।

आमदिनों की तरह मार्गों पर चली गाड़ियां

माओवादियों के बुलाए बंद का कोई खास असर बीजापुर के अंदरुनी इलाकों में नजर नहीं आया। आम दिनों की तरह सड़कों पर गाड़ियां चलती रही हैं। आम दिनों की तरह ही दुकानें और प्रतिष्ठानें भी खुली रहीं। इसके कारण नक्सलियों का बुलाया बंद पूरी तरह से बेअसर दिखाई दिया। बीजापुर के भोपालपटनम, भैरमगढ़, आवापल्ली, जांगला इलाके में जहां नक्सलियों की तूती पहले बोलती थी, वहां भी बंद का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। गौरतलब है कि गत 10 मई को सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ को 'फर्जी' बताते हुए नक्सलियों ने आज बंद का आह्वान किया था।

जनमानस के हौसले से ...

प्रकार के डर भय बिना इन विकास विरोधी तत्वों के विरूद्ध इसी तरह एकजुट रहकर जिले की शांति व्यवस्था और विकास के लिए तत्पर रहने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ में तेंदू पत्ते ...

निवासी मो. अब्दुल करीम खान, शेख नईम और पेदाकुर्ती निवासी कवासी हिड़मा के खिलाफ 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

आठ बाइकों के साथ तेंदूपत्ता जप्त

जानकारी के अनुसार, आरोपी बस्तर के जंगलों से संग्रहण कर सीमावर्ती राज्य आंध्रप्रदेश और तेलंगाना भेजने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग ने तेंदुपत्ता की तस्करी को रोकने के लिए नाकों में तलाशी कर रही है जिसके चलते तेंदुपत्ता सीमावर्ती राज्य ले जाते हुए 8 बाइक जप्त किया गया। जप्त गाड़ियों को वन अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया जाएगा।

चक्रवात 'रेमल' बंगाल तट ...

की ओर बढ़ गया है और आज उसी क्षेत्र पर केंद्रित है। वर्तमान में चक्रवात केंद्र के आसपास 95-105 किमी प्रति घंटे से लेकर 115 किमी प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवा की गति बनी हुई है।

विभाग ने कहा, इसके उत्तर की ओर बढ़ने और तेज होने तथा अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में आज आधी रात तक मोंगला (बंगलादेश) के दक्षिण-पश्चिम के करीब सागर द्वीप और खेपूपारा के बीच तथा आसपास के पश्चिम बंगाल तटों को पार करने की बहुत संभावना है। उस समय रेमल की गति 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक होगी।

मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन में कहा, बंगाल की उत्तरी खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान रेमल 6 घंटों के दौरान 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर की ओर बढ़ा और गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया। यह रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर 19.5 डिग्री अक्षांश और 89.3 डिग्री देशांतर खेपुपारा (बंगलादेश) से लगभग 290 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम में, मोंगला (बंगलादेश) से 330 किमी दक्षिण में, सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से 270 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में, दीघा (पश्चिम बंगाल) से 390 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में) और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 310 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था।

स्वच्छ भारत मिशन को ...

गया है, जिससे देखने वाले को लगे कि ग्रामीणों के लिए कितनी बढ़िया सुविधा है, लेकिन विडंबना है कि सालों पहले बनाए गए सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था तक नही की जा सकी है। भीतर निर्माण कार्य अधूरा है। दर्जनों शौचालय में सीट, प्लास्टर नही किया गया है। इस वजह से शौचालयों में ताला लगा दिया गया है जिसके कारण इसका उपयोग आज तक नही हो पाया है। ऐसे में कहा जाए शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोग केंद्र की महति योजना को पलीता लगा रहे हैं।

काम पूरा कराने अधिकारियों के पास समय नहीं

स्वच्छ भारत मिशन योजना को इन सामुदायिक शौचालय में लगे ताले मुंह चिढ़ाते नजर आ रहे है। संबधित विभाग के अधिकारियों के पास इतना भी समय नही कि इन शौचालयों का निरीक्षण कर जनता के लिए खोलने की व्यवस्था की जाए। स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि बगैर निरीक्षण किये शायद कागजो में मूल्यांकन और सत्यापन हो गया है, जिसके कारण करोड़ों की राशि का आहरण हो जाने के बावजूद शौचालय का लाभ जनता को नही मिल पा रहा है। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि बगैर उपयोग के ही कई शौचालय के टाईल्स और दिवारे जर्जर हो रही है। जगह-जगह उखड़कर गिरने लगी है। माना जा रहा है कि लाखों खर्च के बाद भी उपयोग नहीं होना सोचनीय है।

पूर्व विधायक ने कहा करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत

मामले पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय काफी गंभीर है। साथ ही जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतो को करोड़ो रुपये शौचालय निर्माण के लिए दे रहे है। बावजूद जिम्मेदारों की मनमानी से योजना सार्थक साबित नही हो रही है। उन्होने कहा जिम्मेदार अफसरो को चाहिए कि धरातल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत हो। शौचालय का लाभ दिलाने इसमें पानी व अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

नक्सलियों के बंद के आह्वान को बीजापुर के लोगों ने नकारा

- **मुख्यालय सहित अंदरूनी क्षेत्रों की दुकानें आम दिनों की तरह संचालित हुई**
- **साप्ताहिक बाजार बीजापुर में दिखा रौनक**

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रतिबंधित माओवादी संगठन द्वारा आज 26 मई को बंद का आह्वान किया जिसका असर बीजापुर जिले में नहीं पड़ा जिले के नागरिकोंध्व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें अन्य दिनों की तरह संचालित की यातायात एवं यात्री बसे, आटो रिक्शा इत्यादि आवागमन के साधन भी सुचारू रूप से संचालित हुआ, वहीं आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग किया। प्रतिबंधित संगठनों द्वारा इसके पूर्व भी दो बार बंद का असफल आह्वान कर चुके है। और आज भी जिले के नागरिकों ने नक्सलियों के उम्मीदों पर पानी फेरते हुए बंद को पूरी तरह असफल किया।

वहीं आज बीजापुर मुख्यालय का साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण बीजापुर के सुदूर गांवो सहित अन्य जिले के नागरिक एवं व्यापारी भी पूर्व की भांति बाजार पहुंचे। बाजार मे रौनक देखने को मिला। अब बीजापुर की नागरिक नक्सलियों के भय और आतंक को नकारते हुए शासन-प्रशासन पर भरोसा कर जिले में शांति व्यवस्था के लिए प्रयास कर रही है और इनके आंतक और भय के माहौल के विरूद्ध खड़ी हुई दिखाई पड़ रही है। बीजापुर जिला मुख्यालय सहित भोपालपटनम, भैरमगढ़, उसूर सहित अन्य अंदरूनी क्षेत्रों में नागरिकों एवं व्यापारियों ने भयमुक्त होकर अपनी व्यवसाय चालू रखा। कलेक्टर एवं जिला दंण्डधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के जनमानस की सहयोग और हौसला के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुऐ किसी भी प्रकार के डर भय बिना इन विकास विरोधी तत्वों के विरूद्ध इसी तरह एकजुट रहकर जिले की शांति व्यवस्था और विकास के लिए तत्पर रहने की अपील की हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

समर कैंप में बच्चों ने सीखा डांस और योग

धमतरी/नवप्रदेश। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला गोकुलपुर में चल रहे समर कैम्प में बच्चों को शिक्षक गिरीश साहू द्वारा योग व्यायाम, ड्राइंग पेंटिंग गीत संगीत एवं मनप्रीत मैम द्वारा डांस सिखाया गया। नास्ता में बच्चों को इडली सांभर,मीठा में जलेबी एवं केला फल का वितरण किया गया।समर कैम्प का आकस्मिक निरीक्षण बी ई ओ अमित तिवारी एवं बी आर सी सी ललित सिन्हा श्रीमती नविता तिवारी मैम संकुल समन्वयक गोकुलपुर द्वारा किया गया । कार्यक्रम में एस एम सी सदस्य ,प्रधान पाठक एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

पत्रकार के पुत्र की फिल्म का नगर में प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व लक्ष्मण दास किंगरानी के इंजीनियर सुपुत्र दीपक किंगरानी की लिखी फिल्म भैयाजी का प्रदर्शन शहर के सिटी प्लैक्स सिनेमा में चल रहा है। दीपक की शुरू से ही लेखन में रुचि रही है और उनकी लिखने की शैली और रुचि की वजह से उनकी यह छठवीं पटकथा है.। वैसे फिल्म निर्माण मनोज बाजपेयी के साथ वो दूसरी बार.किए है तो वहीं एक बार अक्षय खन्ना जावेद जाफरी जैसे कलाकारों के साथ भी फिल्मों का निर्माण किया है। दीपक किंगरानी की लिखी फिल्म भैयाजी का प्रदर्शन नगर के सिटी फ्लेक्स सिनेमा मे चार शो में चल रहा है।

झीरम घाटी में मारे गए कांग्रेस नेताओं को दी श्रद्धांजलि

धमतरी/नवप्रदेश। 25 मई 2013 के नक्सली हमले में मारे गए नेता नंद कुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन धमतरी में शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उन्होंने हिंसा का विरोध करने की शपथ ली। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, घनश्याम साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, वरिष्ट कांग्रेस नेता रामनाथ यादव, तिलक सोनकर, गेंदलाल साहू, पार्षद दीपक सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष होमेश्वर साहू, सबीना खान, गणेश्वरी कामड़े, विशु देवांगन, पवन यादव, गोस्वामी, सूरज पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

7 रेत खदानों के लिए कलेक्टर ने जारी किए आदेश व निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम के तहत् जिले में कुल 7 रेत खदान चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरौद, माहुद, भुईंगांव, भिरौद, तेलगुड़ा, करिहा तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम पंचायत पित्तेफुलचुर स्वीकृत एवं संचालित हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त रेत खदानों हेतु अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया है, तथा जिला अंकेक्षक प्रभारी बृजलाल देवा को नोडल एवं करारोपण अधिकारी नारायण सिंह कुरेटी, दिलदार सिंह मरकाम और रमेश कुमार किशोरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। सहायक नोडल अधिकारी के साथ खनिज विभाग से ज्ञानी प्रकाश कोसले अनुरेखक जांच दल को सहयोग प्रदान करेंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त स्वीकृत एवं संचालित रेत खदानों के लिए आदेश एवं निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी रेत खदानों में रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा की जाए तथा रिवर बेड में भारी वाहनों को प्रवेश न दिया जाए। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने रेत खनन कार्य में लगे सभी श्रमिकों के बैंक खाते खुले हैं या नहीं, यह सुनिश्चित करने कहा है। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि यदि खाते नहीं खुले हैं तो खुलवाया जाए एवं श्रमिकों को भुगतान ग्राम पंचायत के खाते से किया जाए। नाकों से परिवहन होने वाले रेत वाहनों की अभिवहन पार पत्र का शत-प्रतिशत जांच की जाए एवं वाहनों में ओव्हर लोड पाए जाने पर आरटीओ. एवं पुलिस विभाग को सूचित कर कानूनी कार्यवाही किया जाए। नाकों में संधारित पंजी में वाहन तथा खनिज का पूर्ण विवरण जैसे वाहन मालिक का नाम, वाहन चालक का नाम, वाहन क्रमांक, वैध अभिवहन पार पत्र, की जानकारी आदि रखा जाए।

कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि पंजी में दर्ज वाहनों की ग्राम पंचायत से जारी पंजी से प्रति सप्ताह मिलान किया जाकर विसंगति होने की स्थिति में ग्राम पंचायत, वाहन मालिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। गैर स्वीकृत खदान से अवैध परिवहन करने वाले वाहनों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) नियम, 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अतिरिक्त भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247 के तहत भी कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए।

यातायात पुलिस व्दारा 20 ट्रकों पर चालानी कार्यवाही

भिलाई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव द्वारा सड़क दुर्घटना नियंत्रण हेतु रामदरबार सर्विस रोड पर अव्यवस्थित खड़े 20 ट्रकों पर चालानी कार्यवाही किया गया।

एफसीआई संचालकों से यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी नही करने के संबंध में मीटिंग लिया गया। सभी ट्रक चालकों को सर्विस रोड में वाहन नही खड़ी करने हिदायत दिया गया, साथ ही भविष्य में भी रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी करने पर लगातार चालानी कार्यवाही किया जायेगा।

नुक्कड़ नाटक से जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश

■ जल जगार उत्सव आयोजित

धमतरी/नवप्रदेश। वर्षा जल का संचयन, पौधारोपण, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई कर भू जल स्तर बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गांवों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सहित बोर स्ट्रक्चर बनाने की समझाइश ग्रामीणों को दी जा रही है। आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम गणेशपुर में आयोजित जल जगार उत्सव में बच्चों ने आकर्षक नृत्य, नुक्कड़ नाटक और परिचर्चा के जरिए उपस्थितों को समझाया कि जल है तो कल है, इसलिए हम सबको पानी का सदुपयोग करना और व्यर्थ में पानी नहीं बहने देना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शन के जरिए यह भी बताया कि ग्रामीण अपने-अपने घरों और आसपास में स्थित जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने, एक व्यक्ति कम से कम एक पौधा का रोपण करने और रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर स्ट्रक्चर इत्यादि बनाये जायें।

विधायक इंद्र साव ने किया सिमगा में अस्पताल का उद्घाटन

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इंद्र साव ने सिमगा में नवीन समृद्धि अस्पताल का उद्घाटन गुरुवार 23 मई को फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक श्री साव ने सिमगा नगर एवं आसपास के लोगों को इस अस्पताल के खुलने पर खुशी जताते हुए बधाई दी। इस अस्पताल का संचालन जिले में रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर के .आर .सोनवानी द्वारा संचालित किया जाएगा।

विधायक श्री साव ने डॉक्टर के. आर. सोनवानी के सरकारी सेवा के दौरान किए गए जन सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉक्टरी पेशे से सोनवानी का एक बड़ा नाम है और इस क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि डॉक्टर सोनवानी ने सिमगा से ही इस पेशे की शुरुआत की थी। उनका इस क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव ही है कि जो जिले में सीएचएमओ जैसे बड़े पद में रहने के बावजूद सिमगा जैसे नगर को अपनी सेवाएं देने हेतु आये है। विधायक श्री साव ने डॉक्टर सोनवानी को क्षेत्र में सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया तथा

आशा व्यक्त की है स्पर्धा के इस दौर में यह संस्थान गरीब, मध्यम वर्ग के लोगों की अच्छे से सेवा करने में सफल होगा तथा स्वास्थ्य लाभ के लिए अब लोगों को रायपुर अथवा अन्य शहर जाने की जरूरत कम पड़ेगी। डॉक्टर के .आर .सोनवानी ने कहा कि सिमगा मेरे जीवन काल में सबसे लगाव वाला क्षेत्र रहा है। यहां से ही उन्हें पहचान तथा अपनापन मिला था।

शिक्षकों को दो माह का नहीं मिला वेतन

धमतरी/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारियों को मार्च अप्रैल का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। इसके कारण शिक्षा सेवा प्रदाता आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। उच्च कार्यालय के अधिकारी मौन हैं। शिक्षकों की कमी वाली संस्था में 8000 से 12000 अल्प वेतन पर व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक सेवा प्रदाता की नियुक्ति की गई थी कार्य के नियम ऐसे बनाए गए थे कि प्रत्येक माह को उपस्थिति उच्च कार्यालय द्वारा गणना में पूरी गंभीरता दिखाई देते थे लेकिन वेतन दिलाने में नही ।अभी सेवा प्रदाता का मार्च व अप्रैल 2 माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने पर छ ग व्याख्याता एल बी एवं समस्त संगठन के प्रांत अध्यक्ष व छ ग शिक्षक कांग्रेस उपाध्यक्ष रायपुर लालबहाहादुर साहू को फोन कर वेतन नहीं मिलने की जानकारी दी।

जन प्रतिनिधि का अपमान बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर से शिकायत: विहिप

धमतरी/नवप्रदेश। चुने गए जनप्रतिनिधि से अधिकारी व्दारा बदसलूकी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ विहिप और बजरंग दल ने अधिकारी पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 24 मई को जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव के साथ खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा किये गये दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन ने कहा है कि श्री ध्रुव चैन माउटिंग तथा जेसीबी के द्वारा अवैध रेत उत्खनन किए जाने की शिकायत लेकर खनिज अधिकारी से मुलाकात करने गये थे । जहाँ पर खनिज अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य खूबलाल

ध्रुव को धमकाया गया तथा उन्हें अपमानित किया गया और पुलिस बुलाकर ऑफिस से बाहर निकाला गया जो कि एक शर्मनाक बात है। जन प्रतिनिधि जनता के मुद्दे को उठाकर उनका कार्य कराने हेतु सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करते हैं लेकिन कुछ अधिकारी अपनी गलतियों को छुपाने के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। घटना का वीडियो वॉयरल होने पर विश्व हिंदू परिषद को भी घटना की जानकारी हुई। विहिप बजरंग दल पर्यावरण के खिलाफ किये जा रहे गतिविधियों को रोकने के लिए पूर्व में भी कलेक्टर को आवेदन सौंप चुके हैं। लेकिन आज भी अवैध उत्खनन जारी है जिसका संज्ञान जिला पंचायत खूबलाल ध्रुव ने लिया। चूंकि उत्खनन क्षेत्र ध्रुव जी का जिला पंचायत क्षेत्र में आता है।

मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ बारिश के मौसम में खाद्यान्न और जरूरी सामग्री का स्टाक रखने के दिए निर्देश

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल. चौहान की अध्यक्षता में शनिवार 25 मई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर चर्चा कर बचाव व राहत के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत संबंधी तैयारी की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने कहा। उन्होंने कहा कि जिले की प्रमुख नदी शिवनाथ, महानदी एवं जोंक के साथ ही अन्य नदी एवं नालों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव एवं राहत सहित सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यक तैयारी रखें। नगर सेना द्वारा काम से कम 10 नाविक की टीम तैयार रहे। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में सरपंच की अध्यक्षता में टास्क फोर्स टीम का भी गठन करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नगर सेना के तैराक और ग्रामीण स्तर पर चिन्हाकित तैराक की जानकारी रखें। बारिश के समय बिजली की व्यवस्था को भी दुरूस्त रखें। बारिश से पहले नगर में नाली की सफाई व ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित किया जाए। शाहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। पुराने व जर्जर मकानों तथा पेडों का चिन्हांकन भी करें ताकि गिरने से पहले ही आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। तहसीलों में वर्षा मापी यंत्र को सक्रिय करने तथा जिला एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बार क्षेत्र के पहुंच विहीन पीडीएस दुकानों में राशन भंडारण पूरा करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत और फसल क्षति की राशि को तत्काल स्वीकृत कर संबंधित लाभार्थियों को दिलवाया जाए।

सामान चोरी कर लगा दी आग

दुर्ग। जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत अज्ञात आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी आटो का पहले सामान चोरी किया, उसके बाद उसमें आग लगा दी। पड़ोसी ने जब इसकी जानकारी आटो मालिक को दी तो उन्होंने आग को बड़ी मुश्लिक से बुझाया। इसके बाद कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांधी नगर डिपरापारा निवासी जब्बार अली ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

हुनरमंद हो रहे हैं बच्चे समर कैंप में

भटगाव/नवप्रदेश। विकास खण्ड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला पीपर भवना (ग)और संकुल केंद्र दुरुग में आने वाले सभी P/S ,M/S, HSS स्कूल के सभी बच्चे आते हैं और मिलकर संकुल केंद्र दुरूग में समर कैंप में सभी शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित होकर बच्चों को सीखा रहे हैं। जिसमें TLM निर्माण ,मिट्टी के खिलौने,रंगोली,नित्य,गीत,कविता, गायन वादन, निबंध, लेखन, हस्तशिल्प, खेलकूद, पेंटिंग, कराटे, फुगड़ी, भंवरा, बाटी,मेहंदी, कपड़े से गुड़िया बनाना, चित्रकला, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में शिक्षकों द्वारा जरूरतों की समान और बच्चों के लिए सुबह के नास्ता, ठंडा,का व्यवस्था किया गया है बच्चें उत्साह के साथ समर कैंप में भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से HSS दुरुग स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कमला रानी डहरिया , दिनेश कुमार डहरिया(प्रधान पाठक)P/S दुरुग, अरविंद खूटे दुरुग,श्रीमती भारत माता खटकर (प्रधान पाठक) P/S पीपर भवना (ग),श्रीमती फूलकुमारी निराला(शिक्षिका)P/S धनोरा, धनेश राम (लेक्चरर) HSS दुरुग, अघोरीलाल चौहान(बाबू)HSS दुरुग, कैलाश टंडन(पीयून)HSS दुरुग, आदि सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।समर कैंप में आज मेहंदी कार्य और कागज से बने खिलौनों के लिए इस तरह की गतिविधि के लिए सराहना किए।

कलेक्टर ने मतगणना की तैयारी का लिया जायजा

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने शुक्रवार को नवीन मण्डी परिसर स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना टेबल और जाली घेरा के बीच करीब एक फीट की दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। तीनों विधानसभा के मतगणना कक्ष में कूलर व एक्झास्ट लगाने कहा। मतगणना कक्ष में एआरओ एवं एएआरओ की अलग -अलग बैठक व्यवस्था, कम्प्यूटर सिस्टम एवं फ़ोटो कॉपी मशीन के लिए भी उपयुक्त स्थान चयन करने कहा। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना हाल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल एवं कैमरा ले जा सकते हैं।

महिला से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। थाना सुपेला पुलिस ने चाकू की नोक पर महिला से लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ्लता पाई है। सुपेला थाना निरीक्षक राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रार्थिया लावन्या बाघ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की 24 मई के दिन करीबन 10:30 बजे होटल काम करने जा रही थी। जैसे ही फरीद नगर मैदान के पास पहुंची थी तभी एक लड़का मुंह में कपड़ा बांध कर आया और चाकू दिखा बैग को लूटकर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सूचना पर संदेही के तलाश में जुट गई तथा प्रार्थिया के बताये हुलिया व मुखबीर के आधार पर संदेही आकाश चैहान उर्फ झटका को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुलिस को गुमराह करते हुए नकारता रहा किन्तु बारिकी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए लूट की गई सम्पत्ति को बरामद कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

समर कैंप में बच्चों ने सीखा पीपल के पत्तियों पर पेंटिंग करना

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शला कारीपाट में प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना द्वारा समर कैंप का सफल संचालन किया जा रहा है। जिसमें बच्चे सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक समर कैंप में भाग लेते हैं प्रधान पाठक विनोद डडसेना द्वारा समर कैंप में टी एल एम निर्माण मिट्टी के खिलौने बनाना ,जुट आर्ट, क्राफ्ट ,पेंटिंग, लिप आर्ट जिसमें पीपल के पत्तियों में पेंटिंग बनाना, कागज के खिलौने निर्माण, गुलदस्ता बनाना, खेल लूडो कसाडी, बांटी,भवरा, गिल्ली डंडा सहित जीवन कौशल से संबंधित जैसे गीत ,कविता कहानी नृत्य, मेहंदी,रंगोली, कपड़े की गुड़िया बनाना ,जैसे विभिन्न कलाएं सीख रहे हैं। जब बच्चों ने पहली बार शिक्षक विनोद डडसेना के मार्गदर्शन में पीपल के पत्तियों में आकर्षक पेंटिंग बनाना सीखे तब उनके चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिली। बच्चों ने जब घर जाकर अपने पालकों से अपने

पेंटिंग के बारे में बताया तब पालकों ने भी बच्चों के पेंटिंग देखकर बहुत खुश हुए तथा बच्चों को रोज समर कैंप में जाने हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसमें रिया यादव, रूद्र साहू, चंचल यादव, अननन्या, सागर यादव, प्रदीप यादव, राज यादव, चिराग साहू, परी केवट ,परम केवट ,दीपक साहू, लक्ष्मीकांत साहू ,मनोज कुमार केवट, फुलेश्वर केवट ,सात्विक साहू ,दक्ष डडसेना, कामाक्षी डडसेना, रितिका देवांगन आदि शामिल हो रही हैं। शिक्षक विनोद डडसेना बच्चों को तरासने का कार्य कर रहे हैं। शिक्षक इस कार्य की सराहना करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी,एस एन साहू, बीआरसीएम आर साहू ,संकुल प्राचार्य, आरके साहू, संकुल समन्वयक रमेश पैकरा, दिनेश साहू व शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित पालक अभिभावक व शाला प्रबंधन समितियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

वैज्ञानिक विधि से तालाबों के संरक्षण की पहल

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत के गांधी सागर, माता तालाब, केकराल तालाब, गुढ़ियारी तालाब को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन कराया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य तालाबों को गहरा करने और तालाबों से गाद हटाने की आवश्यकता निर्धारित करने का है। इसकेअभियान चलाया जा रहा है। यह अध्ययन नम्रता गांधी कलेक्टर, जिला- धमतरी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी चंदन शर्मा, उपअभियंता झनक लाल उइके, के निरीक्षण में किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. डी.सी. झारिया कर रहे हैं। इस टीम में सीनियर रिसर्च फेलो मयंक श्रीवास्तव के साथ एम.टेक. छात्र गौरव देव, तेजस्वी देवांगन और इंटर्न निहाल महत शामिल हैं ।

खसरा विहीन नक्शा सुधार के लिए चलेगा अभियान

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल.चौहान ने शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार आर आई एवं पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और उन्होंने खसरा संकलन में शेष तथा खसरा विहीन नक्शा वाले जमीन का नक्शा सुधार के लिए अगले महीने से अभियान चलाने के निर्देश भी दिया ।

कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद राजस्व के कार्यो में तेज गति से कार्यवाही के लिए सभी मानसिक रूप से तैयार रहें। सबसे पहले त्रुटि पूर्ण नक्शा बटांकन का संकलन कर सुधार करने का कार्य करना है। इसमे सोनाखान,पलारी और कसडोल तहसील में ज्यादा नक्शा विहीन खसरे हैं। उन्होंने कहा कि आर आई व पटवारी आपस मे समन्वय बनाकर इस कार्य को समय पर पूरा करने का लक्ष्य बनाएं। जिन हल्का पटवारी के यहां नक्शा विहीन खसरे कम है वे जहां ज्यादा लंबित है उस हल्का पटवारी का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विशेष रुचि व लगन से करें। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सीमांकन के प्रकरणों का भी निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि खसरा अपडेशन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और संबंधित पर कार्यवाही भी होगी।

न्यूज गैलरी

रोड खराब करने पर नाराजगी जताई उपमुख्यमंत्री ने

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अपने एक दिवसीय रेंगाखार प्रवास पर जा रहे थे । रास्ते मे बिजली खंभे को ट्रैक्टर से रोड में घसीटते हुए ले जा रहे थे जिससे पूरा रोड खराब हो रहा था जिसको देखते ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने अपना काफिला रुकवा कर ठेकेदारों के कर्मचारियों से बात चीत की और बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर निर्देशित किया अपने सुविधा के लिए सड़को को नुकसान पहुंचाते हुए इस तरह खम्बे का परिवहन उचित नही है । भविष्य में विभाग ध्यान रखे खम्भे का परिवहन उचित साधन से करे व नए बिजली पोल जहाँ भी लगाए जा रहे है उसकी मजबूती का ध्यान रखे बारबार खम्भे के हिलने गिरने की समस्या से बिजली बाधित नही होना चाहिए । जो भी कार्य है गुणवत्तापूर्ण होना सुनिश्चित करें ।

पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से हटा दिए गए 3 ट्रैफिक सिग्नल

राजिम/नवप्रदेश। धर्मनगरी राजिम में ट्रैफिक समस्या से निजात देने के लिये छत्तीसगढ़ शासन ने लाखों रुपया खर्च कर चौराहे के चारों किनारे ट्रैफिक खंभा खड़ा कर दिए थे। इन खम्भे में से तीन खंभे हटा दिए गए हैं और मात्र एक खंभे दिखाई दे रहे हैं। यह खंभा राजीवलोचन मंदिर पहुंचने के मार्ग की ओर खड़ा है। बाकी गरियाबंद देवभोग मार्ग की ओर लगे हुए खंभे कब के हटा दिए गए है। इसी तरह से ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर जाने वाले मार्ग पर भी खंभे लगाए गए थे इनका अता पता नहीं है अर्थात बहुत पहले से इन्हें हटा दिया गया है। तीसरी खंभा राजधानी रायपुर जाने वाले सड़क मार्ग की ओर खड़े थे। इनका कुछ पुर्जा टूटा हुआ दिखाई दे रहा है। अर्थात यह खंभा से कोई बड़ी गाड़ियां आकर टकराए होंगे जिसके कारण यह टूट गया। इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि सड़क संकरा है तो फिर ट्रैफिक सिग्नल क्यों लगाया गया। ज्ञातव्य हो कि राजधानी रायपुर से देवभोग जाने वाले तमाम छोटी-बड़ी गाड़ियां तथा महासमुंद की ओर जाने वाले लोडिंग बड़े वाहन इसी मार्ग से होकर आवागमन करते हैं। शहर के अंदरूनी भागों से होकर ही सारी गाड़ियां दूसरे शहर की ओर प्रस्थान करती है।

निनवा स्कूल में समर कैंप का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश।प्राथमिक शाला निनवा संकुल केंद्र निनवा विकासखंड बेमेतरा में 5 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस समर कैंप में बच्चे विभिन्न प्रकार के जानवरों की मुखौटे बनाने सीखें, कागज की टोपी व अन्य कलाकृतियां बच्चें बहुत ही खुशी के साथ बनाना सीखें। इस अवसर पर प्रथम दिवस संकुल समन्वयक निनवा आकाश सोनी के द्वारा बच्चों को ट्रॉफी वितरण किया गया, जिससे बच्चें बहुत खुश थे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक सरिता मानिकपुरी, कामिनी मंडावी, खेलावन मिरचंडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

नवागढ़ ब्लॉक के लिए राशि आबंटित नहीं की गई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखकर नवागढ़ ब्लॉक के किसानों को फसल क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया कि माह फरवरी-मार्च में हुई असमय बारिश एवं ओला वृष्टि से नवागढ़ विधानसभा के किसानों की राज्य सरकार द्वारा फसल क्षतिपूर्ति के लिए जारी फसल को व्यापक क्षति हुई है, राशि का आबंटन 15 मई को कलेक्टर बेमेतरा द्वारा तहसीलदारों को जारी किया गया है। जिसमें नवागढ़ ब्लॉक के लिए राशि आबंटित नही की गई है इससे ब्लॉक के बड़ी संख्या में किसान क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित हो गए हैं। बंजारे ने राजस्व मंत्री से मांग किया है कि किसानों को तत्काल फसल क्षति की राशि दिलाते हुए उन्हें खरीफ फसल की तैयारी में सहयोग प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी-मार्च में हुई बारिश से नवागढ़ विधानसभा में चना, गेंहू, तिवरा की फसल के साथ-साथ धनिया मसूर को नुकसान हुआ था।मार्च महीने में कृषि विभाग की टीम बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मौके का निरीक्षण करने खेत तक पहुंची थी। हाल में कलेक्टर ने जो राशि जारी की है उसमें नवागढ़ ब्लाक का नाम नहीं था।

भोरमदेव अभ्यारण में किया गया द्वितीय पूनम अवलोकन

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रत्येक माह पूर्णिमा की तिथि पर संपूर्ण कर्मचारी वन मंडल अधिकारी से लेकर वनरक्षक एवं चौकीदार स्तर तक के कर्मचारी अधिकारी अभ्यारण्य के वन क्षेत्र में पैदल गस्ती पूरी रात करेंगे। पूनम अवलोकन की इस परिपाटी का शुभारंभ 23 अप्रैल की रात्रि से किया गया था। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस माह की पूर्णिमा 23 मई 2024 को भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया गया।अभयारण्य क्षेत्र में रात्रि गस्त करने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए कुल 18 दल का गठन किया गया था। प्रत्येक दल के लिए पृथक पृथक गस्ती मार्ग का भी निर्धारण पूर्व से ही कर लिया गया था जिससे की संपूर्ण अभयारण्य क्षेत्र का एक साथ अवलोकन किया जा सके। प्रत्येक दल में न्यूनतम 5 सदस्य रखे गए थे। प्रत्येक दल के द्वारा 15 से 25 किलोमीटर तक की पैदल गस्ती रात्रि 8-00 बजे से सुबह 4-00 बजे के मध्य की गई है। विभिन्न दलों को रात्रि गस्त के दौरान गौर, भालू, उल्लू खरगोश गौर तेंदुआ सांप पाम सिवेट चीतल आदि वन्य प्राणी वन क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। पूनम अवलोकन का उद्देश्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ एक साथ पूरे अभ्यारण में गस्त करने से वन्य प्राणियों पर निगरानी रखना है।

स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम अभियान के तहत 579 गांवों में सरकार देगी दस्तक

बीजापुर/नवप्रदेश। शिक्षा को जन आंदोलन बनाने के लिए बस्तर जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरु की है. बीजापुर कलेक्टर ने स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम- अभियान की शुरुआत की है. अभियान के तहत शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारी तीन नगरीय निकायों के 579 गांव में दस्तक देंगे. गांव में दस्तक देने का मकसद होगा ऐसे बच्चों की पहचान करना जो स्कूल छोड़ चुके हैं।

बच्चों को दोबारा स्कूल लाने के लिए ये पहल शुरु की गई है. अभियान को सफल बनाने के लिए 624 सर्वे दल का गठन किया जाएगा. सर्वे दल के लोग गांव गांव जाकर ऐसे बच्चों की जानकारी जुटाएंगे जो स्कूल छोड़ चुके हैं। स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम अभियान की शुरुआत- अभियान की शुरुआत करते हुए कलेक्टर ने सर्वे दल के लोगों से कहा कि बच्चों को अच्छी और रोजगार परक शिक्षा मिले इसके लिए आप सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी. शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा के सागर से जोड़ने के लिए आपको मैदान में उतरना होगा. हमारी कोशिश है कि बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छा माहौल दिया जाए. साकारात्मक प्रयास किया जाए. ये अभियान एक दिन सबके लिए मिसाल बनेगा। बच्चों की शिक्षा में जो वजह बाधा बन रही है उसे हमे दूर करना है. शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है. शिक्षा के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है. रंग लाएगा अभियान नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में स्कूल चले अभियान जिसे स्थानीय भाषा में -स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम कहा जाता है जरुर रंग लाएगा. नक्सलवाद के दंश के चलते बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं. सरकार की ये पहल काबिले तारीफ है।

> बच्चों को शिक्षा से जोड़ना हमारा काम है. सब मिलकर अगर मेहनत करेंगे तो स्कूल वेंडे वर्राट पडूंम महाअभियान जरूर सफल होगा. बच्चे जो स्कूल छोड़ चुके हैं वो फिर स्कूल के कैंपस में नजर आएंगे।
> **अनुराग पांडेय, कलेक्टर, बीजापुर**

बेरला जनपद के अध्यक्ष पद पर अंजनी और यामिनी सुरेश उपाध्यक्ष निर्वाचित

कहीं नजर ही नहीं आई कांग्रेस

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजनीतिक लिहाज से कहा जाए तो बेरला जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव राजनीति में दखल देंने वालो के लिए एक तरफ से प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। जिसके चलते ही पर्याप्त जनपद सदस्यों की बहुमत होने के बावजूद भी एक बार निर्वाचन की प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा 24 मई को बेरला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन के लिए नियत की गई थी, जिसके चलते निर्धारित समय पर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई।

अंजनी कुमार चन्देल को मिले 18 मत - जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित अंजनी कुमार चन्देल और भाजपा के ही चंद्रिका बाई वर्मा दोनों ने अपनी उम्मीदवारी बताते हुए नामांकन भरा था, परिणाम स्वरूप 25 जनपद सदस्यों वाली जनपद पंचायत में अंजनी कुमार चन्देल को 18 मत प्राप्त हुए, जबकि चंद्रिका बाई वर्मा को महज 7 मत ही मिल पाए। जिसके चलते अंजनी कुमार को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए लगभग स्थिति इसी तरह से बनी रही।यामिनी वैष्णव को 16 मत प्राप्त हुए, वही सरस्वती साहू को 6 मत प्राप्त हुए, तीन मत को अवैध घोषित कर दिया गया, बहरहाल निर्वाचन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पिंकी मनहर ने विजयी के नाम घोषित कर दिया।

कही नजर ही नहीं आई कांग्रेस - जनपद पंचायत बेरला में इससे पहले कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष थे, जिनको अविश्वास प्रस्ताव के चलते अपना पद गवाना पड़ा था, किंतु आज के हुए मतदान में कांग्रेस तो कही नजर नहीं आई, वही भाजपा दो गुटों में बंटकर आमने सामने ताल ठोकते हुए नजर अवश्य आये। इससे पहले यह बताना लाजमी होगा कि पूर्व में भी निर्वाचन के लिए तिथि जिला प्रशासन के द्वारा घोषित किया गया था, भाजपा के अंदुरनी लड़ाई के चलते यह प्रकिया स्थगित कर दिया गया था।इस बीच कई तरह के समीकरण बनते और बिगड़ते रहे किंतु अध्यक्ष पद के लिए प्रीतम चन्देल के दावेदारी को प्रभावित नहीं कर सके। जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर - निर्वाचन परिणाम घोषित के बाद समर्थकों में जैसे ही प्रीतम चन्देल व यामीणी वैष्णव व सभी जनपद सदस्य बाहर निकले जय श्रीराम, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से हाल गूंजता रहा, समर्थकों ने फूल माला पहनाकर व पटाखा फोड़ के जश्न मनाना शुरू कर दिया। वही प्रीतम चन्देल व यामिनी वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीत सभी की जीत है और हमारा काम सभी को एक साथ लेकर बचे हुए दिन में जनहित कार्य को तेजी लाकर लोगों की जनसेवा करना है। जीत के बाद नगर में विराजमान भगवान बजरंग बली के आशिर्वाद लेने अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्य व समर्थक पहुँचे, उसके बाद प्रीतम चन्देल अपने कुल देवता सिंवार में विराजमान साथ ही क्षेत्र के ग्राम परपोड़ा में स्थित लटटी बाबा आशिर्वाद लेने पहुँचे, जहाँ ग्राम परपोड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

धन्य है छग की भूमि जहां मां कौशल्या ने जन्म लिया : जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य

नवागढ़/नवप्रदेश।धर्मसभा समिति नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ प्रांगण में हुआ। जिसमें चित्रकूटधाम हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ने कहा कि केवल देशों में भारत देश को माँ का दर्जा मिला है तो वैसे ही प्रदेशों में छत्तीसगढ़ को महतारी से सम्बोधित किया जाता है। इसलिए छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है जहां मां कौशल्या ने जन्म लिया और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। जगतगुरु ने कहा कि आज लोग जगह-जगह कथा सुनकर धर्म को जानना चाहते है लेकिन धर्म के मार्ग पर कोई चलना नहीं चाहता, क्योंकि धर्म की थोड़ी कठिन है। उन्होंने कहा कि यदि लोग धर्म के रास्ते को अपना ले तो अपने आप ही सृष्टि से अधर्म का विनाश हो जाएगा।

सनातन धर्म में नारी को कहा जाता है देवी-उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नारी का विशेष सम्मान है, उसे देवी की उपाधि दी गई है। क्योंकि नारियों की प्रवृत्ति सदैव देने की होती है, इसलिए उसे देवी कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने पत्नी के साथ तपस्या की तो श्री राम का जन्म हुआ था। पत्नी का दंपति धर्म यदि जीवन में साथ रहता है तो मनुष्य के मन में श्री राम का जन्म होता है। राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या को जब पति और पुत्र में से एक को चयन करने की बात आई, तो उन्होंने दुखी पति के साथ रहना स्वीकार किया। श्री राम को वनवास के लिए त्याग दिया था। नारी को सदैव पति के दुख में साथ देना चाहिए।

सुख में करे राम को स्मरण-जगतगुरु ने कहा कि अहंकार, काम, क्रोध, मोह टूटने से जीवन में सफलता मिलती है। यदि हम सुख में राम का स्मरण करे तो दुख कभी नहीं आएगा। धर्म के मार्ग पर चलने वाले का सदैव कल्याण होता है।

मनुष्य जीवन में यदि सफलता प्राप्त करनी है तो निंदा का अपराध करने से बचना चाहिए। श्री राम इच्छा को स्वीकार करना मनुष्य का कर्तव्य है।

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट का अवैध नामांतरण निरस्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सनातन हिन्दू धर्म समाज बेमेतरा के द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि आज से 9 माह पूर्व समिति के सदस्यों को जानकारी हुई थी कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच महामारी में विश्व कोरोना से जूझ रहा था, उस बीच विधर्मी, व्यापारी, नेता एवं अधिकारी प्रभु श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि खसरा नंबर 508 रकबा 1.77 हेक्टयर भूमि को विधिवत दर्शाते हुये अवैध क्षेत्राधिकार विहीन एवं अधिकारिता रहित आदेश पारित करते हुये अदला बदली के पंजीयन के लिये अनुमति प्रदान कर अवैध रूप से नामांतरण करा दिया गया था। आज तहसीलदार ने श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि का नामांतरण अवैध तरीके से होने के कारण नामांतरण को निरस्त कर दिया है। सनातन हिन्दू समाज के नामांतरण निरस्त होने पर सत्य की जीत बताते हुये कलेक्टर रणबीर शर्मा से भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिसमें परस वैष्णव, महेश राजपूत, विजय सुखवानी, आदित्य सिंह राजपूत, सुश्री नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, शेखर राजपूत, नीलू राजपूत, दीपक दुबे, राजीव लोचन श्रीवास्तव, योगेश राजपूत, मैडी धीवर, ममता ग्वालवंशी, विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, लाला (प्रवीण) ठाकुर, विजय ठाकुर, दुलिचंद मुंदड़ा, सुरेश पटेल, अधम साहू, विकास तम्बोली की भूमिका अहम रही। वही संघर्ष जारी रहेगा - इसी क्रम में खसरा नंबर 490, 491 में पक्की सड़क का लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध निर्माण करने एवं तत्कालीन विधायक के रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने हेतु किसानों को आस-पास की भूमि विक्रय करने हेतु दबाव बनाया गया।

सांसद पांडे पहुँचे शिवमहापुराण कथा स्थल, समिति के सदस्यों से की चर्चा

0 कलश यात्रा,भोजन व्यवस्था और श्रमदान में पटेल समाज निभाएगी विशेष भूमिका

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश।18 जून से 24 जून तक गंडई से पंडरिया पहुच मार्ग में स्थित स्वामी आत्मानन्द स्कूल से लगे हुए गोंडवाना मैदान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित प्रदीप मिश्रा लाखो शिवभक्तों को शिव महापुराण की कथा का रस पान कराएंगे।लाखो की भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा इसे लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां किया जा रहा है इसी कड़ी में पटेल समाज का भरपूर योगदान प्राप्त करने समिति ने बैठक का आयोजन किया बैठक पटेल समाज के नवनिर्मित भवन जो शासकीय शराब दुकान जाने के मार्ग में स्थित है में दोपहर 02 बजे सम्पन्न हुआ।बैठक के दौरान समिति के खम्हन ताम्रकर ने पटेल समाज के प्रमुखों के साथ संवाद करते कहा कि क्षेत्र में पटेल समाज की बहोत बड़ी जनसंख्या है पटेल समाज संगठित समाज है और बड़े बड़े आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पादित कर चुकी है आप सब सामजिक बन्धुओ का शिवमहापुराण कार्यक्रम में भागीदारी आवश्यक है हम सबका प्रयास है कि हर समाज हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जोड़े।शिवमहापुराण का उक्त कार्यक्रम हम सभी के लिए गर्व की बात है ऐसे में पटेल समाज की भूमिका महत्वपूर्व है पटेल समाज 03 मुख्य बिन्दुओ में कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकती है दिनाक 17 जून को कलश यात्रा निकाली जानी है जिसमे पटेल समाज की महिलाएं भाग ले कर इस कलश यात्रा को भव्यता दे सकती है दूसरा भोजन भंडारे में समाज अपना पूरा योगदान दे कर हर दिन लाखो भक्तों की सेवा में अपना योगदान दे सकते है और तीसरा सबसे महत्वपूर्व योगदान श्रमदान है इस प्रकार आप सब की सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पायेगा हालांकि हमे सभी वर्गों का पूरा सहयोग मिल रहा है आप सब का सहयोग भी महत्वपूर्ण है।बैठक के दौरान पटेल समाज के प्रमुखों ने कार्यक्रम में हर प्रकार से भरपूर सहयोग देने की बात कही ।

किसान के ट्रैक्टर ट्राली को चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। किसान के कोठार मे रखे टेक्टर ट्राली को चोरी करने वाले आरोपियों को ठेलकाडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । ठेलकाडीह थाने मे प्रार्थी हरदयाल सिन्हा शिकारीटोला ने मामला दर्ज कराते बताया था कि शिकारीटोला मे खेती किसानी का काम करता है । एक माह पहले ही उसने टेक्टर ट्राली छुईखदान से खरीदकर उसका उपयोग किसानी कार्य मे करता था । टेक्टर ट्राली को काम के बाद रोज वह अपने कोठार मे खड़ी करता था । कोठार को चारो तरफ से तार एवं जाली से घेराबंदी कर लोहे के दरवाजे लगाए गए थे । 20 मई को भी काम के बाद टेक्टर ट्राली को कोठार मे खड़ी कर घर चला गया था । दूसरे दिन सुबह 21 मई को कोठार पहुँचने पर टेक्टर ट्राली गायब था । जिसका आसपास पता करने पर भी पता नही चला । अज्ञात चोरो द्वारा कोठार मे घुसकर टेक्टर ट्राली को चोरी करने की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू की । ठेलकाडीह थाना प्रभारी धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा पता तलाशी अभियान के तहत सूचना के बाद आरोपी मोतीलाल वर्मा 28 वर्ष शिकारी टोला, हेमंत सेन 24 वर्ष को लेकर हिरासत मे लेकर पूछताछ मे उन्होने टेक्टर ट्राली को चोरी करना स्वीकार किया।

विभागीय लापरवाही, करंट लगने के कारण 20 फीट ऊंचाई से गिरे कर्मी की मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते मरम्मत और रखरखाव कार्य के दौरान करंट लगकर ट्रांसफार्मर से गिरने के चलते ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई । कार्य के दौरान मौके पर विभाग के ए ई भी मौजूद थे । इसके बाद भी विभाग की लापरवाही के चलते बिजली लाइन बंद होने का हवाला देकर ठेका कर्मी को ट्रांसफार्मर पर काम करने चढ़ाया गया था । ट्रांसफार्मर मे चढ़े ठेका कर्मी को इसकी भनक नही थी । ट्रांसफार्मर मे आई शहर की तीन लाइन मे से एक लाइन चालू रह गई थी । 11 केवी लाइन के करंट मे आने से ठेकाकर्मी संतोष मंडावी पिता कांशी राम ग्राम सिवनी चंगुर्दा की 20 फीट ऊंचाई से गिरने से मौके पर ही मौत हो गई ।

शहर के रश्मिदेवी कालोनी, इंदलोक सिटी, पिपरिया, अटल आवास सहित कालेज फीडर में शनिवार को बिजली लाइन मे मरम्मत और रखरखाव के लिए सुबह 9 बजे से लाइन बंद रखी गई थी । इसी दौरान कलेक्टर बंगले के सामने स्थित ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही थी । मौके पर बिजली विभाग के ए ई एस के सोनी सहित विभागीय और ठेका कर्मी भी मौजूद थे । लाइन बंद होने का हवाला देकर मृतक ठेकाकर्मी संतोष को ट्रांसफार्मर मे चढ़ाया गया । इस दौरान दो क्षेत्रों की लाइन तो बंद थी लेकिन एक लाइन बंद नही की गई थी । लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारी ने लाइन बंद होने का हवाला दिया और काम शुरु करवाया था । लाइन चालू होने के चलते ट्रांसफार्मर मे 20 फीट ऊपर चढ़े संतोष अचानक चालू लाइन की चपेट मे आ गया ।

शहीद कांग्रेस नेताओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा वर्ष 2013 में पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी जिसे आज ही के दिन 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में शीर्ष नेताओं के काफिलें पर नक्सलियों द्वारा अंधाधुध फायरिंग से छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की शहादत हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 मई शनिवार को स्थानीय कामठी लाइन स्थित कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर झीरम घाटी के शहीद नेताओं के व्यक्तित्व, कृत्तिव तथा प्रदेश के विकास में इनके अमूल्य योगदान को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार, शहीद अलानूर भिंडसरा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में झीरम घाटी में हुए शहीद कांग्रेसी नेताओं की याद करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने झीरम के वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाएं। तत्पश्चात स्व. नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व. उदय मुदलियार, स्व. अलानूर भिंडसरा के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

कई वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई, निवासी त्रस्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका सीमा क्षेत्र अंतर्गत नगर के कई वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सफाई कर्मी नालियों की सफाई के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे नालियां गंदगी से बज बजा रही है। वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप होने की वजह से मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो गई है। इसी तरह कई स्थानों में चैंबर का खुला छोड़ दिया गया है। यह पालिका प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 14 में आम रास्ते में खुला चैंबर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वार्ड के नालियों की सफाई के लिए कि चैंबर को तोड़ा गया था उसके बाद फिर से उसे नहीं लगाया गया। इसी तरह लटर्रा पारा सिहंवाहिनी देवी दुर्गा मंदिर के पास वार्ड नं 14 में ही चेंबर विगत दिनों से खुला छोड़ दिया गया है। नगर के सबसे व्यस्तम मार्ग गंज रोड में कर्मा मंदिर के सामने बड़ा सा चैंबर विगत 3 महीने से खुला पड़ा है। आसपास के लोग बताते है कि कई बार यहां पर हादसे हो चुके हैं लोग चोटिल भी हो चुके हैं। जिसकी शिकायत लोगों ने पालिका में कई बार कर चुके है।

39 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन 2 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में मारुति कार में छिपाकर कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन करते 2 आरोपियों को पुलिस किया गिरफ्तार । जप्त की गई शराब की कीमत 2 लाख 63 हजार 250 रुपये बताई जा रही है। मामले के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार ने बताया कि थाना फरसगांव पुलिस एवं सायबर सेल कोण्डागांव द्वारा थाना क्षेत्र में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते हुये थे ।गुरुवार 23 मई को मुखबीर के सूचना प्राप्त हुआ कि रायपुर से जगदलपुर की ओर एक मारुति सिल्वर कलर कार क्रमांक सी.जी. 07 एल. एम. 6400 में अत्यधिक मात्रा में शराब भरकर दो व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है उक्त वाहन केशकाल की ओर से आ रही है जो कुछ ही समय में फरसगांव पहुंचने वाली है। सूचना तस्दीक एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ एवं गवाह को साथ लेकर बडेडोंगर तिराहा हनुमान मंदिर के सामने एनएच 30 फरसगांव पहुंचकर नाकेबंदी की गयी। कुछ देर बाद प्राप्त सूचना के अनुसार केशकाल की ओर से एक मारूति सिल्वर कलर कार क्रमांक सीजी 07 एलएम 6400 आते दिखाई दिया जिसे रोक कर बैठे व्यक्ति से पूछने पर अपना नाम सविन्दर सिंग पिता हरबंस सिंग उम्र 27 वर्ष साकिन मुरूमखदान शिवपारा सुपेला हाल पुरानी बस्ती कोहका राजा गार्डन के सामने भिलाई जिला दुर्ग छग एवं चालक के बगल में बैठे व्यक्ति अपना नाम रंजित सिंह पिता अमरपाल सिंह उम्र 27 वर्ष साकिन कुरूद रोड कोहका थाना सुपेला भिलाई हनुमान मंदिर के पास जिला दुर्ग छग का होना बताये जिनसे पूछताछ करने पर मध्यप्रदेश जिला बैतूल से दन्तेवाड़ा, जगदलपुर की ओर उक्त शराब को खपाते है। कार की तलाशी लेने पर कुल 39 पेटी, मात्रा 351 लीटर गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 263250 रु छिपाकर रखा पाया गया, इसके साथ कार, 02 नग मोबाईल, एक पर्स जिसमें एक एटीएम कार्ड जप्त किया गया।

न्यूज गैलरी

युवक ने फांसी लगाई

मुंगेली/नवप्रदेश। शराब पीने का आदि युवक शराब के नशे में अपने दोनों हाथ की कलाई को ब्लैड से काटने के बाद अपने घर के म्यार में फांसी लगाकर आत्माहत्या कर लिया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। परमहंस वार्ड निवासी प्रार्थी राजकुमार टंडन 25 मई को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका लड़का देवप्रकाश टंडन वेल्डिंग दुकान में मजदूरी का काम करता था जो कई साल से शराब पीने का आदि था। 24 मई को दोपहर से शराब पीकर घर एवं मोहल्ले में घुम रहा था। शाम को इसके परिजन घर ले गये अगले दिन भी शराब पीने लगा और शराब के नशे में अपने दोनो हाथ की कलाई को ब्लैड से काटने लगा कि दोपहर 2.30 बजे अपने घर के अंदर म्यार में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिये कि रिपोर्ट पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली तेजनाथ सिंह ने मर्ग कायम कर कार्यवाही की जा रही है।

समर कैम्प का उठाया लाभ

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी प्रतिभा एवं कौशल का विकास करने हेतु छात्र-छात्राओं में परस्पर आदान-प्रदान के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में समर कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त कैम्प में चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध लेखन, नृत्य, जुंबा, मेहंदी, रंगोली, स्पोकन इंग्लिश, कैलियोग्राफी एवं स्थानीय स्तर पर खेल-कूद गतिविधियां अंतर्गत टेबल टेनिस, शतरंज, बॉलीवाल, कैरम, ऊंची व लंबी कूद, बास्केटबाल आदि का आयोजन 21 से 25 मई तक प्रातः 7 से 9.30 बजे तक किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। उक्त गतिविधियां शाला में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई व हायर तीन स्तरों में विभिन्न विधा प्रभारियों द्वारा प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव के मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम संपन्न कराने में व्याख्याता महादेव यादव, सांस्कृतिक प्रभारी सांत्वना दत्ता, दीपांजली सोनी, रंजीता केवट, सविता देवांगन, वंदिता गुप्ता, रूही फातिमा, पीटीआई राजेन्द्र प्रसाद साहू, सीएसी नेमीचंद भास्कर, प्र.पा.पूर्व मा. दीप्ति चतुर्वेदी, शिक्षक साकेत श्रीवास, नर्मदा साहू प्र.पा.प्राथमिक अमृता पात्रे, सहायक शिक्षक राखी यादव, राहुल यादव, यीतेश्वरी ठाकुर, एकता तिवारी सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

हुई जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता 2024 का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में किया गया। जिसमें प्रथम वर्ग में अंडर-14 एवं द्वितीय वर्ग में अंडर-16 के प्रतिभागी सम्मिलित रहें। अंडर-14 से बालक वर्ग में सुदेश मानिकपुरी, टिकेश्वर खाण्डे, यज्ञ गंधर्व, गौतम दुबे एवं बालिका वर्ग से खुशबु जांगड़े, प्रगति कोशले, आकाक्षा देवांगन, ज्योत्सना खाण्डे का चयन संभाग स्तरीय योगा ओलम्पियाड हेतु किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे के मार्गनिर्देशन में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अंडर-16 स्तर में बालक वर्ग से सौरभ ठाकुर, बालक दास बर्मन, आदित्य नायक, देवराज बंजारे एवं बालिका वर्ग से सावित्री निर्मलकर, प्राची कोशले, आकाक्षा सोरी, महेश्वरी मानिकपुरी का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। प्रतियोगिता में सेजेस दाऊपारा से 08, शा.कन्या उ.मा.मुंगेली से 03, शा.उ.मा.वि.बीजातराई से 02, जेसीस पब्लिक स्कूल मुंगेली से 02 एवं बी.आर.साव मुंगेली से 01, इस प्रकार जिले से कुल 16 प्रतिभागीगण संभाग स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेने 27 मई को प्रातः बिलासपुर रवाना होगें। प्रतियोगिता आयोजन में संयोजक प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी विजय वर्मा, निर्णायक सुबोध कुमार सिंह, संदीप कुर्रे, सुरेश कुमार सोरी एवं शाला पीटीआई राजेन्द्र प्रसाद साहू का योगदान रहा।

40 पाव देशी शराब जप्त

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूटी में प्लाटिक बोरी में अवैध रूप से परिवहन करते 40 नग देशी प्लेन शराब 7.2 बल्क लीटर कीमत 3600 रूपये को जब्त किया गया। मुखबीर सूचना पर देशी मदिरा दुकान चारभाठा रोड दाउपारा से धर्मेन्द्र उम्र 27 साल निवासी एन्ड्रज वार्ड दाउपारा ने अपने स्कुटी में लेकर दाउपारा की ओर लेकर आ रहा है कि सूचना पर आरोपी धर्मेन्द्र के द्वारा प्लाटिक बोरी में अवैध रूप से परिवहन करते 40 नग देशी प्लेन शराब कीमत 7.2 बल्क लीटर कीमत 3600 रूपये को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत 40 नग शराब एवं घटना में प्रयोग स्कुटी को जप्त कर आरोपी धर्मेन्द्र निर्मलकर निवासी दाउपारा को 25 मई को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

एसीएस मनोज पिंगुआ ने जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज सहित ड्रग वेयर हाउस का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य सुविधाओं पर मरीजों से लिया फीडबैक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान एनएचएम के मिशन संचालक जगदीश सोनकर, आयुक्त चिकित्सा एवं शिक्षा चन्दन कुमार, सीजीएमएससी की निदेशक पद्ममणि भोई साहू के साथ राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर एवं संबद्ध चिकित्सालय सहित ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री विलास भोस्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह, सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर सी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जे के रेलवानी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

ड्रग वेयरहाउस पहुंच कर दवाईयों की उपलब्धता की ली जानकारी

टीम द्वारा ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण कर दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। उन्होंने दवाओं के मांग, उनके सापेक्ष आपूर्ति की गयी दवाओं के विवरण का भी गहनतापूर्वक परीक्षण किया तथा सॉफ्टवेयर में एंट्री की जांच की। उन्होंने कहा कि दवाओं के भण्डारण में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा कोल्ड चेन की निरंतर निगरानी की जाये। उन्होंने कहा कि ड्रग वेयर हाउस में अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित हो।

पूरे डॉक्टर कब आते हैं?

इस दौरान टीम द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय की सेवाओं और मरीजों की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, जनरल वार्ड, पुरुष एवं महिला वार्ड, लेबर कक्ष, एसएनसीयू, ऑपरेशन थिएटर, पंजीयन काउंटर, आईसीयू सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा मातृ-शिशु भवन में स्थित प्रसव कक्ष का भी अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ओपीडी हेतु मरीजों के भीड़ प्रबंधन के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया, इसके साथ ही ओपीडी में डॉक्टरों के साथ अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली गई। अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने उपकरणों की नियमित जांच के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उपचार एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया।

कई विभागों का अवलोकन

इस दौरान मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न विभागों अवलोकन करते हुए प्राध्यापकों और छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। श्री पिंगुआ द्वारा स्किल लैब का भी अवलोकन किया गया, इस दौरान बताया गया कि स्किल लैब में नए चिकित्सा छात्रों की चिकित्सकीय कौशल क्षमता बढ़ाया जाता है। उन्होंने शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लेकर, छात्रों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। टीम द्वारा गंगापुर में निर्माणाधीन राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन का भी अवलोकन किया गया।

विद्युत कटौती व लो वोल्टेज से लोग हलाकान, हेल्पलाइन नंबर भी बंद

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जहां लोग बेहाल है वही बिजली की समस्या भी दूर होने का नाम नही ले रही है। लगातार विद्युत की कटौती एवं कम वोल्टेज के चलते जहां घरों में लोगों के उपकरण खराब होने लगे है, वही गर्मी के चलते लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। बिजली की समस्या के लिए प्रशासन द्वारा जारी किया गया हेल्प लाईन नंबर भी बिजली आफिस के फोन की तरह बंद रहता है।

मुंगेली में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जहां लोग इन दिनों हलाकान है वही दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में भी बिजली की कटौती एवं लो वोल्टेज शहर में समस्या का कारण बना हुआ है। नौतपा प्रारंभ होने के बाद से जहां मौसम ने अपने तेवर दिखाना प्रारंभ किया है जिसके चलते लोग घरों में दुबके हुए नजर आ रहे है। भीषण गर्मी से बचने के लिए जहां लोग अपने घरों में रहना पसंद कर रहे है, किन्तु लगातार हो रही बिजली कटौती ट्रीपिंग एवं लो वोल्टेज के कारण मजबूरन प्राकृतिक हवाओं पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। बिजली की समस्या को लेकर जहां कुछ दिनों पूर्व स्थानीय नेता ने अपने तेवर दिखाये थे जिसके चलते प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिये बिजली संबंधी समस्या के निवारण के लिए हेल्प लाईन नंबर जारी किया था। जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये इस हेल्प लाईन नंबर में शिकायत पर त्वरित निराकरण की बात कही गई थी। किन्तु दुर्भाग्यवश प्रशासन द्वारा जारी किया गया हेल्प लाईन नंबर भी बिजली आफिस के फोन की तरह बंद रहता है। विकास देवांगन ने बताया कि बिजली की समस्या के संबंध में हेल्प लाईन नंबर में डायल करने पर नंबर बंद रहा। राजेन्द्र ने बताया कि इस भीषण गर्मी में भी बिजली व्यवस्था दुरूस्थ नही होने एवं अपनी शिकायत दर्ज नही करा पाने के कारण बिजली बंद रहने पर गर्मी में परेशान रहना पड़ता है। बिजली विभाग मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद कर मेंटनेंस वर्क की बात तो कही जाती है, उसके बाद भी लगातार अनावश्यक विद्युत व्यवधान होने से नागरिकों में रोष बना हुआ है। नागरिकों ने शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये फोन नंबर को चालू रखे जाने की बात कही गई है। जिससे बिजली बंद के कारण एवं स्थिति की जानकारी नागरिकों को प्राप्त होते रहे।

गृह, जेल, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव पहुंचे

जिला जेल का निरीक्षण कर देखी स्थिति

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। गृह, जेल व स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ शनिवार को सरगुजा पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्टर विलास भोस्कर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह के साथ जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित दी जाने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने यहां पुरुष बैरक, महिला बैरक, मुलाकात कक्ष, किचन, कला उद्योग शाखा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम आदि का अवलोकन किया। स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने श्री पिंगुआ ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली तथा पंजियों की जांच की।इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार संबंधी सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता भी देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने कहा। परिसर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान श्री पिंगुआ ने कैदियों से बात की, महिला कैदियों से मुलाकात के दौरान छोटे बच्चों का भी हालचाल पूछा। जेल में कला उद्योग शाखा में संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने वस्तुओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्माण प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं विक्रय के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी पहुंचे कार्यों की स्थिति जानने

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मनोहरपुर एवं झझपुरीकला में निर्माणाधीन आदर्श अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ ने किया। इस दौरान कार्य में लगे मजदूरों की उपस्थिति का मस्टररोल से परीक्षण, एनएमएमएस एवं मेट पंजी का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्य एजेंसी को बारिश के पूर्व शासन स्तर से प्राप्त मानक अनुरूप अमृत सरोवर में दस हजार घन मीटर जल धारण क्षमता, इनलेट/आउटलेट, फलदार वृक्षारोपण एवं अन्य सौन्दर्यीकरण कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने ग्राम पंचायत राजपुर, मनोहरपुर, झझपुरीकला, डोगरिया एवं घानाघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माणाधीन आवास के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर अमृत सरोवर और आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोरमी पंचराम घृतलहरे, अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.या. सेवा उपसंभाग लोरमी पीएल पडवार, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जेईई व नीट के लिए निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के कक्षा 10वीं तथा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बुद्ध जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दो सत्रों में किया गया। जिले के तीनों ब्लाक मुंगेली, पथरिया, लोरमी से लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया।

बाबा गुरूघासीदास, तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित छात्रों तथा अभिभावकों ने अपने-अपने कैरियर के संबंध में कहा कि 10वीं के बाद विषय चयन कैसे करें, जेईई, नीट, बी.एस.सी. नर्सिंग, कलेक्टर, जज, वैज्ञानिक बनने, भाषा ज्ञान तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कब और कैसे करें, पढ़ाई के दौरान होने वाले कठिनाईयों का समाधान कैसे हो, क्या कोचिंग जरूरी है कोचिंग कहां मिलता है, कोचिंग में कितना खर्च लगता है। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया तथा छात्रों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए धैर्य एवं साहस बहुत जरूरी है। ग्रामीण, गरीब, प्रतिभावन छात्रों के लिए यह 8वां आयोजन है। बच्चों को बड़ी सोंच एवं सपना देखने, उसे पाने के लिए और सिविल सर्विसेस की तैयारी करने संबंधी विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को अपने लक्ष्य के प्रति सच्चे मन से कठिन परिश्रम कर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। जिला कलेक्टर राहूल देव, उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्रसिंह पैकरा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के.राय, समस्त प्राचार्य तथा संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, प्रादेशिक सचिव एवं व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर के मार्गदर्शन में उक्त कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सफल रहा। सभी जाति वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए इस ऐतिहासिक आयोजन के प्रयास को सभी उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी यतेन्द्र भास्कर, संस्था प्राचार्य श्रीमती आशा दिवाकर, एस.पी.कौशिक, योगकुमार पाटले, राजेश दिवाकर, जगदीश कांत, जितेन्द्र कुमार, मिडिया प्रभारी अरविंद बंजारा, मोहन उपाध्याय, के.पी.बांधे, दिनेश कूलमित्र, शत्रुहन सिंह, मेलाराम यादव, नवोदय कोच राजेन्द्र बर्मन तथा बड़ी संख्या में उपस्थित मेधावी छात्र-छात्रा तथा उनके अभिभावक, छात्र-छात्रा एवं शिक्षक-शिक्षिका, कोचिंग टीम तथा संस्थान के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ सदस्य शत्रुहन कांत ने किया तथा उपस्थित अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया।

आभाव | तैराकी प्रेक्टिस के लिए जिले में स्वीमिंग पूल नहीं, तालाब में अभ्यास कर बच्चे आगे बढ़ने की कर रहे कोशिस

खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रही मूलभूत सुविधाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। तैराकी के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के प्रेक्टिस के लिये जिले में एक भी स्वीमिंग पुल नही है। स्वीमिंग पुल के अभाव में बच्चे ग्राम के तालाबों में समय-समय पर अभ्यास करते रहते हैं।

राज्य शासन के द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को सुविधा उपलब्ध कराने एवं खेल मैदान के लिए प्रयास कर रही हैं। जिले मे भी खेलो को लेकर नगरपालिका क्षेत्र अर्न्तगत श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम मे विभिन्न खेलो के लिए मैदान बनाए गये, किन्तु जिन खेलो ने जिले की पहचान दिलायी थी उसका मैदान बनना शेष है, जिसके चलते यह कहा जा सकता है कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे यह प्रयास आधे-अधूरे हैं। खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों मे अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते प्रतिभाओं में निखार नहीं आ पा रहा हैं। ग्राम लालपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर के विद्यार्थियों के लिये तैराकी कैंप आयोजित किया गया है। जिसमें लालपुर एवं आसपास ग्राम के बच्चे तैरने के लिए तालाब के गंदे पानी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिला बनने के बाद खेल जगत से जुड़े लोगों को अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। किंतु मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रो की प्रतिभाएं उभरकर सामने नहीं आ पा रही हैं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाते हैं। यह प्रयास बौने साबित हो रहे हैं। क्षेत्र के अनेक खिलाड़ी सभी खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। संसाधनों की कमी के बाद भी अनेक खेलो में जिले का दबदबा कायम रहा हैं। खिलाड़ियों ने अनेक पुरस्कार जीते हैं। जिले के अंतर्गत सभी खेलों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा हैं, जिसके तहत नगरपालिका क्षेत्र अर्न्तगत श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से डीएमएफ मद से

बैडमिंटन कोर्ट, मलखम मैदान, व्हॉलीबाल मैदान, क्रिकेट खेल मैदान का जीर्णोद्धार, बॉक्सिग कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, स्केटिग सहित फुटबाल का मैदान बनाया गया, किंतु आज भी अनेक ऐसे खेल हैं जिनके लिए खिलाड़ियों को प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर रहना पड़ता हैं। अब तक सेतगंगा, लोरमी एवं मुंगेली ब्लाक के लगभग 7 बालिकाओं ने राज्य का प्रतिनिधित्व तैराकी में किया हैं। तैराकी में भी संसाधनों एवं मार्गदर्शन के अभाव के बाद भी मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किए हैं। विशेषकर लड़कियो ने तैराकी में अपने हुनर दिखाएं हैं। जिले के अंतर्गत ग्राम सेतगंगा में तैराकी में अपनी प्रतिभा राज्य में प्रदर्शित करने वाले 7 खिलाड़ियों ने नेशनल में प्रदर्शन किया था। उसी प्रदर्शन के चलते 7 से 4 खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी भी प्राप्त हो गई। जिले में तैराकी के खिलाड़ी आज भी अभ्यास करने के लिये उन्हे ग्रामीण क्षेत्रो के तालाब या जलाशय पर ही निर्भर रहना पड़ता हैं। स्वीमिंग पुल के अभाव में तालाबों एवं सरोवरों के गंदे पानी में ही अपना अभ्यास पूरा कर राज्य स्तर पर होने वाली प्रतिभाओं में अपना वर्चस्व कायम रखा हैं। ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित यह छात्र-छात्राओं को यदि उचित मार्गदर्शन एवं संसाधनों की पूर्ति की जाएं तो इनकी प्रतिभाओं में निखार आएगा। जिले में एक भी स्वीमिंग पुल नहीं होने के बाद भी तालाब एवं अन्य संसाधनों से ही अभ्यास करते हैं।

प्रस्ताव भेजा है

तैराकी के खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर स्वीमिंग पुल के संबंध में शासन को प्रपोजल भेजा गया है।
-संजय पाल, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण

न्यूज गैलरी

गुंडे-बदमाशों पर लगाम लगाने रात्रि कॉबिंग गश्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। । पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एएसपी मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि शहर के सभी थाना-चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ तथा रक्षित केन्द्र के बल को फालीन कर अपराधियों पर नकेल कसने हेतु और ग्रीष्म ऋतु में चोरी की घटना बढ़ने के संभावनओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि पेट्रोलिंग, पाइंट ड्यूटी एवं कॉबिंग गश्त के संबंध में विस्तार से ब्रीफ कर शहर भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा-बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, सीएसपी, एसडीओपी डोंगरगढ़ एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली, ओपी सुरगी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव तथा रक्षित केन्द्र व उनके बल के साथ शहर के गली मोहल्लों, चौक-चौराहों में कांबिंग गस्त किया गया तथा गुंडा-बदमाश, रात्रि में मोटरसायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई।

भोरमदेव अभ्यारण में किया गया द्वितीय पूनम अवलोकन

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रत्येक माह पूर्णिमा की तिथि पर संपूर्ण कर्मचारी वन मंडल अधिकारी से लेकर वनरक्षक एवं चौकीदार स्तर तक के कर्मचारी अधिकारी अभ्यारण्य के वन क्षेत्र में पैदल गस्ती पूरी रात करेंगे। पूनम अवलोकन की इस परिपाटी का शुभारंभ 23 अप्रैल की रात्रि से किया गया था। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस माह की पूर्णिमा 23 मई 2024 को भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया गया। अभयारण्य क्षेत्र में रात्रि गस्त करने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए कुल 18 दल का गठन किया गया था। प्रत्येक दल के लिए पृथक पृथक गस्ती मार्ग का भी निर्धारण पूर्व से ही कर लिया गया था जिससे की संपूर्ण अभयारण्य क्षेत्र का एक साथ अवलोकन किया जा सके। प्रत्येक दल में न्यूनतम 5 सदस्य रखे गए थे। प्रत्येक दल के द्वारा 15 से 25 किलोमीटर तक की पैदल गस्ती रात्रि 8:00 बजे से सुबह 4:00 बजे के मध्य की गई है। विभिन्न दलों को रात्रि गस्त के दौरान गौर, भालू, उल्लू खरगोश गौर तेंदुआ सांप पाम सिवेट चीतल आदि वन्य प्राणी वन क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। पूनम अवलोकन का उद्देश्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ एक साथ पूरे अभ्यारण में गस्त करने से वन्य प्राणियों की अनुमानित संख्या एवं उनके विचरण क्षेत्र के संबंध में भी सटीक जानकारी एकत्र की जा सकेगी।

कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में समर कैंप की शुरूआत

राजिम/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था शासकीय कन्या उच्च माध्य स्कूल में समर कैंप का गत दिनों शुभारंभ हुआ। समर कैम्प प्रभारी अमिता तिवारी (व्याख्याता) ने हमारे संवाददाता को एक भेंट में बताया कि 1 जून तक स्कूल प्रांगण में सुबह 07 बजे से 10 बजे तक चलने वाले समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां संचालित करने की योजना है। जिसमें विद्यालय के अध्यापक, पालक तथा नगर के लोगों का सहयोग लिया जाएगा।वर्तमान में योगाभ्यास एवं व्यायाम गोपाल राम वर्मा एवम तेजेश्वर साहू, रंगोली तथा मेंहदी तारणी साहू, हारमोनियम भागेश्वर साहू, ढोलक ज्योति साहू, निबंध एवम कहानी लेखन रमा ठाकुर, अध्ययन में आईसीटी का उपयोग डीके देवांगन, लोकनृत्य अमिता तिवारी द्वारा सिखाया जाता है। आने वाले दिनों में केक बनाना, अचार, पापड़, मुरकू बनाना, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर एवं मीडिया से संबंधित प्रशिक्षण अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रारंभ में छात्राओं की उपस्थिति कम थी। लगातार छात्राओं तथा उनके पालकों से संपर्क कर भाग लेने प्रेरित किया गया। धीरे धीरे संख्या बढ़ती जा रही है और छात्राएं इसमें बड़े ही उत्साह से भाग ले रही हैं। कक्षा 9 वीं से 12 वीं की 40 से अधिक छात्राएं इस समर कैंप में भाग ले रही हैं।

भेंडरी स्कूल के समर कैम्प में फाइन आर्ट पर कार्य

राजिम/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी के सयुक्त तत्तावधान में प्राथमिक शाला प्रांगण में संचालित पाँच दिवसीय समर कैम्प के तृतीय दिवस अतिथियों द्वारा भारतीय सविंधान के जनक बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मोहनलाल साहू थे।अध्यक्ष प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी चंद्रभूषण साहू ने की विशेष अतिथि के रूप में वेदलता गोस्वामी ,गोदावरी साहू,चित्ररेखा यादव ,फाइन आर्टिस्ट हेमन यादव,कैलास साहू उपस्थित रहे। मीनाक्षी ध्रुव द्वारा मेडिटेशन योग घ्यान ,आसन के विभिन्न प्रकार को करवाया गया।तत्पश्चात कक्षा 5वी की छात्रा तृषा साहू का जन्मदिन मनाकर पुष्प कलम भेंटकर एवं मुँह मीठा कराकर सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया । पेन्टर कौशल विकास संघ की सहयोग से पेंटर कैलाश साहू ,प्रकाश ध्रुव एवं खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से फाइन ऑर्टिस्ट चित्र कला में प्रशिक्षित हेमन यादव द्वारा हिन्दी वर्णमाला,अंक ज्ञान, अंक से चित्र बनाना, अंग्रेजी वर्णमाला, जीव,जंतु, पशु पक्षी, महापुरुष जैसे कबहिंदी वर्णमाला, अंक ज्ञान,अंक से चित्र बनाना, अंग्रेजी वर्णमाला, जीव जंतु,पक्षी,जैसे महापुरुष महात्मा गांधी ,सुभाषचन्द्र बोस ,जीव जंतु में कबुतर ,तोता,उल्लू,हाथी,शेर,टीवी पर चलने वाले बच्चो के बहुत ही प्रिय कार्टून धारावाहिक जो जंगल से सम्बंधित था जिसका नाम मोगली,था जिसके पात्रों में वाघिरा ,मोगली,बल्लू ,तबाक़ी आदि प्रमुख थे।

पिता ने दी 4 वर्षीय बेटे की बलि! मासूम का रेत दिया गला

■ पहले मुर्गे को धारदार हथियार से काटा

अंबिकापुर/शंकरगढ़/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला अंतर्गत शंकरगढ़ थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां शनिवार की देर रात एक पिता ने अपने 4 वर्षीय मासूम बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। इससे पूर्व उसने उसी कमरे में एक मुर्गे को भी धारदार हथियार से काटा था। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी अंधविश्वास के फेर में पडक़र उसने ये घातक कदम उठाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुआडीह निवासी कमलेश नगेसिया पिछले 3-4 दिनों अपने परिजनों को यह बताता फिर रहा था कि उसके कान में कुछ अजीब-अजीब आवाज आ रही है। वह यह भी कहता रहा कि वह किसी न किसी की हत्या कर देगा, लेकिन उसकी बातों को सभी ने अनसुना कर दिया कि वह ऐसे ही बक-बक कर रहा है।इसी बीच शनिवार की देर रात एक कमरे में उसने अपने 4 वर्षीय मासूम बेटे अविनाश नगेसिया की गला रेतकर हत्या कर दी। बेटे का गला रेतने से पहले उसने एक मुर्गे को भी धारदार हथियार से काटा था। मुर्गे और बेटे का शव सुबह कमरे में देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अंधविश्वास के फेर में उठाया कदम-बताया जा रहा है कि पिछले 3-4 दिनों से वह कथित रूप से अजीब बातें कर रहा था। वह कहता फिर रहा था कि उसके कान में किसी चीज की आवाज आ रही है। वह परिवार के किसी न किसी सदस्य को मार डालेगा। उसकी मानसिक स्थिति संभवत: ठीक नहीं थी।

सभी शहरी थाना क्षेत्र में 150 जवानों ने किया फ्लेगमार्च

■ फ्लेगमार्च के लिए रक्षित केन्द्र से दिया गया अतिरिक्त बल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि अपने अपने थाना/चौकी क्षेत्र में विजुअल पुलिसिंग के तहत् शहर में करेंगे फ्लेगमार्च। जिसके परिपालन में न.पु.अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी. के पर्यवेक्षण में अपने अनुविभाग के थानों/ पुलिस चौकी क्षेत्र के बाजार, हाट, मोहल्लों, कॉलोनियों एवं आउटर एरिया में थाना/चौकी प्रभारी व उनके दलबल के साथ भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ की गई। अनावश्यक रूप से आउटर सुनसान एरिया में बैठे लोगों की पहचान की गई। शहर के बीच गली मोहल्लों में भ्रमण कर अपराधियों, गुण्डा बदमाशों, आवारा लड़कों व नसेडियों को को समझाईश दिया गया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फ्लेगमार्च महावीर चौक से प्रारंभ कर जय स्तंभ चौक, भारतमाता चौक, तिरंगा चौक, लखोली नाका चौक, लखोली, कन्हारपुरी, भरकापारा चौक, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए कोतवाली में समाप्त हुआ। थाना लालबाग में फ्लेगमार्च रेवाडी से प्रारंभ होकर रेवाडीह शराब भट्ठी, पेण्ड्री भट्ठी, फरहद चौक, ट्रान्सपोर्टनगर चौक, पेण्ड्री होते हुए अटल आवास पेण्ड्री में समाप्त हुआ। थाना बसंतपुर द्वारा फ्लेगमार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर कुंवा चौक, इंदरानगर चौक, नंदई चौक, जिला अस्पताल, महामाया चौक, फुर्सद के पल चौक, सारगरपारा, ढिंमरापारा, दुर्गा चौक होते हुए बसंतपुर थाना में समाप्त हुआ। पुलिस चौकी चिखली द्वारा पुलिस चौकी से फ्लेगमार्च प्रारंभ कर स्टेशनपारा, गौरीनगर, महादेव नगर, चिखली, रामनगर, मोतीपुर, बजरंपुर, नवांगांव, शांतिनगर, दीनदयाल कॉलोनी होते हुए वापस पुलिस चौकी में समाप्त हुआ। थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा फ्लेगमार्च निकाल कर शहर के हाट बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड में भ्रमण के साथ साथ होटल ढाबा, लॉज की भी चेकिंग की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा थाना से फ्लेगमार्च प्रारंभ कर नया बस स्टेण्ड, पुराना बस स्टेण्ड, कॉलेज रोड, गार्डन, बी.टी.आई. कॉलेज एवं डोंगरगांव मुख्य मार्ग एवं बाजार में भ्रमण कर वापस थाना में समाप्त हुआ। इस प्रकार जिले के विभिन्न थानों में फ्लेगमार्च निकाल कर गुंडा बदमाश, तेज रफतार मोटरसायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई और समझाईश दी गई। फ्लेगमार्च / गस्त के माध्यम से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय का माहोल बना रहेगा।

रकम डबल करने का झांसा देकर दोस्त से दो लाख की ठगी की

राजनांदगांव/बालोद/नवप्रदेश। भंवरमरा ग्राम का रहने वाला उत्तम साहू जो अब शहर के सबसे प्रतिष्ठित कॉलोनी सनसिटी के मकान नम्बर डी/82 का निवासी है बालोद पुलिस ने 420के प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया है उसके फेस बुक पेज में भाजपा मीडिया प्रभारी का पद लिखा हुआ है अनेक नेताओ और भाजपा के कार्यक्रमों में उपस्थित होने की तस्वीरों को भी पोस्ट किया हुआ है यहां तक फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टार जितेन्द्र के साथ भी तस्वीर है बताया जाता है की बीएमडब्ल्यू गाडी भी है।छह माह में रुपए डबल करने का झांसा देकर पोंड के व्यक्ति से उसके दोस्त उत्तम साहू ने दो लाख की ठगी कर ली। राशि नहीं लौटाने पर थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया। प्रार्थी ललित कुमार साहू पिता खेमलाल साहू (49) निवासी ग्राम पोंड थाना पुरूर ने बताया कि उत्तम साहू पिता बुधराम साहू (38) निवासी ग्राम भंवरमरा तहसील व जिला राजनांदगांव हाल सन सिटी कॉलोनी मकान नंबर डी-82 राजनांदगांव ने पैसे

डबल करने का लालच देकर 2 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाकर धोखाधड़ी की। उत्तम पूर्व परीचित होने के कारण घर आना-जाना था। कई बार एक लाख लगाकर छह में डबल करने की बात कही, लेकिन मैंने मना कर दिया। बार-बार कहने पर विश्वास कर 2 लाख रुपए 9 जुलाई 2021 को उसके एक्सिस बैंक के खाते में ट्रांसफर किया। छह माह बाद पैसे मांगने पर घुमाने लगा। मुझसे पहले मेरे कई रिश्तेदारों से भी धोखाधड़ी की। इसकी जानकारी मुझे बाद में हुई। पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुराने मामलो के तफ्तीश की हिस्ट्री खगालने मे भी जुटी है पुलिस।

रेंगाखार में अवैध रेत परिवहन, ट्रैक्टर जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा वनमंडल कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 16.05.2024 को प्रातः 5.45 बजे रेंगाखार वन परिक्षेत्र में रेंगाखार से रोल मार्ग पर ग्राम अड़वार के पास कक्ष क्रमांक आर.एफ. 138 में श्री देवन (वाहन चालक) वल्द फागूराम नेताम जाति गोंड़ साकिन अड़वार, पो. थाना-रेंगाखार, तहसील रेंगाखार, जिला कबीरधाम के द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़ा गया जिस पर कार्यवाही करते हुए एक नग वाहन ट्रैक्टर पावरट्रैक यूरो क्रमांक सी.जी. 09 जे.ई. 7804 नीला रंग ट्राली सहित जप्त किया गया। वाहन श्री कमल सिंह पिता गुलाब सिंह साकिन अड़वार, पो.थाना-रेंगाखार, तहसील रेंगाखार, जिला कबीरधाम का होना पाया गया। परिक्षेत्र सहायक रेंगाखार एवं उनकी टीम के द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (द्व) (ख) एवं 41 (ख) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13907/08 दिनांक 16.05.2024 पंजीबद्ध किया गया। जप्त शुदा रेत 3.12 घ.मी. अनुमानित मूल्य 2356.00 रू. एवं वाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 4.00 लाख रू. है।

मालवाहक में फोर्स के मूवमेंट पर एसपी ने लिया एक्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी को अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र में विगत दिनों माल वाहक वाहन से हुये दुर्घटना का विशेष ध्यान रखते हुये, जिले में अभियान चला कर माल वाहक वाहनों पर यात्रियों के परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिया गया है। जिस पर लगातार जिले के समस्त थाना एवं चौकी में माल वाहक वाहनों पर सवारी बैठक परिवहन करने वाले माल वाहक वाहनो के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी दौरान आज दिनांक-24. 05.2024 को जिले के विभिन्न मीडिया के द्वारा समाचार प्रकाशित किया गया जिसमें पुलिस फोर्स का मूवमेंट मालवाहक वाहन पर दिख रहा है। जिसकी जानकारी पुलिस कप्तान को मिलते ही तत्काल संबंधित कैंप प्रभारी को अंतिम चेतावनी देते हुए नोटिस दिया गया है। साथ ही उक्त माल वाहक वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही भी की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन शाखा प्रभारी (एम.टी.ओ.) एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी/कैंप प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है, कि यदि इस प्रकार का कृत किसी भी थाना/ चौकी/कैंप प्रभारी के द्वारा माल वाहक वाहन पर पुलिस का मूवमेंट एक स्थान से दूसरे स्थान पर कराया गया तो उनकी खैर नहीं होगी। माल वाहक वाहन कुछ थाना/ चौकी/ पुलिस बेस कैंप में केवल राशन सामग्री व अन्य सामग्री के परिवहन के लिए उपलब्ध कराया गया है, ना की फोर्स को एक स्थान से दूसरे स्थान पर किसी भी ड्यूटी के दौरान मूवमेंट करने हेतु, कैंप प्रभारी द्वारा इमरजेंसी को देखते हुए जिस माल वाहक वाहन पर राशन सामग्री कैंप तक पहुंचा था, उसी वाहन पर तत्काल फोर्स को रवाना कर दिया गया था। जिसके लिए उन्हें अंतिम चेतावनी नोटिस पुलिस कप्तान द्वारा देते हुए वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया गया है।

माल वाहकों, अनफिट गाड़ी अधिक सवारी पर कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में सड़क हादसे एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शनिवार को ताबतोड़ कार्यवाही की गई। परिवहन विभाग की टीम ने आज 17 वाहनों पर हुए 72 हजार रुपए की चालानी कारवाही की। अब तक 52 वाहनों पर कार्यवाही हो चुकी है।कलेक्टर श्री महोबे ने सख्ती के साथ माल वाहन,अनफिट वाहन और क्षमता के अधिक सवारी वाले वाहनों पर कार्यवाही के साथ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। जिला परिवहन अधिकारी श्री एमएल साहू ने बताया कि कबीरधाम जिला के अंतर्गत परिवहन विभाग के द्वारा मालवाहनों पर यात्री/सवारी परिवहन कर रहे वाहनों पर कुल 52 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालक और सवार लोगो को समझाइश दी जा रही है कि इस प्रकार मालवाहन का उपयोग कर यात्रा न करे। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के कुकदूर तहसील के अंतर्गत ग्राम बाहपानी घाट में यात्रियों से भरी मालवाहक पिकअप वाहन खाई में गिर गई थी, जिसमे 19 ग्रामीणों मृत्यु हो गई थी।

समर कैंप से निखरेगी स्कूल में विद्यार्थियों की कला और प्रतिभाएं : अधिकारी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों में विभिन्न कलाओं एवं प्रतिभाओं को निखारने और विकास के लिए पीएम श्री एवं स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा सभी स्कूलों के छात्र/ छात्राओं को रचनात्मक समर कैंप करने निर्देशित किया गया है। दुर्ग संभाग के संभागीय अधिकारी संयुक्त संचालक दुर्ग की ओर से सहायक संचालक श्रीमती रचना श्रीवास्तव के द्वारा सबसे पहले शासकीय पूर्व माध्य शाला बिरकोना , शासकीय प्राथ जूनवानी स्कूल में संचालित ग्रीष्म कालीन समर कैंप का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान बच्चों द्वारा पेपर कटिंग कर अनेक प्रकार के सजावटी फूल और मिट्टी से शिवलिंग बनाया गया जिसे सहायक संचालक द्वारा सराहा गया। इसके बाद पूर्व माध्य शाला कैलाशनगर का निरीक्षण किया गया यहां समर कैंप से बच्चों के द्वारा मेहंदी चित्रकला के अलावा ड्राइंग पेपर से छाता बनाया गया था जिसे देखकर सहायक संचालक द्वारा खुशी जाहिर की। अंतिम निरीक्षण पी एम श्री स्कूल शंकर नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान 42 बच्चों उपस्थित थे। सभी बच्चों को शिक्षको द्वारा बच्चों को बहुत से विधा पर रचनात्मक कला जैसे चित्रकला, मेहंद, मूर्तिकला, संगीत, वादन, गायन, लेखन, सिखाया जा रहा है। बच्चे अपने कला का अच्छे से प्रदर्शन किए।

उपमुख्यमंत्री के प्रयास से मोटर चलित स्कूटी पाकर खुश हुआ नागेश

कवर्धा/नवप्रदेश। जब इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है। आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं भी दिव्यांगजनों की सपनों की उड़ान में मददगार साबित हो रही है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के दिव्यांग नागेश कुम्भकार को पेट्रोल चलित ट्रायसायकल देकर उनकी जिन्दगी में फिर से खुशियां लौटा दी है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दिव्यांगजनों से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल भेंट करते हुए कहा कि उनकी सहायता करने से मुझे सुखद अनुभूति मिल रही है। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल से दिव्यांगजनों की राह अब सामान्य व्यक्ति की तरह आसान हो जाएगी। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल पाकर नागेश ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को नई उड़ान मिली है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना करते हुए इस उपहार के लिए उन्होंने आभार जताया है।

जुए के साथ-साथ किसी भी वस्तु या मादक पदार्थ की लत मानसिक रोग : डॉ. राकेश

कवर्धा/नवप्रदेश। शोध यह बताते है कि कोई भी व्यवहार या मादक पदार्थ पहली बार इस्तेमाल करने पर मानसिक खुशी देता है क्योंकि पहली बार इस्तेमाल करने पर यह हमारे शरीर में डोपामिन का स्त्राव बढ़ाता है जो हमें अच्छा महसूस कराता है, खुशी देता है और जब कभी हम दुबारा तनाव महसूस करते हैं पुनः उसी व्यवहार या पदार्थ को उपयोग करने को प्रेरित करता है और इसी तरह यह एक प्रक्रिया बन जाती है और व्यक्ति लत (एडिक्शन) की गिरफ्त में फंस जाता है।

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले एक लाचार बुजुर्ग माता-माता पिता द्वारा जुआ-सट्टा की लत में डूबे अपने पुत्र की हत्या की घटना समाने आई। ख़बर एक हृदय विदारक घटना है, ऐसी ख़बर पढ़कर मन का विचलित हो जाना स्वाभाविक है। इस तरह की घटनाओं की तादात लगातर बढ़ती जा रही है। बढ़ती घटनाओं पर मनोवैज्ञानिक एवं समाज शास्त्री द्वारा लगातार चिंतक औऱ शोध किया जा रहा है। अब समाज को भी इस तरह की बढ़ती घटनाओं पर विचार और चिंतन की जरूरत है। इस तरह की घटनाओं पर ज़िला चिकित्सालय कबीरधाम में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार से खुल कर चर्चा हुई। उन्होंने घटना के कारकों और कारणों की बारीकी पर कई खुलासे भी किए। उन्होंने कारकों और कारणों को शोध के बाद आए परिणामों को बताया। डॉ राकेश कुमार कबीरधाम जिले के जिला चिकित्सालय में पदस्थ है। वे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में काम कर रहे है। डॉ राकेश कुमार का कहना है कि जुए की लत या किसी भी वस्तु या मादक पदार्थ की लत एक मानसिक रोग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने का प्रयास किया जा सकता है। वर्तमान में मानसिक रोगों पर हुए शोध ये बताते हैं कि लत एक मानसिक रोग है। लत की अवस्था तक पहुंचना एक निरंतर प्रक्रिया का परिणाम होता है। किसी भी वस्तु, व्यवहार या मादक पदार्थ की लत आरंभ में एक सामान्य प्रयोगात्मक व्यवहार जो थोड़ी बहुत खुशी या दोस्तों के साथ मनोरंजन के तौर पर शुरू होता है,लेकिन कालान्तर में यह एक विकराल समस्या बन जाती है और अंततः इसी तरह का परिणाम सामने आता है। मानसिक रोगों का अध्ययन ये बताते हैं कि कोई भी व्यवहार या मादक पदार्थ पहली बार इस्तेमाल करने पर मानसिक खुशी देता है क्योंकि पहली बार इस्तेमाल करने पर यह हमारे शरीर में डोपामिन का स्त्राव बढ़ाता है जो हमें अच्छा महसूस कराता है, खुशी देता है और जब कभी हम दुबारा तनाव महसूस करते हैं पुनः उसी व्यवहार या पदार्थ को उपयोग करने को प्रेरित करता है और इसी तरह यह एक प्रक्रिया बन जाती है और व्यक्ति लत (एडिक्शन) की गिरफ्त में फंस जाता है। किसी भी पदार्थ, व्यवहार या मादक पदार्थों के लत के विषय में डॉक्टर राकेश कुमार बताते हैं कि इस तरह के लत में फंसे व्यक्ति को पूर्व से ही कुछ मानसिक समस्याएं हो सकती है या उनके जीवन में तनाव के अन्य कारण भी हो सकते हैं जिनकी पहचान कर निदान किया जा सकता है और व्यक्ति को लत में पड़ने से रोका जा सकता है। विषय विशेषज्ञों के अनुसार लत में पड़ने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब इस तरह का व्यवहार करने वाले की उम्र 22 वर्ष से कम हो। कम उम्र में व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास हो रहा होता है और इस तरह का असामान्य व्यवहार मस्तिष्क में तथा व्यवहार में बदलाव लाता है। यह तब और भी गंभीर हो जाता है जब इस व्यवहार को रोकने या बदलने का प्रयास समय रहते न किया जाए। इस समस्या को समय रहते पहचान कर उसमें कार्य करने से व्यवहार में बदलाव किया जा सकता है।

दो दिन में सोना 2 हजार सस्ता चांदी में भी 3769 की गिरावट

नई दिल्ली। सोने और चांदी की कीमतों में दो दिन से लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 798 रुपए सस्ता होकर 72,028 रुपए पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना अपने एक हफ्ते के निचले स्तर पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी 293 रुपए सस्ती होकर 89,762 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे एक दिन पहले गुरुवार को सोने की कीमत में 1289 रुपए और चांदी कीमत में 3,476 रुपए की गिरावट देखी गई थी। इस दिन सोना 72,791 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 89,410 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गया था। कुल मिलाकर सोना दो दिन में 2087 रुपए और चांदी 3769 रुपए सस्ता हुआ। इस साल अब तक सोने के दाम 8,676 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 72,028 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 89,762 रुपए पर पहुंच गए हैं।

साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16त्र) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा।

कीमत क्रॉस चेक करें

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्?योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है।

मिड-कैप फंड ने 1 साल में दिया 82 प्रतिशत का रिटर्न

नई दिल्ली। इन दिनों म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो मिड कैप फंड अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इस फंड कैटेगिरी ने बीते 1 साल में 82 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। अगर आप रिस्क ले सकते हैं तो मिड कैप फंड में निवेश करना आपको अच्छा फायदा दिला सकता है। मिड कैप म्यूचुअल फंड उस फंड को कहते हैं जिसमें मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जाता है। मिड-कैप कंपनियां वे हैं जिनका मार्केट कैप 5,000 करोड़ रुपए से अधिक, लेकिन 20,000 करोड़ रुपए से कम है। मार्केट कैप के लिहाज से 101वीं से 200वीं रैंकिंग वाली कंपनियों को भी मिड-कैप कंपनियां कहा जाता है। मिड-कैप फंड में लार्ज-कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा जोखिम रखता है। इसीलिए, वो लोग जो अपने निवेश में ज्यादा जोखिम उठा सकते हैं, उन्हें ही इस फंड में निवेश करना चाहिए। इसके अलावा इसमें लंबे समय के लिए निवेश सही रहता है। ऐसे में अगर आप लंबी अवधि यानी 5 साल से ज्यादा समय के लिए निवेश करना चाहते हैं तो इसमें

निवेश कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसमें पोर्टफोलियो का 20 से 30त्र निवेश करना सही रहेगा। यानी अगर आपके पास निवेश करने के लिए कुल 100 रुपए हैं तो आप 20 से 30 रुपए तक इसमें निवेश कर सकते हैं। इसमें लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना फायदेमंद रहेगा। म्यूचुअल फंड में एक साथ पैसा लगाने के बजाय सिस्टमेंटिक इनवेस्टमेंट प्लान यानी SIP के जरिए निवेश करना चाहिए। SIP के जरिए आप हर महीने एक निश्चित अमाउंट इसमें लगाते हैं। इससे रिस्क और कम हो जाता है, क्योंकि इससे इस पर बाजार के उतार चढ़ाव का ज्यादा असर नहीं पड़ता।

पेटीएम ने जनरल इंश्योरेंस लाइसेंस की एप्लीकेशन ली वापस

वन97 कम्युनिकेशंस के 950 करोड़ बचेंगे, डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल पर काम करेगी कंपनी

नई दिल्ली। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहयोगी कंपनी पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (PGIL) ने इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (IRDAI) से अपने जनरल इंश्योरेंस लाइसेंस के एप्लीकेशन को वापस ले लिया है। कंपनी ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

कंपनी ने कहा कि लाइसेंस का एप्लीकेशन वापस लेने से मूल कंपनी को 950 करोड़ बचाने में मदद मिलेगी, जिसे PGIL में निवेश के लिए रखा गया था। PGIL ने कहा कि कंपनी जनरल इंश्योरेंस के लिए केवल डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल पर काम करती रहेगी। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बयान जारी कर कहा कि PGIL पेटीएम कस्टमर्स, छोटे मरचेंट्स, छोटे व मध्यम बिजनेस को इंश्योरेंस डिस्ट्रीब्यूट करने पर ध्यान फोकस करेगी। कंपनी ने कहा कि इसका उद्देश्य हेल्थ, लाइफ, मोटर, शॉप और गैजेट्स सहित अन्य छोटे साइज वाले इंश्योरेंस की पेशकश करना है। कंपनी ने कहा कि इंश्योरेंस सेगमेंट को बढ़ावा देने के लिए डिजिट, एको, ICICI लोम्बार्ड, न्यू इंडिया, बजाज एलायंस, टाटा AIG, आदित्य बिड़ला हेल्थ और यूनिवर्सल सोम्पो के साथ पार्टनरशिप को मजबूत किया है। मई 2022 में वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने PGIL में कंपनी की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने और उसके बाद जनरल इंश्योरेंस लाइसेंस के लिए आवेदन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बाकी की हिस्सेदारी कंपनी के फाउंडर विजय शेखर शर्मा की ओनरशिप वाली VSS होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 550 करोड़ रुपए का लॉस हुआ है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 की समान तिमाही में घाटा 167.5 करोड़ रुपए था। यानी, कंपनी का घाटा 228त्र बढ़ गया है। कंपनी के रेवेन्यू यानी आय में भी गिरावट आई है। जनवरी-मार्च तिमाही में पेटीएम का ऑपरेशन से रेवेन्यू 2,267 करोड़ रुपए रहा।

वोडाफोन आइडिया के शेयरों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल

नई दिल्ली। वोडाफोन आइडिया के शेयर की कीमत में शुक्रवार को 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। क्योंकि एक बड़ी विदेशी ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस ने इस कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है, पहले ये सलाह तटस्थ थी।साथ ही, यूबीएस ने वोडाफोन आइडिया के लक्ष्य मूल्य को भी बढ़ाकर 18 कर दिया है, जो पहले 13.10 था। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर वोडाफोन आइडिया का शेयर 14.23 के निचले स्तर से खुला और इंट्राडे में 14.75 के उच्च स्तर तक पहुंचा।रिपोर्ट के मुताबिक, एंजेल वन के टेक्निकल एनालिस्ट राजेश भोसले का कहना है कि कि शेयर की कीमत में तेजी से बढ़त देखी गई है और शुरुआती कारोबार में और खरीदारी हो रही है।अगर यह तेजी बनी रहती है, तो आने वाले कुछ समय में शेयर की कीमत में और भी बढ़ोतरी हो सकती है, जो कि संभवतः 15.8 के आसपास पहुंच सकती है। वहीं अगर गिरावट आती है तो फिर शेयर की कीमत 14.10 के आसपास जा सकती है और फिर नीचे भी गिर सकती है।यूबीएस का कहना है कि वोडाफोन आइडिया के शेयरों में जल्द ही 70 से 80 फीसदी तक की तेजी आ सकती है। उनके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू राशि को कम करने या फिर सरकार की तरफ से राहत पैकेज मिलने से कंपनी को काफी फायदा हो सकता है। दरअसल, सरकार ने ये बता चुकी है कि वो टेलीकॉम मार्केट में तीन मजबूत प्राइवेट कंपनियां बनाए रखना चाहती है, इसीलिए वो वोडाफोन आइडिया की मदद कर सकती है।

जून में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। जून 2024 महीने में बैंकों में 10 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 3 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे।

महीने की शुरुआत छुट्टी के साथ होगी। 17 जून को बकरीद/ईद-उल-अजहा के मौके पर देशभर में बैंक बंद रहेंगे। वहीं 18 जून को भी जम्मू और श्रीनगर में बैंकों में कामकाज नहीं होगा। यहां हम आपको जून 2024 महीने की बैंक छुट्टियों के बारे में बता रहे हैं, ताकि आप अपने हिसाब से बैंक के काम निपटा सकें।आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और ञ्रूके जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा। जून 2024 में शेयर बाजार में 11 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 10 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा 17 मई को बकरीद पर भी शेयर बाजार बंद रहेगा।

खेल, मनोरंजन

कोहली वार्म-अप मैच नहीं खेलेंगे

कोहली टीम के पहले बैच के साथ अमेरिका नहीं गए

1 जून को खेला जाएगा मुकाबला

दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेले जाने वाले वार्म-अप मैच में नहीं खेलेंगे। कोहली ने IPL के बाद खेल से छोटा ब्रेक ले लिया है। इस वजह से 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के वार्म-अप मैच में नहीं खेल पाएंगे। टीम के उपकप्तान हार्दिक पंड्या और संजू सैमसन भी देर से टीम से जुड़ेंगे।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का पहला बैच 25 मई को रवाना हो गया। पहले बैच के साथ स्टार बैटर विराट कोहली नहीं गए हैं। BCCI के अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, कोहली ने हमें पहले ही सूचित कर दिया था कि वह देर से टीम में शामिल होंगे और यही कारण है कि क्ष्टष्ठ ने उनके वीजा अपॉइनमेंट को देरी से रखा है। उनके 30 मई की सुबह न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। BCCI उनके रिक्वेस्ट पर सहमत हो गया है।

वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के पहले बैच के रवाना होने का फोटो BCCI ने पोस्ट किया है। इसमें टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी और टीम स्टाफ शामिल थे। दूसरा बैच IPL 2024 के फाइनल मैच के बाद सोमवार को रवाना होगा। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया 25 मई को अमेरिका के लिए रवाना हुई। कोहली ने IPL 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। वो इस सीजन में ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाए, उनकी औसत 61.75 और स्ट्राइक रेट 153 से भी ज्यादा रहा।

भारत का पहला मैच आयरलैंड के साथ

इस बार का टी-20 वर्ल्ड कप 2 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। ओपनिंग मैच अमेरिका और कनाडा के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम का पहला मैच 5 जून को आयरलैंड से न्यूयॉर्क में होगा।

वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। **रिजर्व** - शुभमन गिल, खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान।

बांग्लादेश 10 विकेट से जीता मुस्तफिजुर ने लिए 6 विकेट

दिल्ली। बांग्लादेश ने USA को आखिरी टी-20 मैच में 10 विकेट से हराया। वर्ल्ड कप से पहले रू दौरे पर गई बांग्लादेश को तीन टी-20 मैचों की शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा।ह्यूस्टन के प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।USA ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 108 रन बनाए। वहीं 109 रन का टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ने बिना विकेट खोए 11.4 ओवर में इसे हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने 6 विकेट लिए। USA ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। USA की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर शायान जहांगीर और एंड्रीज गौस ने पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की।एंड्रीज शाकिब अल हसन की गेंद पर सौम्या सरकार को कैच देकर पवेलियन लौट गए। एंड्रीज ने 15 गेंदों का सामना कर 27 रन बनाए। वे USA के टॉप स्कोरर रहे। उनके आउट होने के बाद शायान भी चलते बने। उसके बाद 56 रन पर तीसरा और 60 रन के स्कोर पर चौथा और पांचवा विकेट गिरा। बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने यहां रिकॉर्ड तोड़ गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पैल में महज 10 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इस दौरान उनका इकनोमी रेट 2.40 रहा। वह टी-20 में ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले गेंदबाज रहे। मुस्तफिजुर इससे पहले 2015 में वनडे में भारत के खिलाफ 43 रन देकर 6 विकेट ले चुके हैं। मुस्तफिजुर ने सबसे पहले गौस को आउट करके उनकी और शायान की मजबूत होती दिख रही साझेदारी को खत्म किया।

रायपुर ने 10 विकेट से जीता मैच

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच दिनांक 23-26 मई 2024 को रायपुर तथा राजनांदगांव के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में82 ओवरों में 10 विकेट खोकर 205 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से युक्तिग्य वर्मा ने 50 रनतथा रुद्रांष तिवारी ने 45 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर की ओर से फैज खान ने 4 विकेट तथा कृष्णाटांक ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 114.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 372 रन बनाये। रायपुर की ओर से कृष्णाटांक ने 100 रन तथा दक्ष कुमार ने 55 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से देवकरन साहु ने 3 विकेट, पियुश नेताम तथा युक्तिग्य वर्मा ने 2-2 प्राप्त किये।

राजनांदगांव ने अपनी दुसरी पारी में 60 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से बी. बालाजीराव ने 76 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर की ओर से कृश्णाटांक ने 4 विकेटतथाफैज खान ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करते हुये रायपुर ने पहले ही ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया।

नैंसी त्यागी किंग खान के लिए बनाना चाहती हैं खास ड्रेस

कान फिल्म फेस्टिवल में फैशन का जलवा बिखेरने के बाद नैंसी त्यागी अब बॉलीवुड के किंग खान के लिए ड्रेस डिजाइन करना चाहती हैं। बॉलीवुड सितारों के लगातार आ रहे है मैसेज। कान फिल्म फेस्टिवल में जितनी वाहवाही ऐश्वर्या राय बच्चन या फिर कियारा आडवाणी नहीं बटोर पाईं। उससे कहीं ज्यादा सराहना फैशन इंफ्लुएंस नैंसी त्यागी की हो रही है।

उत्तर प्रदेश से कान फिल्म फेस्टिवल तक का सफर तय करने वाली नैंसी ने अपने आउटफिट्स से बड़े-बड़े फैशन डिजाइनर्स को मात दे दी है। कान फिल्म महोत्सव में हर नजर अपनी तरफ खींचने वाली नैंसी ने छोटे शहर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक का सफर तय किया है। सोनम कपूर से लेकर भूमि पेडनेकर, रिया कपूर, सोनम कपूर और अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें अपना समर्थन दिया है। नैंसी ने अपनी एक ख्वाहिश की हैं कि वह किंग खान के लिए एक ड्रेस डिजाइन करनी चाहती हैं। प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी सफल शुरुआत के बाद, नैंसी त्यागी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने कान के सफर के बारे में बातचीत की और बताया कि कैसे उन्हें पूरे देश से अपार प्यार मिल रहा है। जब इंटरव्यू के दौरान नैंसी से पूछा गया कि क्या वह शाहरुख खान के लिए कुछ बनाना चाहेंगी, तो इस पर नैंसी ने जवाब देते हुए कहा, मैं शाहरुख खान के लिए कोट पेंट बनाऊंगी।जब नैंसी से पूछा कि क्या आप आदमियों के कपड़े बना लेती हैं, तो इस बात पर नैंस ने जवाब देते हुए कहा, नहीं, लेकिन मैं उनके लिए (शाहरुख खान) सीख लूंगी। साथ ही नैंसी ने इस बात का खुलासा भी किया कि उन्हें लगातार कई सितारों के संदेश मिल रहे हैं, जिनमें अर्जुन कपूर, सोनम कपूर और रिया कपूर जैसे स्टार्स शामिल हैं।

बुरा व्यवहार करने वालों को श्राप देती हैं फराह

शो पर बातचीत के दौरान जब कलाकारों से पूछा गया कि क्या वह बदला लेने में विश्वास करते हैं। इस पर बहुमुखी प्रतिभा के धनी अनिल ने अपनी राय साझा की। अनिल ने कहा कि उन्हें अच्छा काम कर के बदला लेना पसंद है। फराह खान बॉलीवुड की मशहूर फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। हाल ही में, फराह द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा बनीं, जहां पर उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ खूब मस्ती की और अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी ढेर सारे खुलासे किए। नौवें एपिसोड की शुरुआत शानदार अंदाज में हुई, जब दोनों मेहमान फराह और अनिल कपूर अपने डांस मूव्स के साथ स्टेज पर पहुंचे, और फिर शो के मजाकिया होस्ट कपिल शर्मा के साथ हंसी-मजाक में उतर गए। शो पर बातचीत के दौरान जब कलाकारों से पूछा गया कि क्या वह बदला लेने में विश्वास करते हैं। इस पर बहुमुखी प्रतिभा के धनी अनिल ने अपनी राय साझा की। अनिल ने कहा कि उन्हें अच्छा काम कर के बदला लेना पसंद है। हालांकि, फराह ने कहा कि वह बदला लेने में विश्वास नहीं करती हैं और नेगेटिव लोगों के प्रति अच्छी भावनाएं भी नहीं रखती हूं। मैं तो चाहती हूं कि मेरा नुकसान करने के बाद उनका जितना भी नुकसान हो, उतना कम है।

न्यूज गैलरी

जंगल से भटककर गांव पहुंचे सूअर ने ग्रामीण को किया घायल

कोरबा/नवप्रदेश। जंगल से भटककर हरदीबाजार कालेज के पीछे नर्सरी पहुंचे जंगली सूअर ने शनिवार को मलगांव नवासी एक गामीण को घायल कर दिया। गांव में सूअर के आने से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है। हरदीबाजार से लगे ग्राम अमगांव निवासी दिलराज सिंह तंवर उम्र 58 वर्ष हरदीबाजार शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह वे सुबह लगभग 6ण्30 बजे गाय के लिए बाड़ी में पैरा निकाल रहे थे। इसी दौरान एक जंगली सुअर कालेज के पीछे लगे नर्सरी की तरफसे तेज गति से दौड़ते हुए आयाए दिलराज सिंह कुछ कर पाता सुअर ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। दिलराज सिंह अपनी जान बचाने के लिए उस जंगली सुअर से भिड़ गयाए जंगली सुअर ने अपने मुंह से दिलराज सिंह के दोनो हाथों की उंगलियों को बुरी तरह काट लिया, इस दौरान अन्य लोग भी आ गए। इस दौरान सुअर हमला कर कालेज पीछे नर्सरी की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती किया जहां उपचार जारी है। बताना होगा कि रेकीए अंडीकछार, नेवसा जंगल जो हरदीबाजार से लगे हुऐ हैं इनका क्षेत्र कटरा, अद्राली, चोढ़ा, खोंदरा जंगल से जुड़ा हुआ है। वहीं जंगली सुअर, बंदर, हिरन बीच-बीच में आबादी क्षेत्र में भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए पहुंच जाते हैं। संतोष रात्रे डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र दीपका ने बताया कि जंगली सूअर से हमले से घायल ग्रामीण के उपचार के लिए तत्काल शासन की ओर से 500 रूपये दिया गया है।

बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल बालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

कोरबा/नवप्रदेश। बालको निवासी अरूण राठौर के 18 वर्षीय पुत्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि निश्चय राठौर शुक्रवार को बाइक से बालको के सेक्टर वन क्षेत्र में गया था। जहां बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और निश्चय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बालको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को निश्चय की मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार सेक्टर पांच स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में स्वजनए परिचित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कोरबा/नवप्रदेश। पति के शराब पीने से त्रस्त पत्नी दो वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। मासूम बच्चों के साथ रहे शराबी पति ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। घटना मानिकपुर पुलिस चैकी अंतर्गत दादरबस्ती के प्रेमनगर की है। यहां निवासरत कृष्ण कुमार यादव 36 वर्ष गत रात शराब के नशे में घर पहुंचा थाए इसके बाद बिना खाना खाए वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब काफी समय बीतने के बाद भी घर से बाहर नहीं निकलाए तो घर वालों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे स्वजनों ने कृष्ण कुमार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। सूचना मिलने पर मानिकपुर चैकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जांच अधिकारी अखिलेश यादव ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही बयान लेने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया जा रहा है कि कृष्ण कुमार शराब का आदी था और अक्सर नशे में धुत रहता था। इसके परेशान होकर पत्नी मायके में जाकर रहने लगी थी। पांच साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे भी थेए जो अपने पिता कृष्ण कुमार के साथ रहते थे।

बेटे को बचाने मां का लीवर ट्रांसप्लांट होने से पहले मासूम ने तोड़ा दम

कोरबा/नवप्रदेश। लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे बेटे को बचाने में एक मां ने कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटे को बचाने एक मां ने अपनी लीवर देने को तैयार हो गईए पर लीवर ट्रांसप्लांट के पहले ही बेटे ने दम तोड़ दिया। मां का धर्म निभाते हुए बेटे के प्रति एक मां की यह समर्पण समाज के लिए आदर्श है। बेबसए लाचार और दुखी मां ने अपने लीवर फेल्योर मासूम बच्चे की जिंदगी बचाने अपना लीवर डोनेट करने का फैसला लिया और आपरेशन की तैयारी भी हो चुकी थीए लेकिन नियति को शायद कुछ और मंजूर था। मासूम प्रियांशु ने जिदगी और मौत से संघर्ष करते हुए अंततः इस दुनिया को अलविदा कह दिया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाली में कक्षा पांचवी के छात्र प्रियाशु 10 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12, नगर पंचायत पाली, लीवर में गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसे एम्स रायपुर में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था, जहां से गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर कियाए लेकिन स्थिति नाजुक होने के कारण एम्स दिल्ली के स्पेशलिस्ट डाक्टर एम्स रायपुर आकर बालक की मां गायत्री द्वारा डोनेट होने वाले लीवर का ट्रांसप्लांट करने वाले थे। बालक के इलाज के लिए शासन स्तर पर और अन्य माध्यम से आर्थिक मदद मिल रहा था। इंटरनेट मीडिया में मदद की अपील के बाद मानवता के लिए समर्पित जनों की ओर से मुक्त हस्त आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें 85,101 रुपये की राशि विगत दिनों स्वजनों को घर जाकर सौंपा गया। तब स्वजनों ने बताया कि लीवर फेलवर की स्थिति में है। लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मां का लीवर मैच हो गया है, जो लीवर डोनेट करेगी। अगले कुछ दिन बीमार बालक के लिए क्रिटिकल रहेंगे, स्वजनों ने सहयोग के लिए आभार जताते हुए बच्चे की जिंदगी के लिए ईश्वर से प्रार्थना. दुआ करने कहा। लोगों ने दुआएं भी की, लेकिन बालक की जान नहीं बच पाई। अंतिम संस्कार कवर्धा जिले धवईपानी किया गया।

छत्तीसगढ़ में आज से पड़ेंगे गर्म थपेड़े

सोमवार से 2-3 डिग्री बढ़ सकता है टेंपरेचर रायपुर समेत कई जिलों में बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 27 मई से लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, नौतपा के पहले दिन तापमान लगभग सामान्य ही रहा। हालांकि हवा में नमी बने रहने के कारण दिनभर उमस महसूस हुई। मौसम विभाग के मुताबिक नौतपा के दूसरे दिन यानी आज भी अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव के आसार नहीं है। रायपुर समेत कई जिलों में बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में सोमवार से तापमान में दो-तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 42.5 राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, जगदलपुर में रात का तापमान 22.9 डिग्री रहा।

27 मई से तेल लू चलने का अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए 12 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 से 29 में मई तक रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, जांजगीर, मुंगेली, बलौदा बाजार, महासमुंद, कबीरधाम और बेमेतरा ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं 28 मई से 30 मई तक रायपुर बिलासपुर दुर्ग संभाग के सभी जिलों में ग्रीष्म लहर जैसे हालात रहेंगे।

नौतपा के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी से इस साल राहत

बारिश और बादल छाए रहने की वजह से प्रदेश में इस साल नौतपा के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी से राहत है। प्रदेश के प्रमुख शहरों में दिन का तापमान अभी सामान्य से नीचे है। इसकी वजह समुद्र से लगातार आ रही नमी के कारण हो रही बारिश और आसमान में छाए बादल हैं।

राजधानी में 42 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी में आज आसमान में हल्के बादल रहेंगे। इसके बावजूद तेज गर्मी महसूस होगी और उमस परेशान करेगी। दिन का तापमान 42 डिग्री के आसपास जा सकता है। शनिवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था। रात का पारा 29.3 डिग्री रहा, जिससे उमस बढ़ी।

ऐसा रहा पिछले 24 घंटे का मौसम

पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई। बस्तर के तोकापाल में सबसे ज्यादा 40 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दरभा, लोहंडीगुड़ा और जगदलपुर में 30-30, दुलदुला, नगरी, मनोरा, कुनकुरी, तपकरा में 20, कवर्धा, सूरजपुर, बकावंड में 10 मिमी पानी गिरा। इसके अलावा कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। ज्यादातर जगहों पर बादल छाए रहे। उत्तरी छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर में शनिवार को दिन में भी हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गई।

सरगुजा में दोपहर धूप, शाम को बारिश

सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में नौतपा के पहले दिन दोपहर तक कड़ाके की धूप रही। इसके बाद शनिवार शाम को करीब आधे घंटे बारिश हुई। रेमल चक्रवात के असर से आज भी छिटपुट बादल छाए हुए हैं।

सोमवार के बाद लू चलने के भी आसार

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (27 मई) के बाद लू चलने के आसार हैं। प्रदेश में इस समय समुद्र की तरफ से नमीयुक्त हवा आ रही है। वहीं कुछ हिस्सों में पश्चिमी हवा आ रही है। इस वजह से वातावरण में नमी के साथ-साथ गर्मी के कारण उमस की स्थिति बनी हुई है।

शनिवार को उमस ने खासा बेचैन किया। रायपुर में सुबह हवा में नमी 58 फीसदी के आसपास थी। यह शाम तक 38 फीसदी रही। दिन में 30 फीसदी बादल रहे। इस बीच रायपुर शहर में कहीं भी बारिश नहीं हुई, लेकिन माना एयरपोर्ट में हल्की बूंदाबांदी रिकॉर्ड की गई।

सोमवार-मंगलवार से प्रदेश में मौसम साफ होने लगेगा। इस दौरान एक-दो स्थानों पर लू चलने की स्थिति भी बनेगी। इससे रायपुर में भी गर्मी बढ़ने की संभावना है।

प्रदेश के इन जिलों में आज बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक आज सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर ,रायगढ़, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर में अंधड़ के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

भीषण गर्मी के बीच राजधानी के कई इलाकों में बिजली गुल

राजधानी रायपुर में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसकी वजह से लोगों का हाल बेहाल हो चुका है। सुबह से ही तेज धूप से लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं दूसरी और अब राजधानी के कई इलाके में बिजली की समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रायपुर के चंगोराभाठा में पिछले 5 घंटे से बिजली व्यवस्था ठप है। जिससे लोगों का हाल बेहाल हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला चंगोराभाठा के करण नगर कॉलोनी का है। जहां पिछले 6 दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच यहां लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यहां ट्रांसफार्मर की खराबी होने की वजह से बिजली की समस्या बनी हुई है। पिछले तीन दिनों से अभी तक बिजली की समस्या से लोग परेशान हो गए है। वहीं दूसरी ओर जब लोग अपनी समस्या लेकर एरिया इंचार्ज अधिकारी के पास पहुंचे तो वो इस समस्या का जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

नौतपा के पहले ही बिलासपुर में बिजली ने किया हलकान

बिलासपुर में नौतपा के पहले ही दिन तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली और पारा एक डिग्री चढ़ गया। भीषण गर्मी को देखते हुए हफ्ते भर पहले ही बिजली विभाग ने शहर के अलग-अलग इलाकों में तीन-तीन घंटे बिजली कटौती थी। इसके बावजूद शनिवार दोपहर और फिर रात में तीन घंटे तक बिजली गुल रही। इस दौरान लोग विभाग के अफसरों को फोन लगाते रहे, लेकिन, फोन रिसीव नहीं हुआ। शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, लेकिन गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। देर शाम तक हवा में गर्मी बनी रही।इधर, मौसम विभाग ने आने वाले एक-दो दिनों में गर्मी बढ़ने का संभावना जताई है। 27-28 मई को लू चलने की संभावना है।

आवेदन के आठ महीने बाद भी परीक्षा की तारीख निर्धारित नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले साल छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने छात्रावास अधीक्षक, अपेक्स बैंक, मत्स्य निरीक्षक, उच्च शिक्षा विभाग में परिचारक, सेवक सहित विभिन्न विभागों के लिए भर्ती परीक्षा के लिए आठ महीने पहले आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन अब परीक्षा की तारीख तय नहीं की गई है।

अपेक्स बैंक जूनियर मैनेजर और डिप्टी मैनेजर के पदों पर भर्ती कर रहा है। यह भर्ती परीक्षा पिछले साल अक्टूबर में होनी थी. आचार संहिता के कारण परीक्षा स्थगित कर दी गई थी, जो अब तक नहीं हुई है। विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए करीब 16 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. पहले विधानसभा चुनाव के कारण, फिर लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी रही और अब प्रवेश परीक्षाओं के कारण भर्ती परीक्षाएं आगे बढ़ गई हैं। दरअसल ये परीक्षाएं व्यापक तौर पर आयोजित होने वाली हैं. 9 जून से 21 जुलाई तक की तारीखें फुल हैं। इस दौरान व्यापमं द्वारा विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के अलावा पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है. भर्ती परीक्षाओं की तारीख को लेकर अभी भी स्थिति साफ नहीं है. जिससे अभ्यर्थी परेशान हैं।

सीजीपीएससी से नौ महीने में केवल एक पोस्ट

राज्य में भर्ती परीक्षा के लिए दो मुख्य संस्थान हैं, एक व्यापमं और दूसरा सीजीपीएससी। व्यापमं से कुछ भर्तियां निकलीं, परीक्षाएं हुईं और परिणाम भी घोषित हुए। लेकिन पिछले नौ महीनों में सीजीपीएससी की ओर से राज्य सेवा परीक्षा के 242 पदों में से सिर्फएक वैकेंसी निकली है. इसके लिए प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई है। मुख्य परीक्षा जून में होगी.

पीएटी, पीईटी, टीईटी प्रवेश और पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगीजून-जुलाई का महीना प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं में व्यतीत होगा। इसके लिए टाइम टेबल भी घोषित कर दिया गया है. पीएटी/पीवीपीटी, प्री-बीए.बी.एड/प्री-बीएससी.बी.एड प्रवेश परीक्षा 9 जून को, प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट, प्री-एमसीए और प्री-फर्मेसी टेस्ट 13 जून को, प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट 23 जून को जून, प्री. बीएड और प्री.डी.एल.एड परीक्षा 30 जून को और बीएससी, पोस्ट बेसिक और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। व्यापमं ही 23 जून को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) और 21 जुलाई को राज्य पात्रता परीक्षा (एसईटी) आयोजित करेगा।

शालीमार एक्सप्रेस हादसा, कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो सुपरवाइजर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरकुरा रेलवे फाटक के पास शालीमार एक्सप्रेस में रविवार को सुबह हुए हादसे मामले में आरपीएफ ने मेसर्स सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी बिलासपुर के दो सुपरवाइजरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया।

दोनों से पूछताछ करने के लिए दो दिन का रिमांड मांगा गया। कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर लिया। इससे पहले एफआइआर में आरोपित बनाए गए ड्रिलिंग मशीन आपरेटर राज गौंड और कैलाश पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आरपीएफके सूत्रों ने बताया कि रेल हादसे की जांच के दौरान बिजली कंपनी के ठेकाकर्मी ड्रिलिंग मशीन आपरेटर राज गौंड ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर बालाघाट (मप्र) निवासी राजशेखर यादव और गुढ़ियारी निवासी अमर रैकवार के कहने पर बिना शेड्यूल के लोकेटर ड्रिलिंग मशीन पर पुशिंग का काम करना बताया था। जेल भेजे गए दोनों आपरेटरों के पास ठेका कंपनी का अधिकार पत्र भी नहीं था। लिहाजा दोनों सुपरवाइजरों को गिरफ्तार कर कोर्ट से दो दिन का रिमांड पर लिया गया है। इनसे पूछताछ में आगे जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

मामले में रेलवे के अधिकारियों को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। दरअसल यात्रियों की सुरक्षा का जिम्मा रेलवे के अधिकारियों के हाथों में है, लेकिन रेलवे ने अपनी लापरवाही का पूरा ठीकरा बिजली कंपनी पर फोड़ने की कोशिश की है। जब अधिकारियों ने नियम-कायदा बताया तो फंसने के डर से खमतराई थाने में केस दर्ज न कराकर आरपीएफ को ही पूरा मामला सौंप दिया गया।

कांट्रेक्टर पर सीधे कार्रवाई से बच रही आरपीएफ

आरपीएफने दर्ज किए गए रेलवे एक्ट की धारा 153,174 और 147 की एफआइआर में मेसर्स सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन बिलासपुर के कांट्रेक्टर सुदेश राजपूत समेत सुपरवाइजरों का नाम शामिल नहीं किया है। सुपरवाइजरों की गिरफ्तारी के बाद चर्चा है कि कांट्रेक्टर पर सीधे कार्रवाई करने से आरपीएफबच रही है। बिजली कंपनी के अधिकारियों का भी रेलवे के अधिकारियों पर दबाव है।

हालांकि उरकुरा रेलवे फाटक पर अंडरग्राउंड केबलिंग का काम लापरवाही पूर्वक ठेकाकर्मियों के भरोसे करा रहे कांट्रेक्टर सुदेश राजपूत को मुख्य अभियंता (परियोजना) ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उसकी कंपनी के पंजीयन को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। वहीं आगामी तीन वर्ष तक कंपनी को निविदा में भाग लेने पर प्रतिबंधित किया है। साथ ही कंपनी में जमा एफडीआर की राशि भी राजसात कर ली गई है।

यात्री सुरक्षा भगवान भरोसे

शालीमार एक्सप्रेस में रविवार को हुई दुर्घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम है। यही कारण है कि यात्री भगवान भरोसे ट्रेन में सफर कर रहे हैं। रेलवे की संपत्ति पर कोई होल कर रहा हो और रेलवे अधिकारियों का यह कहना कि उन्हें पता नहीं था?

गांजा बेचता एक आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है।

नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में थाना माना पुलिस की टीम द्वारा थाना माना क्षेत्रांतर्गत डूमरतराई के पास गांजा बिक्री हेतु ग्राहक तलाशते ई-रिक्शा वाहन चालक आरोपी समीर खान पिता सफ्दर खान उम्र 34 साल निवासी सिद्धार्थ चौक थाना कोतवाली जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो 40 ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा वाहन क्र सी जी/04/एन टी/1367 जुमला कीमती लगभग 1,20,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना माना में अपराध क्रमांक 256/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

पेपर फैक्टी में लगी भीषण आग करोड़ों का माल जलकर खाक

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिर हसौद स्थित अजवा पेपर एंड बर्ड मिल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. सूचना पर फायर ब्रिगेड के 4 वाहन मौके पर पहुंचे हैं और आग को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है. घटनास्थल पर एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस अफसर पहुंचे हैं.

मामले की जानकारी देते हुए कंपनी के ओनर राजेश मेघानी ने बताया कि मिल में पेपर जैसी चीज है, जो जलकर राख हो गई. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ केवल रॉ-मैटेरियल जला है. मशीन में लॉस नहीं हुआ है. एक शेड एक पूरा जल गया है. मैटेरियल जला है. वहां से वहां हटाना पड़ेगा. अंदर ही अंदर आग से लगी थोड़ी भी हवा चली तो ऊपर तक आगे जाएगी. इसीलिए हम लोग पूरा सामान निकाल कर बाहर फेंक रहे हैं. जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. लगभग 15 से 17 टन कागज जला है. सभी मिलकर करीब दो से सवा करोड़ का माल जलकर खाक हो चुका है.

SDM पुष्पेंद्र शर्मा ने बताए की लगभग 1.30 बजे के आसपास सूचना प्राप्त हुई है. फायर ब्रिगेड से जल्दी आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है. कागज की आग है इसलिए उसको फैलाकर बुझाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सक्षम प्राधिकारी जांच करेंगे की किस वजह से आग लगी है. प्रारंभिक रूप से कहना उचित नहीं है. आग बुझाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है. कोई जनहानि नहीं हुई, किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है.

साल और अन्य प्रजाति के पेड़ों की अवैध तस्करी करते ट्रैक्टर-ट्राली जप्त

पाली वन परिक्षेत्र का मामला

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा वन मंडल पाली परिक्षेत्र में ग्राम लाफा के पास छपराही मोहल्ला ट्रैक्टर मे भर कर ले जा साल को वन कर्मियों ने वाहन समेत जब्त किया है। भारतीय वन अधिनियम तहत वनोपज का अवैध परिवहन का मामला वाहन चालक पर दर्ज किया गया है।

पाली वन परिक्षेत्र के लाफा के आसपास पेड़ों के अवैध कटाई की सूचना वन विभाग को लगातार मिल रही थी। वन विभाग की ओर से दल गठित कर रात्रि गश्त शुरू किया गया। इस दौरान गुरूवार की रात गश्त के दौरान टीम छपराही मोहल्ला ग्राम लाफा पहुंची। यहां सड़क मार्ग से ट्रैक्टर वाहन में साल एवं अन्य प्रजाति के ताजा गीला लकड़ी को लोड कर परिवहन करते पाया गया। पूछताछ में वनोपज परिवहन के संबंध में मौके पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। वन कर्मियों ने उक्त अवैध वनोपज के परिवहन में उपयोग किया वाहन सहित लोड लकड़ी को जब्त किया गया।

दैनिक नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com